10 मीराबाई....




झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक


12 प्रकृति नौटियाल...



रांची, सोमवार, 20 जुलाई 2026 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 06 | अंक -34 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

## इस्कॉन से पहली बार शुरू हुई तीन दिवसीय जगन्नाथ यात्रा उत्सव, लोगों ने लगाये जय जगन्नाथ के जयकारे

झारखण्ड उजाला संवाददाता

**रांची।** इस्कॉन से पहली बार तीन दिवसीय रथ यात्रा उत्सव शुरू हुई. यह यात्रा लेक एवेन्यू कांके रोड से शुरू हुई. इससे पहले तीनों विग्रहों का मंगल आरती हुआ. इस मौके पर भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा का दर्शन पाने के लिए भक्तों का लंबी कतारें लगी रही. रथ यात्रा भारतीय परंपरा के अनुसार पुरुष धोती कुर्ता और महिलाएं साड़ी पहन कर यात्रा में शामिल हुई. तीन दिवसीय रथयात्रा उत्सव में जयंतनाथ नाथ शाहदेव और उनके पुत्र जीतेश नाथ शाहदेव ने स्वर्ण झाड़ू से



रास्ता साफ किया और आरती के पश्चात रथ की रस्सी खींच कर यात्रा का शुभारंभ किया. इस मौके पर भक्तों ने भगवान जगन्नाथ की प्रसन्नता के लिए सुन्दर भजन, नाटक और नृत्य किए. रथ यात्रा के दौरान भक्तों ने भगवान के रथ का स्वागत पुष्पवर्षा कर किया. भक्तों ने यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ को स्वादिष्ट भोग अर्पण किया, आरती संपन्न की और जगन्नाथ स्वामी का आशीर्वाद प्राप्त किया. रथ यात्रा उत्सव के दौरान भक्तों ने उत्साह से हरे कृष्णा कीर्तन करते हुए नाचते गाते हुए भगवान जगन्नाथ का रथ खींचा. इस दौरान भक्तों द्वारा स्वादिष्ट खिचड़ी और बुंदिया प्रसाद का वितरण किया गया.

### इस्कॉन का ऐतिहासिक रथयात्रा

इस अवसर पर इस्कॉन के महाप्रबंधक मधुसुदन मुकुंद दास ने कहा की इस्कॉन आगामी वर्ष इससे भी भव्य रथ यात्रा आयोजन करेगी. इस्कॉन के संस्थापक आचार्य श्रील प्रभुपाद जी ने 60 वर्ष पूर्व रथ यात्रा की शुरूआत सेनफ्रांसिस्को सिटी में की थी. आज विश्व में इस्कॉन के भक्तों द्वारा 150 से अधिक देशों में रथ यात्रा पूरे श्रद्धा भाव से निकाली जाती है. भारत में पुरी धाम के गजपति महाराज जी की सहमति से इस्कॉन इंडिया पूरे भारत वर्ष में आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया से लेकर बहुदा (वापसी) रथयात्रा तक रथ यात्रा का आयोजन करती आ रही है. आज भी इस परंपरा और उसी संकल्प के अनुसार रथयात्रा का आयोजन किया जा रहा है. इस्कॉन ईस्ट कैलाश दिल्ली, इस्कॉन औरंगाबाद, इस्कॉन गोरखापुर, इस्कॉन चेन्नई समेत अन्य इस्कॉन मंदिर रविवार के दिन रथ यात्रा का आयोजन पूरे भारत में कर रही है.

इस अवसर पर रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, कांके विधायक सुरेश बैठा, टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो, उपमहापौर नीरज कुमार, लेक एवेन्यू सोसाइटी के सचिव मुकेश काबरा, अध्यक्ष विकास सिंह और वसंत बिहार के सचिव राजेश अग्रवाल मौजूद रहे. इसके अर्जुन जालान, श्रवण जजोदिया, रवींद्र मोदी, अंचल किंगर, अनिल मोदी, रामावतार राजगढ़िया विनोद मोदी समेत अन्य शामिल हुए.

## आकांक्षा योजना का कमाल: नीट 2026 में झारखंड के सरकारी स्कूलों के 17 छात्रों ने पाई सफलता



झारखण्ड उजाला संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी राज्य स्तरीय आकांक्षा योजना ने एक बार फिर अपनी उपयोगिता साबित की है. स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा संचालित इस निशुल्क आवासीय कोचिंग कार्यक्रम के 17 विद्यार्थियों ने नीट-2026 परीक्षा में सफलता हासिल की है. इन छात्रों ने बेहतर परसेंटाइल के साथ मेडिकल प्रवेश परीक्षा में अपनी जगह बनाई है. जिससे सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले आर्थिक रूप से कमजोर, लेकिन मेधावी छात्रों के लिए नई उम्मीद जगी है.

### 2016-17 में शुरू की गई थी आकांक्षा योजना

आकांक्षा योजना की शुरूआत वर्ष 2016-17 में की गई थी. इस योजना के तहत जैक बोर्ड से उत्तीर्ण मेधावी छात्रों का चयन कर उन्हें मेडिकल, इंजीनियरिंग और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निशुल्क आवासीय सुविधा, भोजन, अध्ययन सामग्री और अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाता है. यही कारण है कि हर साल इस योजना के विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं.

### 17 विद्यार्थियों ने पाई सफलता

इस वर्ष सफल छात्रों में अंजलि महतो ने सबसे शानदार प्रदर्शन करते हुए 99.79 परसेंटाइल हासिल की और ऑल इंडिया रैंक 4029 प्राप्त की. वहीं हिमांशु राज ने 99.60 परसेंटाइल के साथ 7669 रैंक हासिल किया. इसके अलावा जीतू यादव, रोहन कुजूर, नितेश कुमार महतो, सेजल राज चंद्रा, काजल कुमारी, किरण कुमारी, खुशी कुमारी, खुशबू कुमारी, रीत कुमार ठाकुर, अमर मुर्मू, सूर्यकांत उरांव, सृष्टि कुमारी, विवेक कुमार मंडल, विनोद चिक बराइक और ममता कुमारी ने भी परीक्षा में सफलता प्राप्त की. सरकार का कहना है कि जहां निजी कोचिंग संस्थानों में मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी पर लाखों रुपये खर्च होते हैं, वहीं आकांक्षा योजना के तहत विद्यार्थियों को रहने, खाने और पढ़ाई की पूरी व्यवस्था निशुल्क उपलब्ध कराई जाती है. इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के प्रतिभाशाली छात्रों को भी आगे बढ़ने का समान अवसर मिल रहा है. माध्यमिक शिक्षा निदेशक राजेश प्रसाद ने कहा कि आकांक्षा योजना के विद्यार्थियों की यह सफलता पूरे राज्य के लिए गर्व की बात है. सभी सफल छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं. राजेश प्रसाद ने कहा यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी विद्यार्थियों के सपनों को साकार करने का सशक्त माध्यम बन रही है.

## जम्मू-कश्मीर : पुंछ और राजौरी में फ्लैश फ्लड ने मचाई तबाही, 16 लोगों की मौत

एजेंसी

**राजौरी/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ और राजौरी जिलों में बीती रात बादल फटने से अचानक आई बाढ़ के चलते पीर पंजाल इलाके के रिहायशी इलाके बह गए और पानी में डूब गए, जिससे कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई जबकि कई लोगों के लापता होने की खबर है. वहीं बांदीपोरा जिले की गुरेज घाटी में रविवार सुबह बादल फटने की घटना सामने आई. अधिकारियों ने ईटीवी भारत को बताया कि लापता लोगों के बारे में और जानकारी मिलने पर मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है. पिछले 24 घंटों में पुंछ में 77 एमएम और राजौरी में 103 एमएम बारिश हुई. मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला जो राज्य के लिए प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन के लिए दिल्ली में थे ने कहा कि भारी बारिश के बाद संभाग के कुछ हिस्सों में बिगड़ते हालात को देखते हुए वह राष्ट्रीय राजधानी में अपना प्रवास छोटा कर देंगे और दोपहर में जम्मू लौट आएंगे.

### उपराज्यपाल ने तुरंत राहत सुनिश्चित करने का निर्देश दिया

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बारिश और अचानक आई बाढ़ से प्रभावित जिलों की स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को प्रभावित परिवारों को तुरंत राहत और मदद सुनिश्चित करने का निर्देश दिया. सिन्हा ने कहा कि उन्होंने डिप्टी कमिश्नरों और सीनियर अधिकारियों को सभी प्रभावित परिवारों को तुरंत मदद देने का निर्देश दिया है और यह पक्का किया है कि इमरजेंसी टीमें किसी भी स्थिति के लिए पूरी तरह तैयार रहें. लेफ्टिनेंट गवर्नर ने भी लोगों से शांत रहने और ऑफिशियल अपडेट्स फॉलो करने की अपील की है. उन्होंने कहा, 'सभी डिपार्टमेंट हाई अलर्ट पर हैं, और वे तुरंत राहत और मरम्मत के काम को प्राथमिकता दे रहे हैं.' पुंछ में सुरनकोट तहसील के एक दूरदराज के गांव में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि जिले के हवेली इलाके में एक और व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि राजौरी जिले में एक और व्यक्ति की जान चली गई. अधिकारियों ने बताया कि उनकी पहचान की जा रही है. अधिकारियों ने बताया कि फंसे हुए लोगों तक पहुंचने, प्रभावित इलाकों को खाली कराने और भारी बारिश से प्रभावित लोगों को तुरंत मदद देने के लिए बचाव दल तैनात किए हैं।



### नगालैंड में भूस्खलन से भारी तबाही, 8 लोगों की मौत, 12 घायल, कई मलबे में दबे

कोहिमा (नगालैंड) : नगालैंड के मोन जिले में रविवार को कई जगहों पर बड़े पैमाने पर लैंडस्लाइड की घटनाओं में कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए. मोन जिले के डिप्टी कमिश्नर वेन्नयेई कोन्याक ने बताया कि अब तक 4 शव बरामद हुए हैं और चार अन्य अभी भी मलबे में दबे हुए हैं. वेन्नयेई कोन्याक ने कहा, ‘मोन जिले में कई जगहों पर लगातार भारी बारिश की वजह से हुए भूस्खलन की घटनाओं में आठ लोगों की मौत हो गई है. सबसे ज्यादा प्रभावित इलाके मोन शहर, तिजित हैं. भारी बारिश रात करीब 1 बजे शुरू हुई और हमें सुबह करीब 6-7 बजे लैंडस्लाइड की घटनाओं की जानकारी मिली. उन्होंने बताया कि भूस्खलन की घटनाओं के बाद एसडीआरएफ, पुलिस, असम राइफल्स, एनडीआरएफ की टीमें और स्थानीय लोग सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन में लगे हुए हैं. अब तक मलबे से 3 महिला और एक पुरुष समेत 4 शव बरामद किए हैं. 12 अन्य घायल हुए हैं. कई जगहों पर सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है.

### अमित शाह ने हर मुमकिन मदद का दिया भरोसा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारी बारिश से पैदा हुए हालात के बारे में जम्मू-कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से बात की और उन्हें केंद्र सरकार से हर मुमकिन मदद का भरोसा दिलाया. राजौरी और पुंछ जिले में अचानक आई बाढ़ में कारें, घर और इंफ्रास्ट्रक्चर बह जाने से 16 लोगों की मौत हो गई, जबकि पुंछ में भारी बारिश से कई घर खराब हो गए. अधिकारियों ने दोनों जिलों में बचाव और राहत अभियान शुरू कर दिया है और स्टेट डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स, पुलिस, सुरक्षा बलों और सिविल एडमिनिस्ट्रेशन की टीमों को दोनों बॉर्डर जिलों में तैनात किया गया है. मौसम विभाग ने भारी बारिश, अचानक बाढ़, लैंडस्लाइड, मडस्लाइड, पत्थर गिरने और कमजोर इलाकों में पानी भरने की चेतावनी दी थी, उसके बाद भी यह नुकसान हुआ.



### आज का विचार



गौतम प्रसाद साहू
सामाजिक कार्यकर्ता

**सफलता की राह में ठोकरें खाना जरूरी है, क्योंकि ठोकर ही हमें गिरने से बचाती है और आगे बढ़ने का हौसला देती।**

### सर्राफा

सोना (बिक्री) : **1,49,560**
चांदी (प्रति किलो) : **2,55,000**
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

### शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **78,151.45**
निफ्टी :- **24,334.30**

### मौसम

अधिकतम तापमान : **28°**
न्यूनतम तापमान : **23°**

### सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **05:14**
संध्या :- **18:36**

### आज का इतिहास

**आज ही के दिन 1969 को अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग और बज एल्ड्रिन चांद पर कदम रखने वाले दुनिया के पहले इंसान बने।**

### संक्षिप्त समाचार

#### जनगणना पदाधिकारियों के तबादले पर मार्च 2027 तक रोक

**रांची।** झारखंड में जनगणना 2027 के लिए नियुक्त जनगणना पदाधिकारियों के तबादले पर 31 मार्च 2027 तक के लिए रोक लगा दी गयी है. राज्य सरकार ने इससे संबंधित आदेश सभी प्रमंडलीय आयुक्तों और उपायुक्तों को भेज दिया है. सरकार की ओर से भेजे गये आदेश में कहा गया है कि केंद्रीय गृह सचिव ने 31 मार्च 2027 तक जनगणना पदाधिकारियों के तबादले नहीं करने का आदेश दिया है. राज्य में भारत की जनगणना 2027 के लिए जनगणना पदाधिकारियों को नियुक्त किया गया है. इनका तबादला 31 मार्च 2027 तक नहीं करना है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा जारी निर्देश के तहत राज्य की प्रशासनिक सीमाओं ( जिला, प्रखंड, पंचायत की सीमा) में भी 31 मार्च 2027 तक कोई बदलाव नहीं किया जायेगा. रोक का आदेश केंद्रीय गृह मंत्रालय और जनगणना निदेशालय के निर्देशों के तहत जनगणना अधिनियम, 1948 के अंतर्गत लागू किया गया है.

#### डॉ अंजना वर्मा इनर व्हील क्लब ऑफ संजीवनी रांची की अध्यक्ष, पूनम यादव उपाध्यक्ष चुनी गयीं

**रांची।** इनर व्हील क्लब ऑफ संजीवनी, रांची (डिस्ट्रिक्ट 325) का इंस्टॉलेशन समारोह एवीएन ग्रैंड होटल में आयोजित किया गया. इस दौरान वर्ष 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी ने शपथ लेकर पदभार संभाला. समारोह की मुख्य अतिथि पूनम प्रकाश थीं. वहीं डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी नीता नारायण, सीजीआर माला श्रीवास्तव और इनर व्हील क्लब ऑफ स्वर्णरेखा की सदस्याएं भी मौजूद रहीं.कार्यक्रम की शुरूआत दीप जलाकर और इनर व्हील प्रार्थना के साथ हुई. इसके बाद नई टीम ने पद और गोपनीयता की शपथ ली. नई कार्यकारिणी में डॉ अंजना वर्मा को अध्यक्ष, पूनम यादव को उपाध्यक्ष, तनुजा अधिकारी को सचिव, अमिता अग्रवाल को कोषाध्यक्ष, वर्तिका को आईएसओ और डॉ. शैल सिंह को एडिटर बनाया गया.










# पुलिस अधीक्षक, वन प्रमंडल पदाधिकारी सहित अधिकारियों के साथ उपायुक्त ने जिले के विभिन्न ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों का किया निरीक्षण

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में पर्यटन से संबंधित सर्किट विकसित करने एवं जिले के विभिन्न ऐतिहासिक, धार्मिक एवं प्राकृतिक पर्यटन स्थलों को एक-दूसरे से जोड़ते हुए पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर रविवार को उपायुक्त रामगढ़ ऋतुराज ने बड़ी पहल की। इस क्रम में उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत, वन प्रमंडल पदाधिकारी रामगढ़ नीतीश कुमार सहित संबंधित अधिकारियों के साथ जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों का स्थल निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने पर्यटन स्थलों के ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व, प्राकृतिक सौंदर्य, वर्तमान स्थिति, पर्यटकों के लिए उपलब्ध सुविधाओं तथा भविष्य में किए जाने वाले विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि रामगढ़ जिला प्राकृतिक सौंदर्य, धार्मिक आस्था, ऐतिहासिक धरोहर एवं सांस्कृतिक विरासत के दृष्टिकोण से अत्यंत समृद्ध है। जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों को एक समेकित पर्यटन सर्किट के रूप में विकसित करने से स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा जिले में आने वाले पर्यटकों को एक ही क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के पर्यटन स्थलों का भ्रमण करने का अवसर प्राप्त होगा।

**डेली पाइला धार्मिक स्थल में सुविधाओं के विकास को लेकर निर्देश**

निरीक्षण की शुरूआत दुलमी प्रखंड अंतर्गत डेली पाइला धार्मिक स्थल से की गई। उपायुक्त एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी ने स्थल का निरीक्षण कर वहां श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों के लिए आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली। उपायुक्त ने मंदिर तक पहुंचने वाली सीढ़ियों के निर्माण, मंदिर के तोरण द्वार के निर्माण, लोगों के बैठने की व्यवस्था, शौचालय एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**कला मंदिर में पार्किंग, प्रकाश एवं मूलभूत सुविधाएं सुदृढ़ करने का निर्देश**

इसके उपरांत उपायुक्त ने रामगढ़ शहर स्थित किला मंदिर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में पार्किंग व्यवस्था को सुदृढ़ करने, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा शौचालय सहित अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।

**प्राचीन शिव मंदिर कैथा के संरक्षण एवं जीर्णोद्धार पर जोर**

उपायुक्त ने प्राचीन शिव मंदिर कैथा का भी निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व की जानकारी ली तथा मंदिर के रेस्टोरेशन वर्क को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की सुविधा के लिए जन सुविधाओं के विकास पर भी विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया।

**वर्ल्ड वॉर-2 सिमेट्री का निरीक्षण**

रामगढ़ स्थित वर्ल्ड वॉर-2 सिमेट्री, जिसे चाइना कब्रिस्तान के नाम से भी जाना जाता है, का भी उपायुक्त द्वारा निरीक्षण किया गया। उन्होंने स्थल की ऐतिहासिक महत्ता एवं वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उपायुक्त ने कहा कि जिले के ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण एवं उनके महत्व को व्यापक स्तर पर प्रचारित करने की आवश्यकता है, ताकि देश-विदेश से आने वाले पर्यटक इन स्थलों के इतिहास से परिचित हो सकें।

**रामगढ़ किला (गढ़बांध किला) के पौराणिक इतिहास की जानकारी जुटाने का निर्देश**

इसके बाद उपायुक्त ने रामगढ़ अंतर्गत रामगढ़ किला (गढ़बांध किला) का निरीक्षण किया। उन्होंने जिला पर्यटन पदाधिकारी को किले के पौराणिक एवं ऐतिहासिक इतिहास की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि किसी भी पर्यटन स्थल को विकसित करने से पहले उसके इतिहास, महत्व एवं विशेषताओं का सही दस्तावेजीकरण आवश्यक है। इससे पर्यटकों को स्थल की वास्तविक ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से अवगत कराने में सहायता मिलेगी।

**गांधी घाट (मुक्तिधाम) में बंद परियोजनाओं को पुनः शुरू करने का निर्देश**

उपायुक्त ने गांधी घाट (मुक्तिधाम), रामगढ़ का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां चल रहे एवं पूर्व में किए गए विकास कार्यों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बंद पड़ी परियोजनाओं को पुनः शुरू करने का निर्देश दिया। साथ ही मुक्तिधाम संचालन समिति को आवश्यक विकास कार्यों एवं मूलभूत सुविधाओं से संबंधित मांगों का आवेदन जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि आवश्यकतानुसार आगे की कार्रवाई की जा सके।

**एनवायरमेंट अवेयरनेस सेंटर के विकास को लेकर निर्देश**

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने वन प्रमंडल पदाधिकारी कार्यालय के समीप स्थित एनवायरमेंट अवेयरनेस सेंटर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र के इतिहास एवं वर्तमान गतिविधियों की जानकारी ली तथा प्रस्तावित विकास कार्यों के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं जन-जागरूकता से जुड़े ऐसे केंद्रों को और अधिक प्रभावी बनाया जाना आवश्यक है, ताकि यहां आने वाले पर्यटकों एवं आम लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा सके।

**पर्यटन सर्किट से स्थानीय अर्थव्यवस्था को मिलेगा बढ़ावा**

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ऋतुराज ने कहा कि रामगढ़ जिले में धार्मिक, ऐतिहासिक, प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी पर्यटन स्थलों की विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने, आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का आकलन करने तथा ऐतिहासिक एवं पौराणिक स्थलों के दस्तावेजीकरण की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि पर्यटन स्थलों का विकास करते समय पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय संस्कृति एवं ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। मौके पर प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा रविंद्र कुमार गुप्ता जिला खेल सह पर्यटन पदाधिकारी संजीत कुमार सहित, जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## स्व. सुधीर अग्रवाल की प्रथम पुण्यतिथि पर सांसद सुखदेव भगत ने दी श्रद्धांजलि



झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**लोहरदगा।** लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुखदेव भगत रविवार को अपने मित्र स्वर्गीय सुधीर अग्रवाल की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर उनके आवास पहुंचे। इस दौरान उन्होंने दिवंगत की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। सांसद ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए कहा कि ₹सुधीर अग्रवाल जी मिलनसार, समाजसेवी और नेकदिल इंसान थे। उनका असामयिक निधन न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे जिले के लिए अपूरणीय क्षति है। उनकी कमी हमेशा महसूस की जाएगी।₹ उन्होंने कहा कि स्व. सुधीर अग्रवाल सामाजिक कार्यों में हमेशा बढ़-चढ़कर भाग लेते थे और जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहते थे। उनके योगदान को समाज हमेशा याद रखेगा।

21 जुलाई को होगा प्रदर्शन

## प्रशासन पर वार्ता का आश्वासन पूरा नहीं करने का आरोप

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



**पतरातू:** बालू परिवहन में स्थानीय ट्रक मालिकों को प्राथमिकता देने की मांग को लेकर पतरातू ट्रक ओनर्स संगठन ने 21 जुलाई को अंचलाधिकारी कार्यालय के समक्ष शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने की घोषणा की है। संगठन की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि यदि प्रशासन उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं करता है तो आंदोलन को आगे बढ़ाया जाएगा।संगठन के अध्यक्ष आनंद कुमार ओझा ने बताया कि कुछ दिन पूर्व उपायुक्त रामगढ़ के नाम अंचलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया था। प्रशासन की ओर से तीन दिनों के भीतर संगठन, घाट संचालकों एवं अधिकारियों की संयुक्त बैठक कर समाधान निकालने का भरोसा दिया गया था, लेकिन अब तक बैठक की तिथि तय नहीं की गई है। इससे ट्रक मालिकों में नाराजगी है।संगठन का कहना है कि झारखंड में पर्याप्त मात्रा में बालू उपलब्ध होने के बावजूद बाहरी राज्यों से बालू की आपूर्ति होने के कारण स्थानीय ट्रांसपोर्टरों का काम प्रभावित हो रहा है। इससे ट्रक मालिकों के सामने आर्थिक संकट गहरा गया है। कई वाहन मालिक किस्त नहीं चुका पाने के कारण फाइनेंसरों की कार्रवाई का सामना कर रहे हैं, जबकि चालक और मजदूरों के समक्ष भी रोजगार का संकट उत्पन्न हो गया है।संगठन ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों से आंदोलन में शामिल होकर समर्थन देने की अपील की है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि मांगों पर विचार नहीं किया गया तो ट्रक मालिक, चालक और मजदूर अपने वाहनों के साथ रामगढ़ उपायुक्त कार्यालय के बाहर शांतिपूर्ण धरना देंगे।बैठक में सचिव सूरज कुमार साहू, कोषाध्यक्ष संजय कुमार सहित संगठन के कई पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

## जेएसएससी क्षेत्रीय कार्यकर्ता प्रतियोगिता परीक्षा 30 केंद्रों पर शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त संपन्न हुई

**रामगढ़।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (खररउ) द्वारा आयोजित क्षेत्रीय कार्यकर्ता प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन रविवार को रामगढ़ जिले के 30 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। जिले के सभी 30 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा के दौरान प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की टीम द्वारा लगातार निगरानी रखी गई। परीक्षा केंद्रों पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं केंद्र अधीक्षकों द्वारा आयोग द्वारा जारी दिशा-निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए परीक्षा का संचालन कराया गया। परीक्षा के प्रथम एवं द्वितीय पाली में कुल 9480 अभ्यर्थियों में से 2603 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 6877 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। वहीं, तृतीय पाली में कुल 9480 अभ्यर्थियों में से 2599 अभ्यर्थी उपस्थित रहे तथा 6881 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।रामगढ़ उपायुक्त ऋतुराज एवं पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ मुकेश कुमार लुनायत के निर्देश पर परीक्षा के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई थी। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा केंद्रों एवं आसपास के क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखी गई। जिला प्रशासन ने परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं सफल आयोजन में सहयोग के लिए सभी केंद्र अधीक्षकों, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, कर्मियों एवं संबंधित सभी पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सेवा भारती के 213वें निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 49 लोगों की हुई स्वास्थ्य जांच

**लोहरदगा:** जिला सेवा भारती लोहरदगा द्वारा चुन्नीलाल स्कूल परिसर में प्रत्येक रविवार की तरह इस सप्ताह भी 213वें निःशुल्क स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सुबह 7:30 बजे जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. कुमुद अग्रवाल, उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल एवं समाजसेवी मिथुन तमेड़ा ने भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर वंदे मातरम् तथा भारत माता के जयघोष के साथ किया।शिविर में कुल 49 लोगों ने स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श का लाभ उठाया। इस दौरान हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, ब्लड शुगर, रक्तचाप (बीपी), वजन, हार्टबीट एवं ऑक्सीजन लेवल की निःशुल्क जांच की गई। वहीं अन्य जटिल स्वास्थ्य जांचें रियायती दर (आधे खर्च) पर उपलब्ध कराई गईं।जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि बदलती जीवनशैली और बढ़ती बीमारियों को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति को नियमित स्वास्थ्य जांच करानी चाहिए। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. कुमुद अग्रवाल ने बरसात के मौसम में फैलने वाली बीमारियों से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि घर और आसपास पानी का जमाव नहीं होने दें, उबला हुआ या स्वच्छ पानी पिएं तथा मच्छरदानी का नियमित उपयोग करें। उन्होंने बताया कि थोड़ी-सी सावधानी अपनाकर डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों से काफी हद तक बचा जा सकता है।उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल एवं अतुल सर्राफ ने बताया कि सेवा भारती द्वारा प्रत्येक रविवार सुबह एक घंटे के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के प्रति जागरूक करना तथा समय पर चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ रही लोगों की भागीदारी इस सेवा कार्य के प्रति समाज के विश्वास का प्रतीक है।शिविर में दीपक सर्राफ, डॉ. कुमुद अग्रवाल, अवधेश मित्तल, मिथुन तमेड़ा, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, अतुल सर्राफ, पद्मलोचन अग्रवाल, अंजलि सर्राफ, नरेंद्र प्रजापति, सत्यम सर्राफ सहित सेवा भारती के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

## रामगढ़ सर्किट हाउस में युवा कांग्रेस की जिला कार्यकारिणी बैठक संपन्न

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**छात्र हितों के मुद्दों पर आंदोलन तेज करने का लिया निर्णय**




**रामगढ़।** भारतीय युवा कांग्रेस, रामगढ़ जिला की जिला कार्यकारिणी बैठक रविवार को रामगढ़ सर्किट हाउस में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता रामगढ़ जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष मो. गुलाम सरवर ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश प्रभारी श्रवण राव विशिष्ट अतिथि झारखंड प्रदेश सह प्रभारी मुरारी, रामगढ़ जिला प्रभारी भीमल तथा जिला सह प्रभारी मनोहर मौजूद रहे। इसके अलावा प्रदेश महासचिव शहजादा तलीम एवं प्रदेश सचिव मतीन की विशेष उपस्थिति रही। बैठक में मुख्य रूप से ह्लछात्रों की गूंजह्व अभियान को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। प्रदेश प्रभारी श्रवण राव ने कहा कि युवा कांग्रेस छात्रों की आवाज को मजबूती से उठाएगी तथा उनके अधिकारों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। बैठक में सर्वसम्मति से मांग की गई कि नीट परीक्षा में हुई अनियमितताओं एवं धांधली की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही सरकार से नियमित अकादमिक कैलेंडर लागू करने की मांग की गई, ताकि परीक्षाएं एवं परिणाम समय पर जारी हों और छात्रों को उच्च शिक्षा तथा रोजगार के अवसर समयबद्ध तरीके से प्राप्त हो सकें। बैठक के दौरान संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, अधिक से अधिक युवाओं एवं छात्रों को संगठन से जोड़ने तथा छात्र हितों से जुड़े जनसरोकार के मुद्दों पर व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने का भी निर्णय लिया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष अजीत करमाली, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री तूरी जी, जिला महासचिव कौसर रजा, मो. आशिफ, एनएसयूआई के संगठन प्रभारी संकेत सुमन सहित जिला युवा कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में युवा साथी उपस्थित रहे। बैठक के अंत में जिला अध्यक्ष मो. गुलाम सरवर ने सभी अतिथियों एवं कार्यकताओं का स्वागत एवं आभार व्यक्त करते हुए कहा कि युवा कांग्रेस छात्र-युवा हितों से जुड़े हर मुद्दे पर संघर्ष करती रहेगी तथा संगठन को गांव-गांव तक मजबूत बनाने के लिए लगातार कार्य करेगी।

## मंडल कारा लोहरदगा में जेल अदालत, विधिक जागरूकता शिविर व मेडिकल कैंप आयोजित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



**लोहरदगा:** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा), रांची के निदेर्शानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) श्री राजकमल मिश्रा के मार्गदर्शन में रविवार को मंडल कारा लोहरदगा में जेल अदालत, विधिक जागरूकता शिविर सह मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में डालसा सचिव श्री मनोरंजन कुमार, एलएडीसीएस के डिप्टी चीफ श्री नारायण साहू, सहायक श्री सुदामा साहू, श्री भूपेंद्र कुमार, जेल प्रशासन के अधिकारी तथा सदर अस्पताल की चिकित्सीय टीम उपस्थित रही। इस दौरान पदाधिकारियों ने बंदियों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए आवश्यक पहल की।

शिविर में बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता तथा लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन से संबंधित जानकारी दी गई। डालसा सचिव श्री मनोरंजन कुमार ने कहा कि न्याय सभी के लिए समान रूप से सुलभ है और प्रत्येक बंदी को निष्पक्ष सुनवाई का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। उन्होंने बताया कि जेल अदालत का उद्देश्य बंदियों को त्वरित न्याय दिलाना, लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन में सहायता करना तथा विधिक जागरूकता को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों ने जेल परिसर का निरीक्षण कर बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, स्वास्थ्य सेवाओं, भोजन की गुणवत्ता एवं स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं सदर अस्पताल की चिकित्सा टीम ने बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श एवं जागरूकता भी प्रदान की।

## किस्को के परसा टांड़ में 5 अगस्त को होगा भव्य चेहल्लुम मेला सह अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन

**लोहरदगा:** जिले के किस्को प्रखंड अंतर्गत होंदगा मुख्य पथ स्थित परसा टांड़ मेला मैदान में आगामी 5 अगस्त को सेंट्रल मोहर्रम कमेटी किस्को के तत्वावधान में आयोजित होने वाले चेहल्लुम मेला सह अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। आयोजन को ऐतिहासिक और भव्य बनाने के लिए कमेटी पूरी सक्रियता के साथ तैयारियों में जुटी हुई है। इस बीच रविवार को मदरसा मिस्बाह उल ओलुम किस्को के प्रांगण में सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष रौनक इकबाल की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण रणनीतिक बैठक आयोजित की गई। कमेटी के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं ताकि कार्यक्रम का सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन सुनिश्चित किया जा सके। इधर बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष रौनक इकबाल ने कहा कि इस वर्ष का चेहल्लुम मेला सह अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता क्षेत्र के इतिहास में यादगार आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि कमेटी का उद्देश्य परंपरा, अनुशासन और आपसी भाईचारे की मिसाल पेश करना है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी तथा अल्पसंख्यक कल्याण एवं जल संसाधन मंत्री हफिजुल हसन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। दोनों मंत्रियों की मौजूदगी से आयोजन की गरिमा और भी बढ़ेगी। बैठक समाप्त होने के बाद सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने परसा टांड़ मेला स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान मैदान की साफ-सफाई, दर्शकों के बैठने की व्यवस्था, मंच निर्माण, पार्किंग, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं सुरक्षा से संबंधित आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा की गई और संबंधित लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कमेटी के पदाधिकारियों ने क्षेत्र के लोगों से अपील की कि वे बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाएं तथा आपसी सौहार्द, शांति और अनुशासन बनाए रखने में सहयोग करें। आयोजन को लेकर पूरे किस्को एवं आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल है और विभिन्न अखाड़ों द्वारा भी अपनी तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

## अंजुमन इस्लामिया अदलिया कमिटी में चार मामलों की सुनवाई, दो का आपसी सहमति से हुआ निष्पादन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**आपसी भाईचारा, सौहार्द और न्यायपूर्ण व्यवस्था को मजबूत करना अंजुमन अदलिया का उद्देश्य: अब्दुल रउफ अंसारी**

**पारिवारिक विवाद, जमीन बंटवारा और सामाजिक मामलों पर हुई सुनवाई, भाईचारे और संवाद से समाधान पर दिया गया जोर**



**लोहरदगा:** अंजुमन इस्लामिया अदलिया कमिटी की बैठक रविवार को आयोजित हुई, जिसमें पारिवारिक विवाद, जमीन बंटवारा और सामाजिक मामलों से जुड़े चार मामलों की सुनवाई की गई। कमिटी ने दोनों पक्षों की बात गंभीरता से सुनते हुए आपसी सहमति, सामाजिक सौहार्द और न्यायसंगत समाधान के आधार पर मामलों के निष्पादन का प्रयास किया। सुनवाई के दौरान दो मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि दो मामलों में विस्तृत सुनवाई के लिए अगली तिथि निर्धारित की गई। बैठक में पहला मामला हिरही बनाम कुडू के पति-पत्नी के पारिवारिक विवाद का था, जिसे दोनों पक्षों की सहमति से सुलझा लिया गया। दूसरा मामला किस्को बनाम लोहरदगा के जमीन विवाद से संबंधित था, जिसमें आगे की सुनवाई के लिए अगली तिथि तय की गई। तीसरा मामला पतरातू बनाम लोहरदगा के जमीन विवाद का रहा, जिसमें भी विस्तृत सुनवाई हेतु अगली तारीख निर्धारित की गई। वहीं चौथा मामला ओयना के एक युवक-युवती से जुड़े विवाद का था, जिसका निर्णय सुनाते हुए मामले का निष्पादन कर दिया गया। इस अवसर पर अंजुमन इस्लामिया के सदर अब्दुल रउफ अंसारी ने कहा कि अदलिया कमिटी का उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारा, सौहार्द और न्यायपूर्ण व्यवस्था को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे विवाद यदि समय रहते बातचीत, समझदारी और आपसी सहमति से सुलझा लिए जाएं, तो परिवारों के साथ-साथ पूरे समाज में शांति और सद्भाव कायम रहता है। उन्होंने कहा कि अदलिया कमिटी लगातार पारिवारिक विवाद, जमीन बंटवारा और लेन-देन से जुड़े मामलों की निष्पक्ष सुनवाई कर न्यायपूर्ण समाधान का प्रयास कर रही है। उन्होंने सभी पक्षकारों से धैर्य, संयम और आपसी सम्मान बनाए रखते हुए विवादों को सौहार्दपूर्ण तरीके से सुलझाने की अपील की। बैठक में नायब सदर आरिफ हुसैन बब्लू, मुजम्मिल अंसारी, यासीन कुरैशी, सेराज अंसारी, हैदर इमाम, ऑफिस सेक्रेटरी मौलवी अबुल कलाम तैगी, एनामुल अंसारी, मो0 बब्बन, वसीम, असगर तैगी सहित अदलिया कमिटी के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## भारतीय जनता पार्टी किस्को मंडल की शक्ति केंद्र बैठक संपन्न

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



आज भारतीय जनता पार्टी किस्को मंडल के खरकी शक्ति केंद्र एवं बैटहठ शक्ति केंद्र पर संगठनात्मक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजकुमार मुंडा ने की तथा मुख्य रूप से जिला महामंत्री मिथुन कुमार तमेड़ा सह मंडल प्रभारी उपस्थित रहे।बैठक में संगठन की मजबूती, बूथ सशक्तिकरण, केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुँचाने तथा आगामी कार्यक्रमों की तैयारी पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकताओं से प्रत्येक घर तक संपर्क स्थापित करने, नए सदस्यों को जोड़ने तथा बूथ को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने का आह्वान किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए मिथुन कुमार तमेड़ा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्रहित और जनसेवा के संकल्प के साथ कार्य कर रहे है। सभी कार्यकताओं से संगठन द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों को सफल बनाने और जनता के बीच केन्द्र सरकार की उपलब्धियों को पहुँचाने का आग्रह किए।बैठक में सभी कार्यकताओं ने पूरे उत्साह के साथ संगठन को मजबूत करने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया साथ ही शक्ति केंद्रों में बैठक के पश्चात वृक्षारोपण भी किया गया।बैठक में उपस्थित मुख्य रूप से गोवर्धन प्रजापति, नागेश्वर सिंह, महेश गोप, कृष्णा सिंह, मृत्युंजय नाथ शाह, अजीत कुमार, समीर मुंडा सहित बूथ समिति के सदस्य गण उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने पहाड़ी मंदिर में सावन पर्व की तैयारियों का किया निरीक्षण, श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर दिए अहम निर्देश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** उपायुक्त रांची, भजन्त्री ने जिला प्रशासन की ओर से पहाड़ी बाबा मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की और जिला वासियों की सुख-समृद्धि, शांति तथा खुशहाली के लिए प्रार्थना की। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजन्त्री ने आज आगामी सावन पर्व को लेकर पहाड़ी मंदिर में चल रहे विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संबंधित अधिकारियों और मंदिर समिति के सदस्यों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए।



निरीक्षण के दौरान उपायुक्त भजन्त्री ने पहाड़ी बाबा मंदिर तक पहुंचने वाले सीढ़ी मार्ग, शौचालयों का निर्माण, सीढ़ियों पर श्रद्धालुओं के लिए बैठने की व्यवस्था, रास्तों में बिछाए जा रहे पेवर ब्लॉक्स, विद्युत आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था सहित मंदिर में चल रहे समस्त निर्माण एवं विकास कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि सावन माह में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को दर्शन, पूजा-अर्चना और अन्य सुविधाओं में किसी भी प्रकार की कठिनाई नहीं होनी चाहिए। उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा, पहाड़ी बाबा रांचीवासियों की आस्था के केंद्र हैं। सावन पर्व के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। इसलिए सभी निर्माण कार्य समयबद्ध रूप से पूरे किए जाएं तथा गुणवत्ता का पूर्ण ध्यान रखा जाए। सीढ़ी मार्ग को सुगम और सुरक्षित बनाना, पर्याप्त शौचालय, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। उपायुक्त रांची, ने सावन पर्व के दौरान भक्तों से अपील की कि वे पूजा के दौरान शीशे या मेटल की वस्तुओं का प्रयोग बिल्कुल न करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि शीशे की कोई भी पूजन वस्तु पहाड़ी मंदिर में पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। साथ ही दुकानदारों से भी आग्रह किया गया कि वे शीशे में कोई भी पूजन सामग्री बिल्कुल न दें।

**उपायुक्त ने दिए ये निर्देश**

- सावन पर्व से पूर्व सभी विकास कार्य पूर्ण करने के लिए कड़े समयबद्ध लक्ष्य।
- श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त शौचालय, पेयजल, रोशनी और बैठने की व्यवस्था।
- सीढ़ी मार्ग और मुख्य रास्तों का निर्बाध व सुगम निर्माण।
- सुरक्षा, स्वच्छता और भीड़ प्रबंधन को लेकर प्रभावी प्लान तैयार करने के निर्देश।
- नियमित रूप से कार्य प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश

उपायुक्त ने जिला प्रशासन की ओर से पहाड़ी बाबा मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की और जिला वासियों की सुख-समृद्धि, शांति तथा खुशहाली के लिए प्रार्थना की निरीक्षण के उपरांत उपायुक्त रांची, भजन्त्री ने जिला प्रशासन की ओर से पहाड़ी बाबा मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की और जिला वासियों की सुख-समृद्धि, शांति तथा खुशहाली के लिए प्रार्थना की। उन्होंने विशेष रूप से पहाड़ी बाबा से आशीर्वाद मांगा कि उनकी कृपा सदैव रांचीवासियों पर बनी रहे तथा सभी को सकारात्मक ऊर्जा और मार्गदर्शन प्राप्त होता रहे। पहाड़ी मंदिर के सदस्यों ने जिला प्रशासन के सभी अधिकारियों को अंग वस्त्र पहना कर उनका सम्मान किया।

इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची, कुमार रजत, पुलिस अधीक्षक शहर रांची, पारस राणा, पुलिस अधीक्षक यातायात रांची, राकेश सिंह, प्रशिक्षु आईएएस, सुश्री आस्था शरण, अपर प्रशासक रांची नगर निगम, संजय कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी रांची, धनंजय, जिला नजारत अपर समाहर्ता रांची, डॉ सुदेश कुमार, कार्यपालक अभियंता एनआरईपी-1, जूनियर इंजिनियर भवन निर्माण, जिला खेल पदाधिकारी रांची आदि थे।

# तुपुदाना में भाजपा का मिलन समारोह फिटनेस एक्सपर्ट सुमित दुबे ने थामा कमल

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** रांची महानगर जिला भाजपा की ओर से तुपुदाना में सदस्यता ग्रहण और मिलन समारोह का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में हटिया-तुपुदाना इलाके के जाने-माने समाजसेवी और फिटनेस एक्सपर्ट सुमित दुबे और उनकी पत्नी श्वेता दुबे ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ली. कार्यक्रम में उत्साह का माहौल देखने को मिला. समारोह में केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ मुख्य रूप से मौजूद रहे. उनके अलावा भाजपा रांची महानगर जिला अध्यक्ष वरुण साहू, रांची जिला पूर्वी अध्यक्ष विनय महतो, रांची नगर निगम के उप महापौर नीरज कुमार, प्रदेश प्रवक्ता आरती कुजूर, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्षा आरती सिंह समेत कई नेता कार्यक्रम में शामिल हुए. सभी नेताओं ने नए सदस्यों को अंगवस्त्र पहनाकर पार्टी में स्वागत किया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संजय सेठ ने कहा कि भाजपा सिर्फ सत्ता पाने का जरिया नहीं बल्कि राष्ट्रसेवा से जुड़ा एक बड़ा जन आंदोलन है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास और आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ रहा है. उन्होंने उम्मीद जताई कि नए सदस्यों के जुड़ने से संगठन को ताकत मिलेगी. वहीं सुमित दुबे ने भाजपा से जुड़ने पर खुशी जताते हुए कहा कि पार्टी की विचारधारा और मोदी सरकार के कामकाज से प्रभावित होकर उन्होंने यह फैसला लिया है. उन्होंने पूरी निष्ठा से काम करने का भरोसा दिलाया. भाजपा जिला अध्यक्ष वरुण साहू ने भाजपा को देश की सबसे भरोसेमंद पार्टी बताया और कहा कि लोग लगातार संगठन से जुड़ रहे हैं. वहीं विनय महतो ने कहा कि यह कार्यक्रम पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता का सबूत है. उप महापौर नीरज कुमार ने नए सदस्यों से जनहित के कामों में सक्रिय रहने की अपील की.



# केंद्र सरकार को युवाओं का दर्द महसूस नहीं हो रहा, झारखंड कांग्रेस ने बोला हमला

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने केंद्र सरकार पर युवाओं और छात्रों की समस्याओं के प्रति संवेदनहीन होने का आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि देश के नौजवानों और छात्रों का गुस्सा चरम पर है और पेपर लीक जैसी भ्रष्ट व्यवस्था से पीड़ित युवा लोकतांत्रिक एवं अहिंसात्मक तरीके से सड़कों पर उतरकर आंदोलन कर रहे हैं.



**पेपर लीक से छात्रों का भविष्य बर्बाद**

कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदीप यादव ने कहा कि पेपर लीक के कारण देश में दो दर्जन से अधिक होनहार छात्र-छात्राओं ने तंग आकर आत्महत्या कर ली है. उन्होंने कहा कि यह बेहद दुखद है कि सत्ता के नशे में चूर केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री को इन परिवारों का दर्द महसूस नहीं हो रहा और न ही युवाओं के आक्रोश की आवाज सुनाई दे रही है.

**2014 से अब तक 152 पेपर लीक होने का दावा**

प्रदीप यादव ने सरकारी रिकॉर्ड का हवाला देते हुए दावा किया कि वर्ष 2014 से अब तक देश में महत्वपूर्ण परीक्षाओं के 152 पेपर लीक हो चुके हैं. जम्मू-कश्मीर से लेकर तमिलनाडु तक फैली इस समस्या से करीब 7.5 करोड़ छात्र-छात्राओं का भविष्य प्रभावित हुआ है. इसके बावजूद किसी बड़े दोषी को सजा नहीं मिली और न ही सरकार ने कोई जवाबदेही तय की.

**नीट पीड़ित परिवारों की अनदेखी का आरोप**

उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा के पेपर लीक के बाद जिन परिवारों ने अपने बच्चों को खोया, सरकार का कोई प्रतिनिधि उनसे मिलने तक नहीं गया. प्रदीप यादव ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की प्राथमिकता नेशनल टेस्टिंग एजेंसी जैसे शैक्षणिक संस्थानों में अपने विचारधारा के लोगों को बैठाना है, जबकि छात्रों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा. कांग्रेस विधायक दल के नेता ने कहा कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने छात्रों के दर्द को समझा है और उनकी आवाज को बुलंद करने का काम किया है. उन्होंने कहा कि देहरादून और राजस्थान में सरकार ने उनके कार्यक्रमों को रोकने की कोशिश की, लेकिन युवाओं का राहुल गांधी पर अटूट विश्वास है और हजारों छात्र-छात्राओं ने उनके कार्यक्रमों में भाग लिया.

# श्री सर्वेश्वरी समूह ने हिसरी गांव में किया 250 पौधों का रोपण और वितरण

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** श्री सर्वेश्वरी समूह, शाखा रांची द्वारा रविवार को 'सर्वेश्वरी वृक्षारोपण अभियान वर्ष-2026' के पहले चरण के तहत ग्राम हिसरी, पंचायत बाजपुर, जिला रांची में पौधरोपण सह वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरूआत श्री अनिल कश्यप के प्लॉट पर मोहगनी, शीशम, सागवान, गम्हार, जामुन, अमरूद और कटहल सहित लगभग 50 पौधों के रोपण के साथ हुई. पौधरोपण के बाद ग्राम हिसरी के ग्रामीण बंधुओं के बीच एक लघु गोष्ठी का आयोजन किया गया. इस दौरान श्री सर्वेश्वरी समूह का संक्षिप्त परिचय देते हुए समूह द्वारा संचालित जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी दी गयी. साथ ही वृक्षों की कमी से हो रहे दुष्परिणामों और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर चर्चा करते हुए ग्रामीणों को वृक्षों की सुरक्षा और देखभाल के प्रति जागरूक किया गया.



गोष्ठी के उपरांत ग्रामीण बंधुओं के बीच लगभग 200 पौधों का वितरण किया गया. इस प्रकार कार्यक्रम के दौरान कुल 250 पौधों का रोपण और वितरण किया गया. कार्यक्रम के सफल आयोजन में अनिल कश्यप, अंकित कश्यप, विक्रम तिवारी, कृष्णा गोप, श्रीकांत तिवारी, विनय तिवारी, सजाद अंसारी और पिंटू प्रजापति का विशेष सहयोग रहा. श्री सर्वेश्वरी समूह, शाखा रांची की ओर से राधेश्याम सिंह, विभूति शंकर सहाय, हेमंत नाथ शाहदेव, अभय सहाय, नवल किशोर सिंह, अरुण सिंह, आशुतोष कुमार सहित लगभग 20 सदस्य कार्यक्रम में शामिल हुए.

# पातर मुंडा समाज ने मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित, शिक्षा के प्रति जागरूकता का दिया संदेश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**बुंडू:** पातर मुंडा समाज के तत्वावधान में रविवार को अरुणालय बैंक्वेट हॉल, बुंडू में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में समाज के मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मैट्रिक परीक्षा में खुशबू कुमारी ने 95.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रतिमा कुमारी ने 86.2 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। दोनों प्रतिभाओं को समारोह में सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व शिक्षक एवं समाजसेवी शिवेश्वर सिंह मुंडा ने की, जबकि संचालन शिक्षक एवं समाजसेवी राकेश पातर ने किया। समारोह में तमाड़, सिल्ली एवं ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि इस सम्मान समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करना, उनके मनोबल को बढ़ाना तथा समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने छात्रों से निरंतर मेहनत कर समाज और क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व शिक्षक एवं समाजसेवी हिकीम मुंडा, सत्येंद्र मुंडा, शंभु शरण मुंडा, लालमोहन मुंडा, नन्दलाल मुंडा, कवीन्द्र मुंडा, लक्ष्मण मुंडा, जय निताई पातर, देवनारायण मुंडा, विमल पातर, गुरुदेव मुंडा, रामजीवन पातर, कन्हाई पातर, जितेंद्र मुंडा, अमन मुंडा, प्रशांत मुंडा, धनंजय मुंडा, सोमा पातर, विपिन मुंडा, मनोहर मुंडा, सुशील मुंडा, भुवनेश्वर मुंडा, सूरज मुंडा, मृत्युंजय पातर, लोधे मुंडा, सीता देवी एवं छाया देवी सहित अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।



# आयकर कॉलोनी, लालपुर में गंदे पानी की आपूर्ति से त्राहिमाम

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** लालपुर अवस्थित आयकर कॉलोनी में विगत एक सप्ताह से अधिक से वहां रह रहे कर्मचारियों के आवास में गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है जो किसी भी कार्य में इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है । पानी का रंग पूरी तरह से मिट्टी के जैसा हो गया है जिसके ऊपर तैलीय परत जैसा जम जा रहा है । ज्ञात हो कि वहां पानी की आपूर्ति आवासीय परिसर के ही बोरिंग से की जाती है परन्तु विगत एक सप्ताह से अधिक से अत्यंत ही गंदे पानी की आपूर्ति हो रही है। वहां का देखभाल केंद्रीय लोक निर्माण विभाग के द्वारा किया जाता है। सीपीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के द्वारा कॉलोनी में स्वयं उपस्थित हो कर स्थिति का जायजा लिया जा चुका है परन्तु अभी तक इसका कोई निदान या वैकल्पिक व्यवस्था नहीं किया जा पाया है। कॉलोनी वासियों को पीने का पानी बाहर से मांगना पड़ रहा है। लोग कई दिनों से स्नान नहीं किए हैं और कपड़ा एवं बर्तन साफ करने में भी काफी दिक्कत हो रही है। कर्मचारियों को कार्यालय जाने और परिवार के लिए पानी की व्यवस्था करने में दोहरी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। छोटे बच्चों को स्किन की समस्या होने लगी है और बाकी लोगों को भी मुंह के अंदर छाले इत्यादि की समस्या हो रही है। कॉलोनी वासियों ने कहा कि ऐसे में नगर निगम से 4 इंच की पानी की आपूर्ति भी होने लगे तो समस्या का वैकल्पिक निदान कुछ हद तक हो सकता है।



# मानसून और श्रावणी मेले के लिए एनडीआरएफ अलर्ट, रांची, जमशेदपुर और देवघर में तीन टीमें तैनात

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** झारखंड में सक्रिय मानसून और श्रावणी मेले के दौरान संभावित आपात स्थितियों से निपटने के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) ने अपनी तैयारियां पूरी कर ली है. राज्य के तीन प्रमुख स्थानों रांची, जमशेदपुर और देवघर में एनडीआरएफ की विशेष टीमों की प्रतिनियुक्ति की जा रही है. इन टीमों को बाढ़, नदी और जलाशयों में होने वाली दुर्घटनाओं, जलभराव, भूस्खलन तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं से त्वरित राहत और बचाव कार्य के लिए तैनात किया गया है. एनडीआरएफ के अधिकारियों के अनुसार तीनों टीमें आधुनिक बचाव उपकरणों और प्रशिक्षित जवानों से पूरी तरह लैस हैं. टीमों के पास मोटर बोट, लाइफ जैकेट, डीप डाइविंग उपकरण, रस्सी बचाव किट, मेडिकल सहायता सामग्री, संचार उपकरण और अन्य आवश्यक संसाधन उपलब्ध हैं. किसी भी आपदा की सूचना मिलते ही टीम तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव अभियान शुरू कर सकेगी. श्रावणी मेले के दौरान देवघर में लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए विशेष सतर्कता बरती जा रही है. वहीं लगातार हो रही बारिश के कारण राज्य की नदियों का जलस्तर बढ़ने और जलभराव की स्थिति बनने की आशंका भी बनी हुई है. ऐसे में एनडीआरएफ, स्थानीय प्रशासन और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ समन्वय बनाकर लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए है.



झारखंड की बरसाती नदियां, तेज बहाव, पथरीले जलस्त्रोत और अचानक बढ़ने वाला जलस्तर राहत एवं बचाव कार्यों के लिए बड़ी चुनौती माने जाते हैं. इन्हीं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए एनडीआरएफ की टीमों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है. जवानों को तेज बहाव वाले पानी, संकरे घाटों और पथरीले इलाकों में रेस्क्यू ऑपरेशन संचालित करने का अनुभव है. एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट विनय कुमार ने कहा कि मानसून और श्रावणी मेले को देखते हुए रांची, जमशेदपुर और देवघर में हमारी तीन टीमें तैनात की जा रही हैं. सभी टीमें आधुनिक उपकरणों और आवश्यक संसाधनों से पूरी तरह सुसज्जित हैं. झारखंड की बरसाती नदियों और पथरीले जलस्त्रोतों की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए हमारे जवानों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है. किसी भी आपात स्थिति में त्वरित राहत और बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ पूरी तरह तैयार है. एनडीआरएफ ने लोगों से भी अपील की है कि बारिश के दौरान उफनती नदियों, नालों और जलाशयों के पास जाने से बचें. प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत स्थानीय प्रशासन या आपदा नियंत्रण कक्ष को सूचना दें.

# स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने सोनम वांगचुक की सेहत पर मांगा मेडिकल बुलेटिन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की स्वास्थ्य स्थिति को लेकर चिंता जताई है. उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा से सोनम वांगचुक की सेहत पर जल्द आधिकारिक मेडिकल बुलेटिन जारी करने की मांग की है. डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि अगर सोनम वांगचुक पुलिस हिरासत में हैं, तो देश को यह जानने का अधिकार है कि उन्हें कहां रखा गया है. उनकी तबीयत कैसी है, उनका इलाज कैसे हो रहा है, उन्हें कौन-कौन सी दवाइयां दी जा रही हैं और उन्हें समय पर भोजन व जरूरी चिकित्सा सुविधा मिल रही है या नहीं. उन्होंने कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और संबंधित प्रशासन को बिना देरी किए उनकी स्वास्थ्य स्थिति की आधिकारिक जानकारी जारी करनी चाहिए. इससे लोगों के बीच बनी चिंता और भ्रम दूर होगा. स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि अगर सोनम वांगचुक पुलिस हिरासत में हैं, तो यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि उनके साथ किसी तरह का अमानवीय व्यवहार न हो. उनके सभी संवैधानिक और मानवीय अधिकारों की रक्षा की जाए. डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि हर नागरिक का जीवन, स्वास्थ्य और सम्मान सबसे महत्वपूर्ण है. इसलिए केंद्र सरकार और संबंधित एजेंसियों को पूरी पारदर्शिता के साथ सोनम वांगचुक की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी सार्वजनिक करनी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उन्हें बेहतर इलाज मिले.



# सुरक्षा बलों के चक्रव्यूह में फंसा लाल गलियारा, बचे नक्सली ट्राई जंक्शन क्षेत्र में सिमटे, बड़े सरेंडर के संकेत

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** झारखंड में नक्सलवाद का दीया लगभग बुझ गया है. जो नक्सली बचे भी हैं वो सुरक्षाबलों के चक्रव्यूह में ऐसे फंसे हैं कि चाह कर भी कुछ नहीं कर पा रहे हैं. पुलिस जानती है कि बड़े हमलों से ज्यादा कारगर घेराबंदी और रसदबंदी है, इस कारण पुलिस इसी पर अमल कर रही है. इसका नतीजा एक सप्ताह में ही 25 लाख और 20 लाख के इनामी नक्सली दबोचे गए हैं. संकेत यह भी है की झारखंड में एक और बड़ा सरेंडर जल्द होगा.



**झटके पर झटके लग रहे नक्सल संगठनों को**

25 लाख के इनामी माओवादी कमांडर अजय महतो और 20 लाख के इनामी रविंद्र गंझू की गिरफ्तारी के बाद झारखंड के सारंडा में खलबली मची हुई है. पुलिस मुख्यालय के अनुसार बचे नक्सली ट्राई जंक्शन (खूंटी, सरायकेला और चाईबासा बॉर्डर से सटे जंगल) की तरफ पहुंच रहे हैं. उनकी योजना सिर्फ अपने आप को बचाने की है. वे कहीं से भी पुलिस के साथ कोई मुकाबला नहीं करना चाह रहे हैं. सारंडा क्षेत्र में सुरक्षा बलों के लगातार दबाव और अभियानों के बाद कई नक्सली इस दुर्गम सीमा क्षेत्र में शरण लेने की कोशिश कर रहे हैं, जहां से वे अपने नेटवर्क को किसी तरह बचाए रखने की कोशिश में हैं. इस संबंध में झारखंड पुलिस के आईजी अभियान नरेंद्र सिंह ने बताया की अजय महतो और रविंद्र गंझू जैसे शीर्ष कमांडरों की गिरफ्तारी से नक्सलियों को झटका लगा है. अब अभियान का फोकस बचे हुए शीर्ष नक्सलियों की गिरफ्तारी, उनके वित्तीय नेटवर्क को ध्वस्त करने, हथियारों की बरामदगी और सक्रिय दस्ते को पूरी तरह समाप्त करने पर है.

**सुरक्षित जगह की तलाश में बचे हुए नक्सली**

सूचना के मुताबिक झारखंड में सुरक्षा बलों के लगातार अभियान और शीर्ष माओवादी नेताओं की उनके गृह क्षेत्र से हो रही गिरफ्तारी के बाद बचे हुए नक्सलियों के बीच खलबली मची है. नक्सली अब अपने गृह क्षेत्र या पारंपरिक प्रभाव वाले इलाकों में लौटने से बच रहे हैं और नए सुरक्षित ठिकानों की तलाश में जुटे हैं. गृह क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की लगातार मौजूदगी, मुखबिर तंत्र की सक्रियता और लगातार चल रहे सर्च ऑपरेशन के कारण नक्सलियों के लिए पहले की तरह सुरक्षित ठहरना मुश्किल हो गया है. ऐसे में संगठन के बचे हुए नक्सली ट्राई-जंक्शन क्षेत्रों में शरण ले रहे हैं.

# साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय झारखंड मॉडल यूनाइटेड नेशंस का समापन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**बुंडू।** साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल में आयोजित दो दिवसीय झारखंड मॉडल यूनाइटेड नेशंस जेएच मून 2026 का समापन हुआ। मुख्य अतिथि तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा ने कहा कि देश निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका है। शिक्षा और तकनीक का समन्वय विद्यार्थियों को नई चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनाता है तथा सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। कार्यक्रम में 120 से अधिक प्रतिभागियों ने देश-विदेश के समसामयिक मुद्दों पर प्रभावी बहस कर अपनी वाक्पटुता का परिचय दिया। विद्यालय को बेस्ट डेलीगेट्स अवार्ड मिला। प्राचार्य ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को वैश्विक विषयों से जोड़ते हैं और उनकी अभिव्यक्ति क्षमता विकसित करते हैं। समापन समारोह में आनवी महानंदी, वीर बिरसा सेन, हर्षित कुमार महतो, ललिता कुमारी, हर्ष राज, हर्षित मिश्रा, जैनब आयशा, दिव्यांशु कुमार साहू, उत्सव कुमार ठाकुर, अक्षरा कुमारी, सुहाना कुमारी, लक्ष्य जैन, दीपिका कुमारी, आयुष्मान दत्ता, गौरव तिवारी, झिनुक लायेक, पुनम कुमारी, शानू प्रिया, प्राची झा, आरव जायसवाल और अर्जुन जायसवाल को सर्वश्रेष्ठ वक्ता के रूप में सम्मानित किया गया। आयोजन की सफलता में प्राची दास, कोयल गोराई, दिव्यांशी कुमारी, कोशिक कुमार तथा जेएच मून संस्था के शांतनु पाल, कृष, अश्मित आर्यन, देविशी प्रसाद, अचिंत्य झा, वैष्णवी, दक्ष, राज वर्धन, पुष्कर गिरी, मौसम जायसवाल, शिखर प्रकाश, मलक अख्तर, प्रियांक प्रियम, एम.डी. रययान, अंकित राज, अद्वेता लकड़ा और सप्तर्षि सिन्हा का विशेष योगदान रहा।



# तालझारी में रथयात्रा महोत्सव की धूम, चौथे दिन पूजा-अर्चना व महाप्रसाद वितरण



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**भजन–कीर्तन और आरती से गूंजा मौसीबाड़ी परिसर, 22 जुलाई को होगा छप्पन भोग**

तालझारी/साहिबगंज। स्टेशन के समीप शंकर शर्मा के आवास स्थित मौसीबाड़ी में रविवार को रथयात्रा महोत्सव के चौथे दिन भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं देवी सुभद्रा की विधिवत पूजा-अर्चना श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करते हुए पूजा-अर्चना की। पूजन के उपरांत भगवान को पारंपरिक खिचड़ी एवं खीर का भोग अर्पित किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। मौसीबाड़ी परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा। भगवान जगन्नाथ के जयघोष, भजन-कीर्तन एवं आरती से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। सुबह मंगल आरती, दर्शन आरती एवं भोग आरती के साथ संध्या आरती का आयोजन किया गया। श्रद्धालु शंकर शर्मा ने बताया कि 22 जुलाई की संध्या भगवान जगन्नाथ की विशेष पूजा-अर्चना एवं छप्पन भोग महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा। वहीं, भगवान जगन्नाथ अपनी मौसीबाड़ी में सात दिनों के प्रवास के पश्चात 24 जुलाई को उल्टा रथ यात्रा से मुन्नापटाल गांव स्थित रवीन्द्र कर्मकार के आवास परिसर स्थित मंदिर में पुनः

## चौरा मोड़ पर ट्रेलर की चपेट में आने से अधेड़ की मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम




**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**बरहरवा/साहिबगंज।** हिरणपुर - कोटालपोखर मुख्य मार्ग स्थित चौरा मोड़ के समीप देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में ट्रेलर की चपेट में आने से एक 50 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने करीब आधे घंटे तक सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। मृतक की पहचान कोटालपोखर थाना क्षेत्र के निवासी राजकुमार बागती (50 वर्ष), पिता स्व. रोबी बागती, के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर संतोष कुमार राणा एवं कोटालपोखर थाना प्रभारी पवन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझा - बुझाकर शांत कराया, जिसके बाद सड़क जाम समाप्त हुआ और यातायात सामान्य हो सका। पुलिस ने वाहन मालिक से मृतक के परिजनों को तत्काल राहत के रूप में कुछ नगद मुआवजा भी दिलवाया। वहीं, दुर्घटना में शामिल ट्रेलर (संख्या डब्लू बी 65 जी 3717) को जब्त कर कोटालपोखर थाना लाया गया। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल भेजा। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा दुर्घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

## तीनपहाड़ थाना पुलिस ने न्यायालय से फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**तीनपहाड़/राजमहल।** तीनपहाड़ थाना पुलिस ने माननीय न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजमहल के एस.टी. नंबर-162/2017 के अभियुक्त सक्रुद्दीन अंसारी उर्फ सक्रू (पिताझ अब्दुल रहमान अंसारी), निवासी ग्राम पोखरिया, थाना तीनपहाड़, जिला साहिबगंज को किया गिरफ्तार, वहीं गिरफ्तारी के बाद अभियुक्त को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायालय के आदेश पर उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस द्वारा न्यायालय के आदेश का अनुपालन करते हुए अभियुक्त की गिरफ्तारी सुनिश्चित की गई।

## फरार अभियुक्त को राधानगर पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल




**उधवा/साहिबगंज।**राधानगर थाना पुलिस ने फरार चल रहे एक प्राथमिकी अभियुक्त को गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को रविवार को न्यायिक प्रक्रिया पूरी करते हुए जेल भेज दिया गया।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राधानगर थाना कांड संख्या-193/26 भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(2), 318(2) एवं 3(5) के तहत दर्ज मामले के नामजद अभियुक्त इंग्लिश बाबू टोला निवासी नईफुल शेख को उसके गांव से गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायालय के आदेश पर उसे उपकारा राजमहल भेज दिया गया।

## नाबालिग लड़की का अपहरण मामले में नामजद आरोपी गिरफ्तार,भेजा जेल



**उधवा/साहिबगंज।**राधानगर थाना क्षेत्र से नाबालिग लड़की के कथित अपहरण के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस के अनुसार थाना कांड संख्या 259/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। मामले में उत्तरी बेगमगंज पंचायत के खुटहरी टोला निवासी अभिनन्दन कुमार मंडल को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायालय के आदेश पर उसे उपकारा राजमहल भेज दिया गया। थाना क्षेत्र के मनिहारी टोला निवासी चंदन घोष द्वारा थाना में दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि आरोपी ने शादी करने की नीयत से एक नाबालिग लड़की का कथित रूप से अपहरण किया है।

## बरहेट के छूछी गांव में महिला को सांप ने काटा, हालत बिगड़ने पर तुरंत लेकर पहुंच अस्पताल



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

बरहेट/साहिबगंज। बरहेट थाना क्षेत्र के छूछी गांव निवासी 28 वर्षीय गोदा मुर्मू को रविवार करीब 3:30 बजे घर में लकड़ी उठाने के दौरान जहरीले सांप ने काट लिया। घटना के बाद परिजनों ने उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बरहेट पहुंचाया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज जारी है। परिजनों के अनुसार, सांप के काटने के कुछ ही देर बाद गोदा मुर्मू की तबीयत बिगड़ गई और वह मूर्छित हो गईं। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने तुरंत उनका उपचार शुरू किया। खबर लिखे जाने तक उनका इलाज जारी था तथा चिकित्सक उनकी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए थे।

## दुगार्पुर में 'एफ.सी. झारखंड डायनामिक फुटबॉल टीम' का गठन, युवाओं ने खेल प्रतिभाओं को निखारने का लिया संकल्प

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**बरहरवा/साहिबगंज।** पतना प्रखंड क्षेत्र के दुगार्पुर गांव में रविवार को स्थानीय युवाओं एवं खेल प्रेमियों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीण क्षेत्र के फुटबॉल खिलाड़ियों को संगठित कर उन्हें बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'एफ.सी. झारखंड डायनामिक फुटबॉल टीम' का गठन किया गया। टीम गठन का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक के दौरान टीम के संचालन को व्यवस्थित बनाने के लिए पदाधिकारियों का भी चयन किया गया। सर्वसम्मति से रिंकू को टीम मैनेजर, इस्तामुल अंसारी को कप्तान तथा सुरेन्द्र सोरेन को उपकप्तान की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर अर्जुनपुर के सुरेन्द्र सोरेन, तलाबड़िया के इमाम



अंसारी, मोहनपुर के हाफिज अंसारी, मोतीन अंसारी, समिउल रहमान सहित कई खिलाड़ी एवं खेल प्रेमी मौजूद रहे। सभी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए टीम के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि गांवों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, लेकिन उचित मंच के अभाव में कई खिलाड़ी आगे नहीं बढ़ पाते। एफ.सी. झारखंड डायनामिक फुटबॉल टीम के गठन से क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा और भविष्य में वे जिला एवं राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। टीम के सदस्यों ने नियमित अभ्यास, अनुशासन और खेल भावना के साथ फुटबॉल को बढ़ावा देने का भी संकल्प लिया।

## तेज रफ्तार टोटो ने सड़क किनारे खड़े व्यक्ति को मारी टक्कर, गंभीर घायल

**साहिबगंज।** जिले के तीनपहाड़-राजमहल मुख्य मार्ग पर कांजी गांव के समीप रविवार रात सड़क हादसे में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान स्थानीय निवासी सुदीप सिंह (45 वर्ष) के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार, रविवार रात करीब 9:00 बजे सुदीप सिंह सड़क किनारे किसी कार्य से खड़े थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रहा एक टोटो अनियंत्रित होकर उन्हें टक्कर मारते हुए निकल गया। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों की सहायता से घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उनका उपचार किया। इधर, हादसे के बाद अंधेरे का फायदा उठाकर टोटो चालक मौके से फरार हो गया।स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में तेज रफ्तार से चलने वाले वाहनों पर नियंत्रण और कार्रवाई की मांग की है।

## बिजली घाट काली मंदिर के पास टोटो की टक्कर से महिला गंभीर घायल



**साहिबगंज।**नगर थाना क्षेत्र के बिजली घाट काली मंदिर के पास रविवार को टोटो की चपेट में आने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। महिला बिजली घाट के रहने वाले सनोज पासवान की पत्नी दुलाली देवी (35) है। परिजनों ने बताया कि महिला किसी काम के सिलसिले से जा रही थी। इस दौरान पीछे से तेज रफ्तार टोटो ने जोरदार धक्का मार दिया। इसमें महिला के पीछे तरफ कंधा में गंभीर रूप से चोट लगी है। वहीं महिला का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। इधर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## बोरियो सीएचसी में धूल फांक रहे दंत चिकित्सा उपकरण, मरीजों को नहीं मिल रही समुचित सुविधा

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

साहिबगंज।बोरियो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बोरियो में दंत चिकित्सा से जुड़ी कई महत्वपूर्ण मशीनें और उपकरण लंबे समय से अनुपयोगी पड़े हैं। आवश्यक उपकरणों की कमी और कुछ मशीनों के खराब होने के कारण मरीजों को बेहतर दंत चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पा रही है।जानकारी के अनुसार, सीएचसी में उपलब्ध वैक्यूम पंप और एयर कंप्रेसर खराब हैं। वहीं दांतों की जांच और उपचार में उपयोग होने वाले जांच किट एवं फिलिंग इंस्ट्रूमेंट्स उपलब्ध नहीं हैं। इसके अलावा एक्स-रे मशीन का आरवीजी (RVG) सेंसर भी खराब होने से दांतों की डिजिटल जांच प्रभावित हो रही है।ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग से खराब मशीनों की मरम्मत कराने और आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने की मांग



की है, ताकि मरीजों को स्थानीय स्तर पर बेहतर दंत चिकित्सा सुविधा मिल सके।सीएचसी प्रभारी डॉ. पंकज कुमार ने बताया कि दंत चिकित्सा से संबंधित आवश्यक उपकरणों एवं तकनीशियन की मांग को लेकर सिविल सर्जन को पत्र भेजा गया है। उन्होंने कहा कि दांतों के समुचित उपचार के लिए डेंटल चेयर यूनिट, स्केलर मशीन, माइक्रो मोटर, क्योरिंग लाइट, ऑटोक्लेव, एक्स-रे मशीन, आरवीजी सेंसर, वैक्यूम पंप, एयर कंप्रेसर, जांच किट, फिलिंग इंस्ट्रूमेंट्स, दांत निकालने के उपकरण, रूट कैनाल मशीन सहित कई आधुनिक उपकरणों की आवश्यकता होती है। इनके उपलब्ध होने के बाद ही मरीजों को बेहतर और व्यापक दंत चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी।

## आशीर्वाद ने विश्वकर्मा महाराणा समुदाय की कला और विरासत को किया सम्मानित

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**जमशेदपुर :** भगवान जगन्नाथ की ऐतिहासिक रथ यात्रा से अपने लंबे जुड़ाव को आगे बढ़ाते हुए भारत के प्रमुख पैकेज्ड आटा ब्रांड आशीर्वाद ने ह्यगुणात्मक परंपराह्न अभियान की शुरूआत की है। यह पहल भगवान जगन्नाथ के पवित्र रथों का निर्माण करने वाले विश्वकर्मा महाराणा समुदाय की सदियों पुरानी कारीगरी, समर्पण और सांस्कृतिक विरासत को सम्मान देने के उद्देश्य से शुरू की गई है। ह्यगुणात्मक परंपराह्न का अर्थ है ह्यगुणवत्ता की परंपराह्न। इस विशेष अनुभव का उद्घाटन प्रसिद्ध ओड़िया अभिनेत्री एलिना सामंतराय की उपस्थिति में हुआ। उन्होंने विश्वकर्मा महाराणा समुदाय के कारीगरों और श्रद्धालुओं से मुलाकात कर इस पहल की सराहना की। एलिना सामंतराय ने कहा कि ह्यगुणात्मक परंपराह्न केवल ओडिशा की समृद्ध संस्कृति का उत्सव नहीं है। बल्कि यह उन कारीगरों के अद्भुत कौशल को भी सम्मान देती है और जिन्होंने इस पवित्र परंपरा को जीवित रखा है। आईटीसी लिमिटेड के फूड्स डिवीजन, स्टेपल्स बिजनेस यूनिट के चीफ एग्जीक्यूटिव अनुज रुस्तगी ने कहा कि आशीर्वाद हमेशा गुणवत्ता, भरोसे और पोषण का प्रतीक रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा महाराणा समुदाय की उत्कृष्ट कारीगरी और गुणवत्ता के प्रति उनका समर्पण आशीर्वाद के मूल्यों से मेल खाता है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से ब्रांड न केवल सांस्कृतिक विरासत का सम्मान कर रहा है। बल्कि अपने क्वालिटी की गारंटी के वादे को भी मजबूत कर रहा है। मालूम हो कि यह अभियान पीढ़ियों से चली आ रही शिल्पकला और आशीर्वाद के ह्यक्वालिटी की गारंटीह्न के वादे को एक साझा मंच पर प्रस्तुत करता है।

## बारिश के बाद फिर डूबा बरहरवा अंडरपास, आवागमन हुआ प्रभावित

**हर बारिश में जलजमाव से जूझ रहा बरहरवा अंडरपास, रेलवे से स्थायी समाधान की मांग**



**बरहरवा/साहिबगंज।** कुछ घंटों की बारिश के बाद ही बरहरवा अंडरपास एक बार फिर जलमग्न हो गया जिससे राहगीरों एवं वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। अंडरपास में जलजमाव की समस्या कोई नई नहीं है। हर बार बारिश के बाद जनरेटर एवं पंप की सहायता से पानी निकालकर अस्थायी रूप से आवागमन बहाल किया जाता है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान अब तक नहीं हो सका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर बारिश के बाद अंडरपास में पानी भर जाने से आमजन को काफी दिक्कतें होती हैं। लोगों ने सवाल उठाया कि आखिर कब तक जनरेटर के सहारे पानी निकालकर काम चलाया जाएगा। बरहरवा की जनता ने संबंधित रेलवे अधिकारियों से अंडरपास में जलजमाव की समस्या का स्थायी एवं प्रभावी समाधान करने की मांग की है ताकि लोगों को बार-बार इस परेशानी का सामना न करना पड़े और आवागमन सुचारु रूप से जारी रह सके।

# बरहरवा में जलजमाव से 30-40 घर प्रभावित, नगर पंचायत ने शुरू कराया जलनिकासी कार्य

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**अधूरे नाले के निर्माण से बढ़ी परेशानी, घरों में घुसा बारिश का पानी**




**बरहरवा/साहिबगंज।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या-03 में मुख्य नाले का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं होने तथा जल निकासी बाधित होने के कारण पिछले दिनों हुई बारिश के बाद जलजमाव के कारण 30 से 40 घरों में पानी घुस गया। जलजमाव के कारण कई घरों में सामानों को भी नुकसान पहुंचा है। घटना के बाद स्थानीय लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जानकारी अनुसार सामाजिक कार्यकर्ता शक्ति नाथ अमन ने रविवार सुबह नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों का दौरा कर जलजमाव की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने प्रभावित लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। इसके बाद नगर पंचायत बरहरवा के पदाधिकारियों से दूरभाष पर बात कर जलनिकासी की समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की। शक्ति नाथ अमन की पहल पर वार्ड संख्या-03 में जेसीबी मशीन से नाले की सफाई एवं जलनिकासी का कार्य शुरू कराया गया। स्थानीय लोगों ने जलजमाव की समस्या के स्थायी समाधान की मांग करते हुए मुख्य नाले के निर्माण कार्य को जल्द पूरा कराने की अपील की है।

## बोल बम' के जयघोष के साथ सुल्तानगंज के लिए निकला श्रद्धालुओं का जत्था



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**साहिबगंज।** बंगाली समुदाय के सावन मास की शुरूआत रविवार से हो गई। प्रथम सोमवारी पर बाबा भोलेनाथ को जल अर्पित करने के लिए साहिबगंज एवं राजमहल सहित विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालुओं का जत्था सुल्तानगंज के लिए रवाना हुआ। इस दौरान श्रद्धालुओं ने बोल बम के जयघोष से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जानकारी अनुसार श्रद्धालु रविवार को सुल्तानगंज पहुंचकर उत्तरवाहिनी गंगा से पवित्र जल भरेंगे और सोमवार को देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम में प्रथम सोमवारी के अवसर पर जलार्पण करेंगे। मोटरसाइकिलों पर सवार होकर रवाना हुए श्रद्धालुओं में भगवान शिव के प्रति विशेष उत्साह एवं आस्था देखने को मिली। राजमहल से चैतन्य घोष, उत्पल शाह, मानिक चंद्र कर्मकार, संजय गोप, पिंटू शाह सहित दर्जनों श्रद्धालु इस यात्रा में शामिल हुए। बंगाली समुदाय में सावन मास के प्रथम सोमवार को विशेष महत्व दिया जाता है, जिसे लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह है।

## विस्थापितों ने सिंदवारी पंचायत भवन को आर एंड आर कॉलोनी में पुनर्निर्माण की मांग किया

**बड़कागांव (हजारीबाग** )बड़कागांव सिंदवारी पंचायत भवन में विस्थापितो की बैठक हुई ।जिसकी अध्यक्षता प्रभारी मुखिया भाग्यवंती देवी एवं संचालन पंकज कुमार ने किया। बैठक को लेकर पंकज कुमार साव ने कहा कि प्रशासन एवं परियोजना प्रबंधन से मांग करते है कि जिस प्रकार परियोजना विस्तार के कारण पंचायत भवन को हटाया जा रहा है, उसी प्रकार विस्थापितों की सुविधा एवं उनके अधिकारों को ध्यान में रखते हुए आर एंड आर कॉलोनी ढेंगा में ,पंचायत भवन का निर्माण कराया जाए। यह केवल एक भवन के निर्माण का मामला नहीं है, बल्कि हजारों विस्थापित लोगों के अस्तित्व, पहचान और उनके संवैधानिक अधिकारों से जुड़ा हुआ प्रश्न है। बैठक में मुख्य रूप से निर्मल साव, विजय कुमार, उमेश कुमार, अशोक उराँव, राहुल कुमार दास, हिमांशु रंजन, देवन्ती देवी, प्रदीप साव, दिलेश्वर कुमार, बसन्ती देवी, रानी कुमारी, विमल गोप, पंकज कुमार साव, सुरेन्द्र कुमार, रामचन्द्र महतो, जुल्फकार अंसारी सुधीर राम, मुनेश कुमार, दिनेश कुमारी, कुलदीप राम, आशिष कुमार दास, परमना देवी, विमल साव, गुलाब उराँव, निरंजन राम, महेश कुमार, आशा देवी, रमेश कुमार, गुड्डू राम, रूपेश कुमार, अशोक दास, मुकेश भुइयां, उमेश कुमार कुशवाहा, लखन साव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे

# असंगठित मोर्चा का प्रथम धनबाद जिला सम्मेलन सिंदरी चर्च हाल में आयोजित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**सिंदरी /धनबाद** ।सिंदरी 19 जुलाई असंगठित मजदूर मोर्चा का प्रथम धनबाद जिला सम्मेलन सिंदरी चर्च हॉल में आयोजित किया गया।सम्मेलन में अध्यक्ष मंडली बिंदा पासवान, कन्हाई पांडेय, सुरेश प्रसाद ,बाबू राजा, सीता देवी ,सरस्वती किसकु ,गीता टुडू एवं संचालक राजीव मुखर्जी ने कियो मुख्य अतिथि भाकपा माले पोलित ब्यूरो सदस्य पूर्व विधायक आनंद महतो एवं विशिष्ट अतिथि सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो उपस्थित रहे ।सम्मेलन को संबोधित करते हुए कां आनंद महतो ने कहा कि जंतर मंतर में सोनम वांगचुक 28 जून से अनशन पर बैठे हुए हैं ,लेकिन फासीवादी सरकार अभी तक उनके मांगों पर विचार नहीं किया ,सरकार उसे जबरन सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कर दिया गया । उसने कोई भी ड्रिप या तरल पदार्थ लेने से इनकार कर दिया ।सरकार की मनसा पर पानी फिर गया ।अनशन का असंगठित मजदूर मोर्चा समर्थन करती है। श्री महतो ने कहा की कहा कि केंद्र सरकार 44 श्रम कोड को चार लेबर कोर्ट में तब्दील कर मजदूर विरोधी नीति अपनाई है।नए जिला कमेटी मजदूरों के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ेंगे ।विशिष्ट अतिथि सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जहां समस्या वहां असंगठित मजदूर मोर्चा के कार्यकर्ता खड़ा है। कोयलांचल में मजदूरों की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कहा कि राय बाबू के विचार में शामिल था कि आंदोलन को मुकाम तक पहुंचने वाला ही असली कामरेड है ।केंद्रीय महामंत्री निताई महतो ने कहा कि झारखंड के विभिन्न कल कारखानों में जहां मजदूरों का शोषण अत्याचार चरम सीमा पर है ।आने वाले समय झारखंड के विभिन्न जिलों में असंगठित मजदूर मोर्चा का जिला सम्मेलन कर सशक्त एवं मजबूत संगठन तैयार करेंगे ।

भाकपा माले के जिला सचिव बिंदा पासवान, कन्हाई पांडेय, पवन महतो ,नरेश पासवान ,मंगल महतो, गणेश दास ,अनिल गुप्ता, ममता देवी ,भगवान राम ,शीतल दत्त ,विमल रामायण ,सुभाष सिंह ,जितेंद्र शर्मा ,जीतू सिंह, ब्रांच माता दशरथ ठाकुर ,सुरेश पासवान, सहदेव सिंह ,दीपेंद्र झा ,अमर सिंह ,बबलू महतो ,राजू पांडे आदि ने संबोधित किया किया सम्मेलन में असंगठित मजदूर मोर्चा धनबाद जिला कमेटी का गठन सर्व समिति से किया गया जिसमें अध्यक्ष सुरेश प्रसाद ,कार्यकारी अध्यक्ष अंबुज मंडल ,उपाध्यक्ष बाबू राजा ,प्रदीप हरिजन और अरडेंगू दत्त ,नागेंद्र सिंह ,सचिव पवन महतो ,संयुक्त सचिव शुभम सिंह, इकबाल अंसारी ,रमेश महतो, सहदेव सिंह, सीता देवी संगठन सचिव गीता टुडू सरस्वती किसकु ,अष्टमी महतो, कोषाध्यक्ष गणेश दास ,सह कोषाध्यक्ष ममता देवी ,कार्यकारिणी सदस्य में जीतू सिंह ,मंगल महतो ,सारथी मंडल अजय पासवान ,संदीप माथुर ,अनिल गुप्ता, अशोक पासवान ,प्रिंस सिंह ,कारू यादव ,सुनील रामदास ,सुरेश पासवान को बनाया गया।

## अमड़ापाड़ा में भाजपा की संथाल परगना प्रमंडल स्तरीय संयुक्त बैठक संपन्न

**अमड़ापाड़ा :** अमड़ापाड़ा के आर .एस. पैलेस में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी की संथाल परगना प्रमंडल के तीन जिलों—दुमका, पाकुड़ और साहिबगंज—की संयुक्त संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बूथ सशक्तिकरण अभियान सहित विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई तथा संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद मिश्र एवं सुनील सोरेन, प्रदेश महामंत्री गणेश मिश्र, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अभयकांत प्रसाद, प्रदेश मंत्री श्रीमती कृष्णा महतो, पूर्व विधायक अनंत ओझा सहित तीनों जिलों के जिला अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, मंडल प्रवासी एवं प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई और कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने तथा जनसंपर्क अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने का आह्वान किया गया।

## एंडेवर एकेडमी में जुटे सैकड़ों अभ्यर्थी, जेटेट परीक्षा की तैयारी को मिली नई दिशा



**पाकुड़ :** शहर स्थित एंडेवर एकेडमी में रविवार को झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (JTET) के अभ्यर्थियों के लिए निःशुल्क साप्ताहिक मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया। परीक्षा में पाकुड़ समेत आसपास के कई इलाकों से पहुंचे बड़ी संख्या में छात्रों ने हिस्सा लिया और अपनी तैयारी का आकलन किया।बीजीआर माइनिंग इंफ्रा एवं जिला प्रशासन के सहयोग से संचालित यह संस्थान पिछले कई वर्षों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। संस्थान के अधिकारियों के अनुसार, यहां से हर साल अनेक छात्र विभिन्न सरकारी सेवाओं और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर रहे हैं।संस्थान के निदेशक विकास तिवारी के नेतृत्व में आयोजित इस मॉक टेस्ट का उद्देश्य अभ्यर्थियों को वास्तविक परीक्षा जैसा अनुभव प्रदान करना था, ताकि वे अपनी तैयारी की स्थिति को बेहतर तरीके से समझ सकें। परीक्षा समाप्त होने के बाद छात्रों को उनकी कमियों और सुधार की संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी भी दी गई। विकास तिवारी ने बताया कि संस्थान में जेटेट, शिक्षक नियुक्ति, रेलवे, एसएससी, बैंकिंग समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए नियमित रूप से निःशुल्क टेस्ट सीरीज आयोजित की जाती है। उन्होंने कहा कि इस पहल का मकसद छात्रों को परीक्षा के दबाव और प्रश्नों के स्तर से पहले ही परिचित कराना है ।उन्होंने यह भी बताया कि सामान्य कक्षाओं के अतिरिक्त कमजोर छात्रों के लिए स्पोकन इंग्लिश की विशेष व्यवस्था की गई है, जिससे उनके व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास और संवाद कौशल में सुधार हो सके ।संस्थान ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में निःशुल्क टेस्ट सीरीज का लाभ उठाने की अपील की है। कार्यक्रम के सफल संचालन में संस्थान के प्रिंस प्रकाश, नीरज कुमार राउत और खोखन रविदास ने अहम योगदान दिया।

## जेल अदालत और स्वास्थ्य शिविर में बंदियों को मिली कानूनी व चिकित्सकीय सहायता

**पाकुड़:** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा) के निर्देश पर रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) की ओर से मंडलकारा पाकुड़ में जेल अदालत के साथ चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बंदियों को त्वरित न्याय दिलाना, उन्हें निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना था ।प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष दिवाकर पांडेय के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में डालसा की सचिव रूपा वंदना किरो ने बंदियों को उनके संवैधानिक और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद बंदियों के लिए निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराए जाते हैं, ताकि सभी को न्याय तक समान पहुंच मिल सके ।सचिव ने बंदियों को प्ली-बर्गेनिंग व्यवस्था, निःशुल्क विधिक सेवाओं तथा लंबित मामलों के त्वरित निपटारे की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान बंदियों की व्यक्तिगत समस्याओं और उनके मामलों से संबंधित शिकायतों को भी गंभीरता से सुना गया ।इसी क्रम में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सकों की टीम ने बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यक परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य बंदियों को कानूनी और स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं एक ही मंच पर उपलब्ध कराना है ।कार्यक्रम में लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ सुबोध कुमार दफादार, डिप्टी चीफ संजीव कुमार मंडल, सहायक अधिवक्ता अजफर हुसैन विश्वास, चिकित्सक डॉ. एस.के. झा, गंगाराम डुडु, डालसा कर्मी नंदलाल पाल समेत मंडलकारा के प्रशासनिक अधिकारी और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे ।अधिकारियों ने कहा कि जेल अदालत और मेडिकल कैंप जैसी पहल बंदियों के अधिकारों की रक्षा करने के साथ-साथ उन्हें न्यायिक और स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

## ड्राइविंग लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया हुई आसान, महेशपुर शिविर में 105 आवेदकों को मिला लाभ

**पाकुड़ :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा के निर्देश तथा उपायुक्त मेघा भारद्वाज के मार्गदर्शन में जिला परिवहन पदाधिकारी मोहम्मद मोजाहिद अंसारी के नेतृत्व में महेशपुर अंचल कार्यालय में दो दिवसीय नवशिक्षु चालक अनुज्ञप्ति (लर्नर लाइसेंस) शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों और वाहन चालकों को वैध ड्राइविंग लाइसेंस के प्रति जागरूक करना तथा लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाना था।17 और 18 जुलाई 2026 को आयोजित इस शिविर के दूसरे दिन 59 आवेदन प्राप्त हुए। वहीं, दोनों दिनों में कुल 109 लोगों ने आवेदन किया, जिनमें से 105 आवेदकों को सफलतापूर्वक लर्नर लाइसेंस जारी किया गया। यह कुल आवेदनों का लगभग 98 प्रतिशत है ।सरकार द्वारा निर्धारित परीक्षा में सफल होने वाले आवेदकों को महेशपुर के अंचल अधिकारी संजय सिन्हा और प्रखंड विकास पदाधिकारी सिद्धार्थ शंकर ने लर्नर लाइसेंस वितरित किया। शिविर में पहले दिन 50 और दूसरे दिन 59 आवेदन प्राप्त हुए थे। इसके अलावा हिट एंड रन मामलों में मिलने वाली सरकारी सहायता, गुड सेमेरिटन योजना, राहवीर योजना, कैशलेस उपचार सुविधा और आपदा प्रबंधन से जुड़ी योजनाओं की भी विस्तार से जानकारी दी गई ।जिला परिवहन पदाधिकारी मोहम्मद मोजाहिद अंसारी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे आगामी प्रखंड और पंचायत स्तर पर आयोजित शिविरों का लाभ उठाकर अपना ड्राइविंग लाइसेंस बनवाएं और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें ।विभाग की ओर से बताया गया कि 20 और 21 जुलाई 2026 को पाकुड़िया प्रखंड में भी इसी प्रकार का शिविर आयोजित किया जाएगा, जिसका लाभ अधिक से अधिक लोग उठा सकते हैं ।कार्यक्रम में अंचल अधिकारी संजय सिन्हा, बीडीओ सिद्धार्थ शंकर, वरीय प्रधान लिपिक बरियार हेंब्रम, सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य तथा जिला परिवहन कार्यालय के कर्मचारी मौजूद थे।

## ऑल इंडिया बार एग्जाम पास कर मो. असराफुल शेख और हक साहब ने रचा नया कीर्तिमान

**पाकुड़ :** पाकुड़ जिला न्यायालय के लिए गर्व की बात है कि यहां के दो अधिवक्ताओं, मो. असराफुल शेख और अधिवक्ता हक साहब ने प्रतिष्ठित ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन (AIBE-XXI) सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर जिले का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद न्यायिक और अधिवक्ता समुदाय में खुशी की लहर दौड़ गई है। जारी परिणाम के अनुसार, मो. असराफुल शेख ने ऑल इंडिया बार परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। उनके पिता का नाम स्वर्गीय मो. मासेद शेख है। इस उपलब्धि के बाद उन्हें जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों, साथी अधिवक्ताओं, मित्रों और परिजनों की ओर से लगातार बधाइयां और शुभकामनाएं मिल रही हैं।ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन का आयोजन बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा किया जाता है। यह परीक्षा देशभर के विधि स्नातकों और अधिवक्ताओं के लिए बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती है। परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के बाद अभ्यर्थियों को देश की विभिन्न अदालतों में विधिक प्रैक्टिस करने की आधिकारिक मान्यता मिलती है।मो. असराफुल शेख और अधिवक्ता हक साहब की इस सफलता को लेकर पाकुड़ न्यायालय परिसर में उत्साह का माहौल है। अधिवक्ताओं ने कहा कि दोनों की मेहनत, लगन और समर्पण ने यह मुकाम दिलाया है, जो अन्य युवा अधिवक्ताओं के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगा।स्थानीय लोगों और शुभचिंतकों ने उम्मीद जताई है कि दोनों अधिवक्ता आने वाले समय में न्याय के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और कार्यकुशलता से नई पहचान बनाएंगे। उनकी इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार, बल्कि पूरे जिले का सम्मान बढ़ा है।इस अवसर पर जिले के कई अधिवक्ताओं और गणमान्य लोगों ने दोनों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## पूर्व मंत्री एवं धनबाद के लोकप्रिय विधायक स्वर्गीय मन्नान मलिक को श्रद्धांजलि

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**धनबाद** ।राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर के अध्यक्ष श्री कुमार जयमंगल (अनूप सिंह) एवं कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती अनुपमा सिंह ने रविवार संध्या 4.30 बजे स्वर्गीय मन्नान मलिक के आवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोकाकुल परिजनों से मिलकर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की ।दोनों नेताओं ने अपने संयुक्त शोक संदेश में कहा कि स्वर्गीय मन्नान मलिक एक ईमानदार, संघर्षशील, निर्भीक एवं जनसेवा के प्रति समर्पित जननेता थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन गरीबों, मजदूरों, शोषितों, वंचितों एवं समाज के हर वर्ग के लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित किया। उनका निधन धनबाद, झारखंड की राजनीति, विधि जगत एवं मजदूर आंदोलन के लिए अपूरणीय क्षति है।श्रद्धांजलि कार्यक्रम में हुब्बान मल्लिक जिला अध्यक्ष संतोष सिंह ए के झा, मुख्तार खान, रामप्रीत यादव, रामगोपाल भुवानिया, करीम अंसारी ,बाबू अंसारी ,मनोज सिंह शाहिद कमर ,कुमार गौरव सोनू, अक्षेयवर प्रसाद, क्यूम खान, अख्तर खान ,विजय कुमार पासवान सतपाल सिंह ब्रोका, शैलेंद्र सिंह, जावेद रजा ,गौतम सिंह आदि सैकड़ो लोग उपस्थित थे

# जेएसएससी क्षेत्रीय कार्यकर्ता परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न,

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**पाकुड़:** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की ओर से आयोजित झारखंड क्षेत्रीय कार्यकर्ता प्रतियोगिता परीक्षा-2024 रविवार को जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुई। परीक्षा के लिए जिले में कुल 15 केंद्र बनाए गए थे, जहां सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे।

यह परीक्षा तीन अलग-अलग पालियों में आयोजित की गई। जिले भर से करीब छह हजार अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था, लेकिन इनमें से 3,536 उम्मीदवार ही परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 2,464 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। तीनों पालियों में क्रमशः 1,179, 1,179 और 1,178 अभ्यर्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

परीक्षा प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। सभी परीक्षा केंद्रों पर दंडाधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों की तैनाती की गई थी। इसके अलावा, 205 से अधिक सुरक्षाकर्मियों को भी व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।दिनभर अधिकारी विभिन्न केंद्रों का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। प्रशासन के अनुसार, परीक्षा के दौरान कहीं से भी किसी प्रकार की अव्यवस्था, गड़बड़ी या अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।जानकारों का कहना है कि आवेदन प्रक्रिया पूरी होने और परीक्षा आयोजित होने के बीच लंबा अंतराल रहने के कारण बड़ी संख्या में अभ्यर्थी रोजगार, पढ़ाई या अन्य कारणों से दूसरे राज्यों का रुख कर चुके हैं। यही वजह रही कि इस बार परीक्षा में उपस्थिति अपेक्षाकृत कम दर्ज की गई।

जिला प्रशासन की सतर्कता और सुरक्षा व्यवस्था के बीच पूरी परीक्षा प्रक्रिया सफलतापूर्वक और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई।

## जय श्रीराम समिति 10 अगस्त को निकालेगी भव्य बाइक कांवड़ यात्रा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**सावन महोत्सव की तैयारियां शुरू**

**लोहरदगा:** जय श्रीराम समिति की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को हटिया गार्डन स्थित जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष अमरेश भारती की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सावन माह के दौरान आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला संरक्षक, जिला अध्यक्ष एवं समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि सावन माह की दूसरी सोमवारी, 10 अगस्त 2026 को समिति के नेतृत्व में भव्य बाइक कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा लोहरदगा से प्रस्थान कर सेन्हा प्रखंड स्थित गढ़गांव महादेव मंडा पहुंचेगी, जहां श्रद्धालु भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे ।बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अमरेश भारती ने कहा कि इस वर्ष कांवड़ यात्रा को भव्य एवं ऐतिहासिक स्वरूप दिया जाएगा। यात्रा की विशेष रूपरेखा तैयार की जा रही है, जिससे यह आयोजन श्रद्धालुओं के साथ-साथ आम लोगों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनेगा ।महिला जिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान ने कहा कि इस धार्मिक आयोजन में महिलाओं की सक्रिय एवं सम्मानजनक भागीदारी सुनिश्चित करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं भी इस आस्था यात्रा का हिस्सा बन सकें ।नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने कहा कि सावन माह का इंतजार शिवभक्त पूरे वर्ष करते हैं। इस बार की कांवड़ यात्रा को लेकर नगर से प्रखंडों तक श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह है और हजारों शिवभक्त बाइक कांवड़ यात्रा में शामिल होकर भगवान भोलेनाथ के प्रति अपनी अटूट आस्था और श्रद्धा प्रकट करेंगे ।बैठक में आयोजन की सफलता के लिए विभिन्न जिम्मेदारियों पर भी चर्चा की गई तथा सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से अधिक से अधिक लोगों को इस धार्मिक यात्रा से जोड़ने का आह्वान किया गया। समिति ने जिले के शिवभक्तों से अपील की है कि वे 10 अगस्त को आयोजित इस भव्य कांवड़ यात्रा में शामिल होकर आयोजन को सफल एवं ऐतिहासिक बनाएं ।मौके पर जिला संरक्षक परमेश्वर साहू, शैलेश कुशवाहा,लक्ष्मी भगत, अजय सोनी,अनूप गुप्ता,ओम महतो,कन्हैया करूवा,राजेश महतो,दुर्गा सोनी,जिला अध्यक्ष अमरेश भारती,महिला अध्यक्ष इंदिरा प्रधान, पूर्णिमा वर्मा, प्रमोद प्रजापति, अनुज महतो,बजरंग साहू, विकास वर्मा नगर अध्यक्ष दीपक साहू,गुंजन भारती, दिग्गज सिंह, उपेंद्र कुशवाहा, दीपक महतो, विकास कास्यकार ,भीम सिंह समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे ।

## संगठन की मजबूती और एस आई आर अभियान पर झामुमो की रणनीति, कार्यकताओं को मिला अहम संदेश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**लिट्टीपाड़ा:** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की लिट्टीपाड़ा प्रखंड समिति की बैठक रविवार को गुरू गलांग में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रसाद हांसदा ने की। इस दौरान लिट्टीपाड़ा विधायक हेमलाल मुर्मू ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक गतिविधियों और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को लेकर विस्तार से चर्चा की ।विधायक हेमलाल मुर्मू ने कहा कि एसआईआर अभियान के तहत क्षेत्र के प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित करना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अपने-अपने बूथ क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए लोगों को जागरूक करें और जिन नागरिकों को सहायता की आवश्यकता है, उन्हें हरसंभव सहयोग प्रदान करें ।उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में पार्टी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी बेहद महत्वपूर्ण है। साथ ही उन्होंने संगठन को जमीनी स्तर तक सशक्त बनाने, नए सदस्यों को जोड़ने और गांवों में पार्टी की गतिविधियों को तेज करने पर विशेष जोर दिया ।बैठक में विधायक ने कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय बनाए रखते हुए जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एक मजबूत संगठन ही आम लोगों की आवाज को प्रभावी ढंग से सरकार तक पहुंचाने का काम करता है ।इस अवसर पर झामुमो जिला अध्यक्ष अजीजुल इस्लाम, जिला उपाध्यक्ष समद अली समेत प्रखंड समिति के कई पदाधिकारी और बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जेल अदालत और स्वास्थ्य शिविर में बंदियों को मिली कानूनी व चिकित्सकीय सहायता

झारखंड उजाला प्रतिनिधि




**पाकुड़:** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा) के निर्देश पर रविवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डालसा) की ओर से मंडलकारा पाकुड़ में जेल अदालत के साथ चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बंदियों को त्वरित न्याय दिलाना, उन्हें निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना था।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष दिवाकर पांडेय के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में डालसा की सचिव रूपा वंदना किरो ने बंदियों को उनके संवैधानिक और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद बंदियों के लिए निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराए जाते हैं, ताकि सभी को न्याय तक समान पहुंच मिल सके।

सचिव ने बंदियों को ह्यप्ली-बर्गेनिंगह्न व्यवस्था, निःशुल्क विधिक सेवाओं तथा लंबित मामलों के त्वरित निपटारे की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान बंदियों की व्यक्तिगत समस्याओं और उनके मामलों से संबंधित शिकायतों को भी गंभीरता से सुना गया ।इसी क्रम में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सकों की टीम ने बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यक परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य बंदियों को कानूनी और स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं एक ही मंच पर उपलब्ध कराना है।

कार्यक्रम में लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ सुबोध कुमार दफादार, डिप्टी चीफ संजीव कुमार मंडल, सहायक अधिवक्ता अजफर हुसैन विश्वास, चिकित्सक डॉ. एस.के. झा, गंगाराम डुडु, डालसा कर्मी नंदलाल पाल समेत मंडलकारा के प्रशासनिक अधिकारी और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे ।अधिकारियों ने कहा कि जेल अदालत और मेडिकल कैंप जैसी पहल बंदियों के अधिकारों की रक्षा करने के साथ-साथ उन्हें न्यायिक और स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

## पाकुड़ में भाजपा की मंडल प्रवासी कार्यकर्ता बैठक, संगठन विस्तार पर हुआ मंथन




झारखंड उजाला प्रतिनिधि

**पाकुड़।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से रविवार को पाकुड़ में मंडल प्रवासी कार्यकताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत बनाने, बूथ प्रबंधन को सशक्त करने तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई ।बैठक में संथाल परगना प्रमंडल के अंतर्गत आने वाले दुमका, पाकुड़ और साहिबगंज जिलों के कई वरिष्ठ पदाधिकारी, जिला प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी और प्रवासी कार्यकर्ता मौजूद रहे। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से संगठन की नीतियों और जनहितकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि पार्टी की असली ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय रखने, आम जनता के साथ लगातार संवाद बनाए रखने और जनसंपर्क अभियान को तेज करने पर जोर दिया ।बैठक के दौरान संगठन की गतिविधियों की समीक्षा भी की गई। साथ ही कार्यकर्ताओं को संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान और केंद्र सरकार की योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ।इस अवसर पर भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने का संकल्प लिया। बैठक के अंत में कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का भरोसा जताया।




स्टार्टअप शुरू करने में थोड़ी इनवेस्टमेंट की जरूरत होती है जो कई लोगों के लिए मुश्किल काम होता है। ऐसे में अगर कोई ऐसा बिजनेस हो जिसे कम लागत में शुरू किया जा सके तो आप जरूर करना चाहेंगे। यहां हम आपको कुछ ऐसे बिजनेस आइडिया के बारे में बताने जा रहे हैं जो एक लाख रुपए से कम लागत में भी शुरू किए जा सकते हैं।




# कम लागत से शुरू कर सकते हैं ये बिजनेस होगी लाखों में इनकम

आजकल स्टार्टअप का जमाना है। हर कोई नौकरी की बजाए अपना खुद का कोई बिजनेस करना चाहता है। स्टार्टअप शुरू करने में थोड़ी इनवेस्टमेंट की जरूरत होती है जो कई लोगों के लिए मुश्किल काम होता है। ऐसे में अगर कोई ऐसा बिजनेस हो जिसे कम लागत में शुरू किया जा सके तो आप जरूर करना चाहेंगे। यहां हम आपको कुछ ऐसे बिजनेस आइडिया के बारे में बताने जा रहे हैं जो एक लाख रुपए से कम लागत में भी शुरू किए जा सकते हैं। हम यहां जिन कामों के बारे में बताने जा रहे हैं उनमें से कुछ ऐसे भी हैं जिन्हें महज 50,000 रुपए की लागत से शुरू किया जा सकता है। इनवेस्टमेंट के हिसाब से इन कामों को बढ़ाया भी जा सकता है।

## इवेंट फोटोग्राफर

फोटोग्राफर बनने के लिए बस आपको एक कैमरे की जरूरत होती है जो कि 50 हजार से कम कीमत में कहीं से भी ले सकते हैं। इस काम के लिए आपके भीतर जुनून और किसी भी चीज की खूबसूरती देखने और उसे कैमरे में कैद करने का हुनर होना जरूरी है। लोगों के फैमिली फंक्शन, शादी, बर्थडे पार्टी, सोसाइटी के कार्यक्रमों आदि में फोटोग्राफर की डिमांड होती है। किसी भी इवेंट को यादगार बनाने के लिए फोटोग्राफी जरुरत बन गई है। ऐसे में आप फोटोग्राफी के जरिए अच्छा पैसा कमा सकते हैं।

## पुरानी कारों की डीलरशिप

भारत में कारों का बिजनेस खूब बढ़ रहा है ऐसे में नई कारों की डीलरशिप के साथ-साथ सेकंड हैंड कारों का बाजार भी डिमांड में है। आप पुरानी कारों की डीलरशिप का बिजनेस शुरू कर सकते हैं। डीलरशिप के अलावा इसमें आप कमिशन भी कुछ कमा सकते हैं। बशर्ते आप को क्लांइट को ढूंढ़ना होगा और उनको डील करानी होगी।



## ड्राइविंग स्कूल

ड्राइविंग स्कूल शुरू करना एक बेहतरीन आयडिया है और देश में गाड़ियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए ये बिजनेस कभी भी घाटे में नहीं रहने वाला। शहरों में तो आजकल एक भी ऐसा शख्स नहीं मिलेगा जो ड्राइविंग नहीं सीखना चाहता हो। इसके लिए आपको सिर्फ एक गाड़ी की जरुरत पड़ती है जो कि आप सेकेण्ड हैंड भी खरीद सकते हैं। एक अनुमान के मुताबिक कुछ ड्राइविंग स्कूल चलाने वाले लोग एक दिन में 8 से 10 हजार रुपए तक कम लेते हैं। इसके लिए आपके पास ड्राइविंग लाइसेंस और अनुभव होना जरूरी है या फिर आप किसी दूसरे आदमी से भी क्लासेज दिलवा सकते हैं।






## आइस क्रीम पार्लर

आइस क्रीम पार्लर भी एक बढ़िया निवेश है। सर्दियों के मौसम को छोड़ दें तो ये हमेशा मांग में रहता है। इसके लिए आपको बस एक फ्रीजर खरीदना होता है या फिर आप आइसक्रीम कंपनियों की फ्रेंचाइजी भी ले सकते हैं। इनमें क्वालिटी वडीलाल जैसी बड़ी आइसक्रीम कंपनियां शामिल हैं और ये कंपनियां आइसक्रीम बिक्री का 10-20 फीसदी तक कमीशन के रुप में देती हैं।

## मोबाइल गैरेज

शहरों के साथ ही ग्रामीण इलाकों में भी कारों की संख्या में तेजी से बढ़ात्तरी हो रही है। आम वाहनों की तरह कार में भी खराबी आना आम समस्या है। ऐसे में कार के मालिक को जरूरत होती कि कार जहां खड़ी है वहीं पर कोई मैकेनिक आकर कार रिपेयर कर जाए। ऐसे में यदि आप कार- ऑटो रिपेरिंग का थोड़ा बहुत अनुभव रखते हैं तो लोगों को मोबाइल गैरेज की सर्विस दे सकते हैं। इसके लिए आपको जरूरी है एक सेकंड हैंड बाइक और एक टूल बॉक्स जोकि दोनों में 50 हजार तक में आ जाएंगे। अपने साथ आप एक हेल्पर या मैकेनिक रखें तो बेहतर होगा। मोबाइल गैरेज के जरिए आप 2 से 5 हजार रुपए तक रोज कमा सकते हैं।







# नौकरी चाहिए तो ऐसे बनाएं सोशल मीडिया प्रोफाइल

**आजकल नौकरी पाने के लिए सिर्फ आपका ज्ञान और स्किल्स ही काफी नहीं है, सोशल मीडिया पर आपकी पोस्ट भी इसमें अहम भूमिका निभा सकती है। आपने अपने फेसबुक पर क्या लिखा या ट्विटर पर कैसे ट्वीट किए या आपकी लिंक्डइन प्रोफाइल आपके बारे में क्या कहती है। आप सोशल मीडिया पर कैसे लोगों के संपर्क में हैं, लोग आपके बारे में क्या सोचते हैं, अब कंपनियां ये सब भी नौकरी देने से पहले देख रही हैं। आज सोशल मीडिया के जरिए किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व और उसके नजरिये के बारे में पता लगाना बहुत आसान हो गया है। यही वजह है कि मल्टीनेशनल और स्टार्टअप कंपनियां नौकरी पर रखने से पहले आवेदक के प्रोफाइल को परखती हैं। इससे उन्हें अंदाजा लग जाता है कि आवेदक उनकी कंपनी में फिट बैठता है या नहीं।**

### सोशल मीडिया पर सकारात्मक छवि होना जरूरी

इन सोशल मीडिया प्रोफाइल से कंपनियों को आवेदकों की रूचि, उसकी प्राथमिकताएं और विश्वसनीयता के बारे में पता चलता है, जिस आधार पर उनके लिए आवेदकों को शॉर्टलिस्ट करना आसान होता है। इसलिए अगर आप चाहते हैं कि आपको बेहतर नौकरी मिले, तो ज्ञान के साथ-साथ सोशल मीडिया पर आपकी सकारात्मक छवि भी होनी चाहिए। करीब 30 फीसदी कंपनियां आवेदकों की सोशल मीडिया प्रोफाइल पर यह देखती हैं कि अन्य लोग आवेदकों के बारे में क्या राय रखते हैं। सोशल मीडिया पर किए गए एक सर्वे में शामिल 60 फीसदी नियोक्ताओं ने उम्मीदवारों की ऑनलाइन मौजूदगी को परखने के बाद उन्हें खारिज कर दिया। इसका बड़ा कारण था उम्मीदवार के ऑनलाइन प्रोफाइल और रेज्यूमे में दी गई शैक्षिक योग्यता में अंतर। आवेदन के खारिज होने का बड़ा कारण था, पिछली कंपनी या अपने स्कूल-कॉलेज को बुरा बताने वाले पोस्ट डालना। इसके अलावा यह ध्यान रखें कि आप जिस कंपनी में काम करने जा रहे हैं, उसके बारे में कहीं भी बुरा न कह रहे हों।

### सोच-समझकर सोशल मीडिया पर करें पोस्ट

वैसे तो सोशल मीडिया साइटों पर आम तौर पर लोग अपनी फोटो और अपने अनुभव शेयर करते है। लेकिन, सोशल मीडिया पर ऐसी फोटो कभी शेयर ना करें जिसके कारण आपकी नकारात्मक छवि प्रस्तुत हों। आप सोशल साइट पर आपकी हॉबी या पसंदीदा चीजों से जुड़ी फोटो शेयर कर सकते हैं। इसके अलावा इस बात पर भी ध्यान देते रहें कि कोई व्यक्ति किसी अश्लील तस्वीर या पोस्ट से आपको टैग तो नहीं कर रहा। इससे आपकी संगत और माहौल का अंदाजा लगाया जाएगा।

### सोशल साइटों पर प्रोफेशनल दिखे

फेसबुक और लिंक्डइन पर आमतौर व्यक्ति की पहचान उसका फोटो देखकर ही की जाती हैं तो आप इसमें वही फोटो डाले जिसमें आप फार्मल लुक में हो। आपकी फुल शॉट तस्वीर से अच्छा है हेड शॉट वाली तस्वीर डालें, वो भी मुस्कराते हुए। आप प्रोफेशनली कैसे दिख रहे हैं, यह पता करने के लिए आप फोटोफीलर नाम की एक साइट पर अपनी फोटो अपलोड करें। इससे फोटो में आप आत्मविश्वासी और प्रभावशाली व्यक्ति के रूप में नजर आ रहे हैं या नहीं, यह पता लग जाएगा।

इंटरनेट पर आप किस तरह से हो रहे प्रस्तुत नौकरी के लिए आवेदन देने की प्रक्रिया के दौरान या उससे पहले एक बार आप अपने नाम को गूगल पर सर्च करके देखे कि गूगल आपके नाम के बारें में क्या दिखाता है। नियोक्ता की नजर से आपकी अपने बारे में क्या राय बन रही है और संबंधित नौकरी के लिए आप खुद को हायर करेंगे या नहीं, इन सवालों का जवाब ढूंढें। जवाब 'न' में हो तो कारणों की सूची बनाएं। हो सकता है आपके पोस्ट गलत विचारधारा को प्रकट कर रहे हों या आपके दोस्त आपकी वॉल पर अनुचित तस्वीरें या अनुचित कमेंट डाल रहे हों। इसके लिए अपनी सेटिंग बदलें और दोस्तों से कहें कि वे ऐसी पोस्ट न डालें। नियोक्ता को आपकी प्रोफाइल कैसी दिख रही है, इसके लिए अपने फेसबुक पेज के ऊ पर दाएं कोने पर जाएं और प्रिव्यू माई प्रोफाइल पर जाकर देखें। आप चाहें तो अपने मुताबिक सेटिंग को एडिट भी कर सकते हैं। वैसे तो अधिकतर नियोक्ता उम्मीदवार को परखने के लिए उनके लिंक्डइन प्रोफाइल पर जाते हैं, पर कई बार क्षेत्र के हिसाब से भी दूसरी साइट पर आपकी मौजूदगी को भी परखते हैं। जैसे, अगर कोई डिजाइनर है तो उसकी पिनट्रेस्ट या टम्बलर प्रोफाइल को परखा जाता है, अगर कोई व्यक्ति मॉडल है तो उसके इंस्टाग्राम को परखा जाता है, वहीं निजी पृष्ठभूमि को जानने के लिए कंपनी फेसबुक प्रोफाइल को देखना पसंद करती है।

### ऐसा होना चाहिए लिंक्डइन प्रोफाइल

लिंक्डइन अपने करियर क्षेत्र और पेशे से जुड़े पेशेवर लोगों से नेटवर्क बनाने का अच्छा जरिया है। अपने करियर क्षेत्र से संबंधित ग्रुप जॉइन करें। लिंक्डइन के मानदंडों के हिसाब से चलें। यदि आप चाहते हैं कि नियोक्ता, बॉस, या सहकर्मी आपके निजी ब्लॉग या पोस्ट को न देख पाएं तो इसके लिए सेटिंग पर जा कर लिंक्डइन प्रोफाइल में 'फीड' के सिंक ऑप्शन को अनचेक कर दें। लिंक्डइन पर डाले गए रेज्यूमे को बहुत से लोग देखते हैं। इसलिए जो सच है, वही लिखें। हाल की फोटो डालें। फॉर्मल ड्रेस में हेड शॉट डालें। अपने लिंक्डइन यूआरएल को छोटा रखें, जिससे गूगल पर आपके लिंक्डइन प्रोफाइल को ढूंढ़ना आसान हो। इसके लिए आप लॉगिन करें, अकाउंट और सेटिंग्स पर जाकर पब्लिक प्रोफाइल पर क्लिक करें और पेज पर यूआरएल एडिट करने का विकल्प चुने।

यदि आप फेसबुक प्रोफाइल को पेशेवर नेटवर्किंग के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं तो अपने प्रोफाइल में जरूरी बदलाव करने के लिए तैयार रहें। इसका मतलब है आपको कुछ कमेंट के साथ-साथ तस्वीरें हटानी होंगी, जो आपकी पेशेवर जिंदगी के लिहाज से ठीक न हों। अगर आपको पार्टी करना पसंद है और नहीं चाहते कि भावी बॉस आपकी पर्सनल प्रोफाइल देखें तो सारी प्राइवेसी सेटिंग में 'फ्रेंड्स ओनली' का ऑप्शन चुनें और कौन आपके प्रोफाइल को देखेगा, इसके प्रति सेलेक्टिव रहें। फेसबुक पर प्राइवेसी सेटिंग बदलें, ताकि यह तय हो सके कि आपके पेज को कौन देखेगा। इससे नियोक्ता भी आपसे एड हुए बिना आपकी प्रोफाइल को नहीं देख पाएंगे। इसके अलावा सेटिंग में बदलाव करें, ताकि लोग आपकी फेसबुक वॉल पर कोई अनुचित पोस्ट न डाल सकें। अगर आपने कहीं काम किया है और उस संस्था से जुड़े लोग आपकी फ्रेंडलिस्ट में हैं तो कस्टम सेटिंग का विकल्प चुन कर उन्हें अपनी निजी पोस्ट देखने से रोक सकते हैं।



### ऐसा होना चाहिए ट्विटर अकाउंट

मार्केटिंग के क्षेत्र में उम्मीदवार के ट्विटर अकाउंट को देखने का चलन है। इससे पता चल जाता है कि उम्मीदवार का नेटवर्क कैसा है। ट्विटर प्रोफाइल को पब्लिक नहीं, प्रोफेशनल बनाएं। अपने करियर क्षेत्र से जुड़े ट्वीट डालें और फॉलो करें। अगर किसी कंपनी में सीनियर पोस्ट के लिए जा रहे हों तो 60 फीसदी ट्वीट आपकी इंडस्ट्री से जुड़े होने चाहिए।

# मंदिरों में भ्रष्टाचार: वहां सुशासन की नई क्रांति का सूत्रपात हो



सचिन कुमार सिंह, प्रधान संपादक

भारत सरकार और राज्य सरकारों को अब इस विषय पर व्यापक राष्ट्रीय नीति बनानी चाहिए। राष्ट्रीय मंदिर सुशासन आयोग जैसी स्वतंत्र संस्था का गठन किया जा सकता है, जो बड़े मंदिरों की वित्तीय पारदर्शिता, प्रशासनिक जवाबदेही, दर्शन व्यवस्था और श्रद्धालुओं के अधिकारों की निगरानी करे। भारत की पहचान केवल उसकी प्राचीन सभ्यता, सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक दर्शन से नहीं है, बल्कि उन मंदिरों से भी है जो करोड़ों लोगों की आस्था, विश्वास और जीवन का आधार हैं। अयोध्या का श्रीराम मंदिर, बद्रीनाथ धाम, माता वैष्णोदेवी, तिरुपति, काशी विश्वनाथ, सोमनाथ, सालासर बालाजी, खाटू श्यामजी जैसे मंदिर केवल धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भारतीय आत्मा के जीवंत प्रतीक हैं। इन मंदिरों में प्रतिदिन लाखों श्रद्धालु इस विश्वास के साथ पहुंचते हैं कि यहां उन्हें केवल भगवान के दर्शन ही नहीं, बल्कि आत्मिक शांति और नैतिक ऊर्जा भी प्राप्त होगी। लेकिन जब इन्हीं मंदिरों से चढ़ावे की चोरी, वित्तीय अनियमितताओं, वीआईपी संस्कृति, पुजारियों अथवा कर्मचारियों के अनुचित आचरण और श्रद्धालुओं के साथ दुर्व्यवहार की खबरें सामने आती हैं, तब केवल कोई संस्था बदनाम नहीं होती, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था घायल होती है। हाल के वर्षों में श्रीराम मंदिर, बद्रीनाथ और अब माता वैष्णोदेवी मंदिर में चढ़ावे से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के मामलों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि मंदिरों की व्यवस्था को केवल धार्मिक भावना के भरोसे नहीं छोड़ा जा सकता। जिस धन को श्रद्धालु भगवान का अर्पण मानकर समर्पित करते हैं, वह किसी व्यक्ति या समूह की निजी संपत्ति नहीं है। उस धन का प्रत्येक रुपया सार्वजनिक विश्वास की धरोहर है। यदि उसी में अपारदर्शिता या चोरी का संदेह पैदा हो जाए तो यह केवल आर्थिक अपराध नहीं, बल्कि धार्मिक विश्वास के साथ विश्वासघात है। सरकार

मंदिरों में बढ़ती अव्यवस्था का दूसरा गंभीर पक्ष है-वीआईपी दर्शन संस्कृति। आज देश का सामान्य श्रद्धालु कई-कई घंटे कतार में खड़ा रहता है। वृद्ध, महिलाएं, दिव्यांग और छोटे बच्चों के साथ आए परिवार कठिन परिस्थितियों में अपनी बारी की प्रतीक्षा करते हैं। लेकिन जैसे ही कोई मंत्री, विधायक, अधिकारी या प्रभावशाली व्यक्ति पहुंचता है, सामान्य दर्शन रोक दिए जाते हैं और वीआईपी दर्शन शुरू हो जाते हैं। आम श्रद्धालु की लाइन रोक दी जाती है, उसके दर्शन का समय बाधित होता है और उसे यह एहसास कराया जाता है कि भगवान के दरबार में भी सभी बराबर नहीं हैं। यह स्थिति भारतीय संस्कृति और धर्म की मूल भावना के विपरीत है। हमारे शास्त्र कहते हैं कि ईश्वर के समक्ष राजा और रंक में कोई भेद नहीं होता। यदि मंदिरों में भी सामाजिक और राजनीतिक विशेषाधिकार का प्रदर्शन होगा तो यह धर्म के मूल स्वरूप का अपमान है। मंदिरों को लोकतांत्रिक समानता और आध्यात्मिक समरसता का सर्वोच्च उदाहरण बनना चाहिए, न कि सामाजिक असमानता का मंच।



आज आवश्यकता इस बात की है कि पूरे देश में समान मन्दिर दर्शन नीति लागू की जाए। राष्ट्रीय सुरक्षा या अत्यंत विशिष्ट संवैधानिक परिस्थितियों को छोड़कर किसी भी व्यक्ति को सामान्य श्रद्धालुओं की कतार से अलग विशेष दर्शन का अधिकार नहीं मिलना चाहिए। यदि किसी कारणवश सुरक्षा व्यवस्था आवश्यक हो, तब भी आम श्रद्धालुओं के दर्शन बाधित नहीं होने चाहिए। भगवान के दरबार में सबसे बड़ा वीआईपी केवल श्रद्धा होनी चाहिए, पद और सत्ता नहीं। इसी प्रकार मंदिरों की चढ़ावा व्यवस्था में व्यापक सुधार की आवश्यकता है। आज डिजिटल भारत का युग है, फिर भी अनेक मंदिरों में दान और चढ़ावे की पारदर्शी व्यवस्था विकसित नहीं हो सकी है। प्रत्येक बड़े मंदिर में दान-पात्रों की इलेक्ट्रॉनिक निगरानी, सीसीटीवी कैमरे, बारकोड आधारित सीलिंग, नियमित स्वतंत्र ऑडिट तथा प्रत्येक माह आय-व्यय का सार्वजनिक विवरण वेबसाइट और सूचना पट्ट पर उपलब्ध कराया जाना चाहिए। श्रद्धालु को यह जानने का अधिकार है कि उसके द्वारा दिया गया धन कहां और किस उद्देश्य में उपयोग किया जा रहा है।

इसके साथ ही मंदिर प्रशासन में केवल धार्मिक पहचान ही नहीं, बल्कि चरित्र, ईमानदारी और प्रशासनिक दक्षता को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। मंदिर प्रबंधन समितियों में ऐसे व्यक्तियों को स्थान मिले जिनकी सामाजिक प्रतिष्ठा निष्कलंक हो, जिनका सार्वजनिक जीवन पारदर्शी रहा हो और जिन पर किसी प्रकार के भ्रष्टाचार या आपराधिक आरोप न हों। समय-समय पर उनके कार्यों का स्वतंत्र मूल्यांकन भी किया जाए। मंदिर प्रबंधन किसी का विशेषाधिकार नहीं, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायित्व है। मंदिरों में सेवा करने वाले पुजारियों, कर्मचारियों और सुरक्षा कर्मियों के लिए भी आचार-संहिता बनाई जानी चाहिए। श्रद्धालुओं के साथ दुर्व्यवहार, अभद्र भाषा, दलालों से मिलीभगत, नशाखोरी या किसी भी प्रकार का अनुशासनहीन व्यवहार पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई हो। सालासर बालाजी में बाउंसरों द्वारा श्रद्धालु की पिटाई और खाटू श्यामजी में मुख्य पुजारी से जुड़े विवाद जैसे प्रसंग यह संकेत देते हैं कि केवल धार्मिक पहचान पर्याप्त नहीं, बल्कि नैतिक अनुशासन भी उतना ही आवश्यक है।

मंदिरों में दलाल संस्कृति भी समाप्त की जानी चाहिए। दर्शन, प्रसाद, पूजा और विशेष अनुष्ठानों के नाम पर होने वाली अनधिकृत वसूली श्रद्धालुओं के विश्वास को कमजोर करती है। सभी सेवाओं की दरें सार्वजनिक हों, ऑनलाइन बुकिंग उपलब्ध हो और किसी भी अतिरिक्त वसूली पर कठोर दंड का प्रावधान हो। भारत आज विश्व का आध्यात्मिक केंद्र बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। श्रीराम मंदिर के निर्माण के बाद दुनिया भर से करोड़ों लोग भारतीय मंदिरों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। धार्मिक पर्यटन भारत की अर्थव्यवस्था का भी महत्वपूर्ण आधार बन रहा है। ऐसे समय यदि मंदिरों की व्यवस्थाओं पर भ्रष्टाचार, कुप्रबंधन और अव्यवस्था के आरोप लगते हैं तो केवल मंदिर ही नहीं, बल्कि पूरे भारत की छवि प्रभावित होती है। विश्व यह संदेश ग्रहण करता है कि जिस देश ने धर्म और नैतिकता का संदेश दिया, वह अपने ही धर्मस्थलों को पारदर्शी नहीं बना पाया, वहां भी व्यापक भ्रष्टाचार पसरा है। भारत सरकार और राज्य सरकारों को अब इस विषय पर व्यापक राष्ट्रीय नीति बनानी चाहिए। राष्ट्रीय मंदिर सुशासन आयोग जैसी स्वतंत्र संस्था का गठन किया जा सकता है, जो बड़े मंदिरों की वित्तीय पारदर्शिता, प्रशासनिक जवाबदेही, दर्शन व्यवस्था और श्रद्धालुओं के अधिकारों की निगरानी करे। प्रत्येक मंदिर के लिए सेवा-मानक निर्धारित हों तथा शिकायत निवारण की समयबद्ध व्यवस्था हो। धार्मिक संगठनों और संत समाज को भी आत्ममंथन करना होगा।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली ।

**मेष राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी, जिससे मन में उत्साह रहेगा, लेकिन कार्यक्षेत्र में थोड़ा सरल व समझौतावादी बने रहने का प्रयास करें। सोच समझकर कोई निर्णय लें, तो ही बेहतर होगा। जल्दबाजी में उठाए गए कदम नुकसान पहुंचा सकते हैं। कोई भी नया काम शुरू न करें। परिवार के साथ धर्म ध्यान में समय बिताएं। मित्रों से मुलाकात अच्छी रहेगी।

**वृषभ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम के बावजूद सफलता कम मिलेगी। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें, अन्यथा किसी विवाद में फंस सकते हैं। परिवारिक समस्याएं परेशान करेंगी। ऐसी स्थिति में पूर्ण विवेक से काम लेना होगा। परिजनों का पूरा सहयोग मिलेगा, लेकिन किसी बात को लेकर बहस होने के आसार रहेंगे, जिससे मानकि परेशानी बढ़ेगी। सेहत अच्छी रहेगी।

**मिथुन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ के योग रहेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य की सार्थकता के लिए प्रयत्नशील होगा। कठिन परिश्म से रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में सफल रहेंगे। कोई नया काम शुरू करने के लिए दिन अच्छा है। पुराना अटका धन भी मिल सकता है। परिवार के साथ समय बिताएं, मानसिक सुख और शांति मिलेगी। खान-पान का ध्यान रखना होगा।

**कर्क राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में अड़चनें आएंगी और कार्यों में सफलता कम मिलेगी। संतान संबंधी दायित्वों के प्रति मन चिंतित होगा। भविष्य के प्रति नकारात्मक विचार उत्साह में कमी ला सकते हैं। कोई नया काम शुरू करना चाहते हैं या निवेश की योजना बना रहे हैं, तो उसे टालें, अन्यथा नुकसान हो सकता है। धर्म ध्यान और परिवार के साथ समय बिताएं, सेहत का ख्याल रखें।

**सिंह राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। किसी कार्य को सिद्ध करने के लिए आज ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। कारोबार में आर्थिक लाभ तो रहेगा, लेकिन अनावश्यक खर्च अधिक होने से आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। मन में किसी प्रकार की शंका न पालें, गलतियों को स्वीकार कर सगे-संबंधियों के बीच अपने रिश्तों को सुधारें। किसी पुराने मित्र या रिश्तेदार से मुलाकात होने पर खुशी मिलेगी।

**कन्या राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार सामान्य रहेगा। अनावश्यक खर्च बढने.से आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। नकारात्मक विचारों को त्याग अपनी क्षमताओं का पूरा उपयोग करें। भविष्य को लेकर योजनाएं बना सकते हैं। नये काम की शुरूआत कर रहे हैं, तो दूसरी को सलाह न लें। अपनों से धोखा मिल सकता है। रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**तुला राशि :-** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ मिलने के योग रहेंगे। परिश्रम से सभी कार्यों में सफलता मिलेगी और सृजनात्मक विचारों का भरपूर लाभ उठाएंगे। स्वाभिमानी स्वभाव लोकप्रियता दिलाने में सहायक होगा। बेरोजगार को रोजगार के अवसर और नौकरी में तरक्की मिलने के आसार रहेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। सेहत का ख्याल रखें।

**वृश्चिक राशि :-** आज का दिन शुभ रहेगा। कारोबार विस्तार की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम से अपने काम को नई पहचान दिलाएंगे। व्यवसाय में नये निवेश का अवसर मिलेगा। करीबियों से पुराने गिले-शिकवे दूर होंगे। पुरानी बातें भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें, छोटी-छोटी बातों को लेकर परिवार में तनाव की स्थिति पैदा न होने दें। परिवार के साथ समय बिताएंगे। सेहत का ख्याल रखें।

**धनु राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आकस्मिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। हालांकि, कुछ अड़चनें आ सकती हैं, लेकिन कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी। परिस्थितियों के हिसाब से अपने आप को ढालने की कोशिश करें। परिवार के साथ समय बिताएंगे तो संबंध भी मधुर होंगे। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। यात्रा को टालें। सेहत अच्छी रहेगी।

**मकर राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकते हैं। कोर्ट में कोई पुराना लंबित मामला चल रहा है तो वह सुलझ सकता है। अनावश्यक खर्चे पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार में कलह हो सकती है। खान-पान का ध्यान रखें और क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कुम्भ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में कोई अच्छी खबर मिल सकती है। बेरोजगारों को रोजगार के अवसर मिलने के आसार हैं। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा रहेगा और उन्हें परिश्रम के सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। कारोबार मध्यम रहेगा। परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा और घर में माहौल अच्छा रहेगा। सेहत को लेकर सतर्क रहें।

**मीन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन अपनी बुद्धिमत्ता से समस्याओं का समाधान करने में सक्षम होंगे और उत्साह पूर्वक नई योजनाओं को क्रियान्वित कर सकेंगे। रोजगार और व्यवसाय के क्षेत्र में लाभ मिलेगा। कारोबार में नए निवेश के अवसर खुलेंगे। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

## न्याय पर बोझ

त्वरित न्याय ही वास्तविक न्याय होता है और त्वरित न्याय के लिए पूरे संसाधन और पर्याप्त न्यायाधीश भी होने चाहिए। अतः अपने देश के प्रधान न्यायाधीश का यह इशारा स्वाभाविक और स्वागतयोग्य है कि न्यायपालिका पर बहुत बोझ है और पर्याप्त संख्या में अदालतें होंगी, तो ही न्याय संभव है। बीते वर्ष से ही देश की सर्वोच्च अदालत में सुनवाइयों के दौरान ट्रिब्यूनल में रिक्त पदों का मुद्दा उठता रहा है। शीर्ष अदालत की नाराजगी भी सामने आती रही है। यह अपने आप में गंभीर बात है कि देश के प्रधान न्यायाधीश न्यायपालिका में कमी को लेकर एकाधिक बार अपनी राय रख चुके हैं। प्रधान न्यायाधीश ने शुक्रवार को तेलंगाना स्टेट ज्युडिशियल कॉन्फ्रेंस 2022 को संबोधित करते हुए कहा कि ह्यन्यायपालिका का बुनियादी ढांचा और रिक्त पदों पर भर्तियां चिंता का मुख्य विषय हैं। न्याय तक पहुंच तभी संभव है, जब हमें पर्याप्त संख्या में अदालतें मिलेंगी।

यह अपने आप में बेहद संवेदनशील विषय है कि न्यायपालिका में नियुक्तियों में देरी हो रही है। सरकार को देखना चाहिए कि बाधा कहां है? अदालतों ने पहले भी न्यायपालिका के विस्तार का पक्ष लिया है, लेकिन प्रशासन बहुत सजग नहीं दिखता। भारतीय न्यायपालिका पर जो बोझ है, वैसा दुनिया की किसी न्यायपालिका पर नहीं है। अभी भी मामलों को न्याय तक पहुंचने में तीस-चालीस साल भी लग जा रहे हैं। पुराने मुकदमों का निपटारा जल्दी नहीं हो रहा है और नए मुकदमे बढ़ते जा रहे हैं। यह बात अलग है कि कई मुकदमे प्रशासन की कमियों की वजह से हैं। खासकर गैर-फौजदारी मामलों में बहुत कमी आ सकती है, लेकिन प्रशासन का काम करने का तरीका निचले स्तर पर अपेक्षित गति से सुधर नहीं रहा। अदालतों के कागजी कामकाज का विस्तार भी लगातार हो रहा है, अतः न्याय में देरी ज्यादातर मामलों में एक सच्चाई है। न्याय में देरी से कुछ लोगों को फायदा होता है, लेकिन कुल मिलाकर शासन-प्रशासन की छवि खराब होती है। आम लोगों की नजर में न्याय या अन्याय अंततः सरकार की जिम्मेदारी है। फिर भी कोई भी राजनीतिक दल त्वरित न्याय को लेकर चिंतित नहीं दिखता। किसी के भी घोषणापत्र में त्वरित न्याय सुनिश्चित करने की कोई रूपरेखा नहीं होती है। ऐसे में, हमारे न्यायाधीशों की शिकायत जायज है। क्या हमारी राजनीतिक पार्टियां लोगों को त्वरित न्याय का वादा नहीं कर सकती हैं? क्या यह लोकहित का मामला नहीं है?

आज न्यायपालिका का विस्तार जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है उसमें समय के साथ आंतरिक सुधार। एक अनुमान के अनुसार, सर्वोच्च न्यायालय में साल भर में 200 दिन भी सुनवाई नहीं होती है। उच्च न्यायालयों में करीब 210 दिन और निचली अदालतों में करीब 245 दिन ही काम होता है। सर्वोच्च न्यायालय में करीब 73,000 मामले और भारत की सभी अदालतों में लगभग 4.40 करोड़ मामले लंबित हैं। मुकदमों की संख्या में हर साल बढ़ोतरी हो रही है। नीति आयोग के एक रणनीति पत्र के मुताबिक, अदालतों को तमाम दर्ज मामले सुलझाने में अभी के हिसाब से करीब 324 साल से अधिक समय लग जाएगा। हजारों मामले तीस-तीस साल से लंबित हैं। अतः न्यायपालिका के बोझ को हल्का करने और उसे त्वरित न्याय की दिशा में प्रेरित करने के भगीरथ प्रयासों की जरूरत है। त्वरित न्याय समाज में सुख-शांति और कानून के राज के लिए भी जरूरी है।

## यक्ष प्रश्न: क्या विकसित भारत 2047 का लक्ष्य 2075 में हासिल होगा?

प्रति व्यक्ति आयः विकसित देश बनने का आधार केवल कुल GDP नहीं, बल्कि प्रति व्यक्ति आय भी है। यदि जनसंख्या के अनुपात में आय पर्याप्त तेजी से नहीं बढ़ती, तो लक्ष्य पीछे खिसक सकता है। तीसरी, रोजगार की चुनौतीः आर्थिक वृद्धि के अनुरूप पर्याप्त गुणवत्तापूर्ण रोजगार नहीं बनने से आय और उपभोग दोनों प्रभावित होते हैं। यदि आप विकसित भारत 2047 का स्वप्न देख रहे हैं तो थोड़ा संभल जाइए, क्योंकि कुछ अर्थशास्त्रियों ने यह तर्क दिया है कि यदि भारत की मौजूदा आर्थिक वृद्धि दर, उत्पादकता और रोजगार सृजन की गति में पर्याप्त सुधार नहीं हुआ, तो भारत को विकसित देश बनने में 2047 के बजाय 2075 तक का समय लग सकता है। बता दें कि यह कोई आधिकारिक सरकारी अनुमान नहीं है, बल्कि कतिपय अर्थशास्त्रियों द्वारा किए गए एक आर्थिक विश्लेषण पर आधारित दृष्टिकोण मात्र है, जो सत्य के निकट है या परे, यह भविष्य के गर्भ में है। हाँ, इतना जरूर है कि इससे विपक्ष को सत्तापक्ष की खिल्ली उड़ाने का एक मौका जरूर मिल गया है। स्व-सहायताऔर प्रेरणादायक

दरअसल, इस संदर्भ में चर्चित अर्थशास्त्री सुरजीत भल्ला ने भी कहा कि यदि वर्तमान गति ऐसी ही बनी रही, तो विकसित भारत का लक्ष्य 2047 तक हासिल करना कठिन हो सकता है। मसलन, Surjit Bhalla का आशय यह है कि केवल उच्च आर्थिक वृद्धि दर पर्याप्त नहीं है। यदि वर्तमान गति, निवेश, उत्पादकता और रोजगार सृजन की चुनौतियाँ बनी रहीं, तो भारत को विकसित देश बनने में 2047 के बजाय 2075 तक का समय लग सकता है।

इस प्रकार से देखा जाए तो उन्होंने और उनके जैसे अन्य कई अर्थशास्त्रियों द्वारा उठाई जाने वाली प्रमुख चिंताएँ इस प्रकार हैं:- पहली, विकास दर में कमीः विकसित भारत के लक्ष्य के लिए लंबे समय तक 8झ9% या उससे अधिक वास्तविक GDP वृद्धि की आवश्यकता मानी जाती है, जबकि हाल के वर्षों में वृद्धि इससे कम रहने का अनुमान है।

दूसरी, प्रति व्यक्ति आयः विकसित देश बनने का आधार केवल कुल GDP नहीं, बल्कि प्रति व्यक्ति आय भी है। यदि जनसंख्या के अनुपात में आय पर्याप्त तेजी से नहीं बढ़ती, तो लक्ष्य पीछे खिसक सकता है। तीसरी, रोजगार की चुनौतीः आर्थिक वृद्धि के अनुरूप पर्याप्त गुणवत्तापूर्ण रोजगार नहीं बनने से आय और उपभोग दोनों प्रभावित होते हैं। आर्थिकसमाचार

चौथी, विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग): GDP और रोजगार में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी अपेक्षित स्तर तक नहीं बढ़ पाई है। पांचवीं, मानव पूंजीः शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास और श्रम उत्पादकता में अभी भी उल्लेखनीय सुधार की आवश्यकता है। छठी, वैश्विक अनिश्चितताएँः भू-राजनीतिक तनाव, व्यापार बाधाएँ, ऊर्जा कीमतें और वैश्विक आर्थिक मंदी जैसे कारक भी विकास की गति को प्रभावित कर सकते हैं। हालाँकि, यह ध्यान रखना भी आवश्यक है कि यह एक आर्थिक आकलन है, कोई निश्चित भविष्यवाणी नहीं। यदि भारत अगले दो दशकों में तेज और निरंतर आर्थिक वृद्धि, व्यापक रोजगार सृजन, विनिर्माण विस्तार, बुनियादी ढाँचे में निवेश, शिक्षा-स्वास्थ्य सुधार और प्रशासनिक सुधारों को प्रभावी ढंग से लागू करता है, तो 2047 का लक्ष्य अधिक यथार्थवादी हो सकता है।



इसलिए सुरजीत भल्ला का तर्क मूलतः यह है कि यदि वर्तमान गति और संरचनात्मक चुनौतियाँ नहीं बदलीं, तो विकसित भारत का लक्ष्य 2047 से काफी आगे खिसक सकता है। इसके पीछे प्रमुख कारण बताए जाते हैं जो इस प्रकार हैंः पहला, विकास दर की चुनौतीः विकसित देशों की श्रेणी में पहुँचने के लिए भारत को लंबे समय तक लगभग 7झ8% या उससे अधिक वास्तविक जीडीपी (GDP) वृद्धि बनाए रखनी होगी। यदि वृद्धि 6% के आसपास रहती है, तो लक्ष्य पीछे खिसक सकता है। वित्त

दूसरा, प्रति व्यक्ति आय कम होनाः भारत की कुल अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है, लेकिन बड़ी आबादी के कारण प्रति व्यक्ति आय अभी विकसित देशों से काफी कम है। तीसरा, रोजगार और उत्पादकताः उच्च आर्थिक वृद्धि के साथ गुणवत्तापूर्ण रोजगार और श्रम उत्पादकता में तेज सुधार आवश्यक है। चौथा, विनिर्माण क्षेत्र की धीमी प्रगतिः यदि मैन्युफैक्चरिंग और निर्यात अपेक्षित गति से नहीं बढ़ते, तो आय वृद्धि सीमित रह सकती है। पांचवां, शिक्षा और स्वास्थ्यः मानव पूंजी में निवेश पर्याप्त न होने पर दीर्घकालिक विकास प्रभावित होता है। छठा, बुनियादी ढाँचा और संस्थागत सुधारः न्यायिक दक्षता, भूमि, श्रम और प्रशासनिक सुधारों की गति भी निर्णायक मानी जाती है।

वहीं, दूसरी ओर, 2047 के लक्ष्य के समर्थन में भी मजबूत तर्क हैं क्योंकि भारत में सत्ता प्रतिष्ठान के रिकॉर्ड दर रिकॉर्ड को तोड़ती जा रही भाजपा नीत राजग की नरेंद्र मोदी सरकार के लिए विकसित भारत 2047 एक ड्रीम प्रोजेक्ट है। चूंकि भारत की आजादी प्राप्ति का सौवाँ वर्ष है, इसलिए सरकार इसे ज्यादा तवज्जो दे रही है, जबकि वैश्विक षड्यंत्रकारी देश अमेरिका/चीन और उनके पिछलग्गू कट्टर मुस्लिम देश भारत की तरक्की से जल-भुन रहे हैं!

## असंतुलित आर्थिक नीतियां बढ़ा रही हैं अमीरी गरीबी की खाई

आंकड़ों के मुताबिक 5 साल पहले रियल एस्टेट की कुल बिक्री में अफोर्डेबल हाउसिंग की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत थी, जो अब घटकर महज 18 प्रतिशत रह गई है। इस महीने पेश हुए बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्यम वर्ग की जेब ढीली करने के लिए टैक्स में छूट दी। देश के लगभग 100 करोड़ भारतीयों के पास इतनी आय नहीं है कि वे विवेकाधीन वस्तुओं पर कुछ भी खर्च कर सकें। अर्थात वे किसी भी प्रकार से किसी भी वस्तु पर अतिरिक्त खर्च करने में असमर्थ हैं। लोग जरूरत के अलावा सामान या सुविधाएं नहीं खरीद सकते। वहीं, देश के केवल 10 फीसदी लोग, अर्थात 13-14 करोड़ लोग देश की अर्थव्यवस्था को चला रहे हैं, क्योंकि ये लोग ही सबसे ज्यादा खर्च करते हैं और देश की तरक्की में बड़ा रोल निभाते हैं। केंद्र सरकार एक तरफ देश में तरक्की का नया मॉडल पेश करते हुए विकसित भारत की तरफ बढ़ते कदमों का आंकड़ा पेश करती है, वहीं गरीबी और अमीरी की बढ़ती खाई ने इस मॉडल पर सवालिया निशान लगा दिए हैं। ब्लूम वेंचर्स की इंडस वैली की वार्षिक रिपोर्ट 2025 भारत की आर्थिक विषमता की यह तस्वीर पेश करती है। इस रिपोर्ट का सरकार द्वारा किसी तरह प्रतिवाद नहीं किए जाने से साफ जाहिर है कि देश की आर्थिक सेहत एक तरफा जा रही है। अमीरी और गरीबी की खाई का चौड़ा होना जारी है। रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि भारत का उपभोक्ता बाजार बड़े स्तर पर विस्तार नहीं कर रहा है, बल्कि एक ही जगह गहरा होता जा रहा है। इसका मतलब यह है कि भले ही अमीर लोगों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हो रही है, लेकिन जो लोग पहले से ही अमीर हैं, वे और भी अमीर हो रहे हैं।

आंकड़ों के अनुसार शीर्ष 10 प्रतिशत भारतीयों (10 सबसे अमीर भारतीय) के पास अब कुल नेशनल आय का 57.7 प्रतिशत हिस्सा है, जो पहले 1990 में 34 प्रतिशत था, जबकि निचले स्तर पर यह हिस्सा पहले के 22.2 प्रतिशत से घटकर 15 प्रतिशत रह गया है। इसके अलावा, 30 करोड़ लोग ऐसे हैं जिन्होंने हाल फिलहाल खर्च करना शुरू किया है। ये लोग भी अपने खर्च को लेकर बहुत सावधान हैं। खर्च करने वाला वर्ग बढ़ नहीं रहा!

आंकड़ों के मुताबिक 5 साल पहले रियल एस्टेट की कुल बिक्री में अफोर्डेबल हाउसिंग की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत थी, जो अब घटकर महज 18 प्रतिशत रह गई है। इस महीने पेश हुए बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मध्यम वर्ग की जेब ढीली करने के लिए टैक्स में छूट दी। 12 लाख रुपये तक कमाई करने वालों को अब इनकम टैक्स नहीं देना होगा जिससे 92 प्रतिशत वेतनभोगी लोगों को राहत मिलेगी। इसके बावजूद भारत की खपत चीन से 13 साल पीछे है। वर्ष 2023 में भारत में प्रति व्यक्ति खर्च 1,493 डॉलर था, जबकि चीन में वर्ष 2010 में ही ये 1,597 डॉलर था। माइक्रोफाइनेंस सेक्टर में भी हालात ठीक नहीं हैं। माइक्रोफाइनेंस सेक्टर में बढ़ता कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है। दिसंबर 2024 तक इस सेक्टर के नॉन-परफॉर्मिंग असेट्स (एनपीए) 50,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। ये अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है और कुल लोन का 13 प्रतिशत है। अमीर-गरीब के बीच की खाई भारत में कभी छिपी नहीं रही है। यह खाई और चौड़ी हो गई है। माइक्रोफाइनेंस का मतलब है गरीब परिवारों को बिना गारंटी के लोन देना। इन परिवारों की सालाना कमाई 3 लाख रुपये से कम होती है। ज्यादातर महिलाएं इन लोन का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन ज्यादा लोन देने की होड़ में हालात बिगड़ गए हैं। बंधन बैंक, इंडसइंड, आईडीएफसी फर्स्ट जैसे बैंकों के एनपीए बढ़ गए हैं।



# वाहन मालिकों के लिए बिहार सरकार का बड़ा फरमान, घर से बाहर गाड़ी निकालने से पहले जान लें टोल टैक्स नियम

एजेंसी



**पटना:** सम्राट चौधरी की सरकार ने पिछले कैबिनेट में ही स्टेट हाईवे और पुलों पर टोल टैक्स लगाने की स्वीकृति दी थी. अब इसको लेकर राज्य में बिहार पथ उपयोगकर्ता शुल्क नियमावली 2026 की अधिसूचना भी जारी कर दी गई है. इसके साथ ही टोल टैक्स नीति बिहार में लागू हो गई है. 16 पेज का टोल टैक्स नीति लागू किया गया है. टोल टैक्स के लिए प्रमुख पथों और पुलों के चयन पर काम शुरू हो गया है.

**टोल टैक्स नीति लागू :** चार लेन से कम और दो लाइन से अधिक स्टेट हाईवे प्रत्यय राशि का 60% टोल टैक्स लगेगा. वहीं 4 लाइन और उससे अधिक चौड़ाई वाले सड़कों पर 100% टोल टैक्स लिया जाएगा. अब पथ निर्माण विभाग उन पथों और पुलों का चयन कर रहा है जिसपर टोल टैक्स की वसूली होगी. उसके बाद सरकार के तरफ से टोल टैक्स लेने की तिथि की घोषणा की जाएगी.

**अप्लाई होगा ये नियम:** पुलों पर टोल टैक्स का निर्धारण उसकी लंबाई में 10 गुना जोड़कर किया जाएगा. उदाहरण के लिए 5 किलोमीटर लंबा पुल है और 45 किलोमीटर सड़क का हिस्सा है तो पुल पर 10 गुना यानी की 50 किलोमीटर और सड़क का हिस्सा 45 किलोमीटर कुल 95 किलोमीटर पर टोल टैक्स देना होगा.

**कितना लगेगा टोल टैक्स?** दोपहिया, ट्रैक्टर और हार्वेस्टर पर टैक्स नहीं लगेगा, लेकिन यदि सर्विस रोड होगा तो टोल टैक्स में छूट नहीं मिलेगी. सम्राट चौधरी सरकार की ओर से जो कैबिनेट में फैसला लिया गया है, उसमें कार जीप वैन समेत छोटे वाहन पर 1.25 प्रति किलोमीटर टोल टैक्स लगेगा.

**फास्ट टैग के माध्यम से कटेगा टोल टैक्स:** पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों के अनुसार टोल टैक्स गाड़ी में लगे फास्ट टैग या स्वीकृत इलेक्ट्रॉनिक प्रणालियों के माध्यम से ही कटेगा. बिना फास्ट टैग वाले वाहनों के मामले में अधिक शुल्क लिया जाएगा. उसके साथ अधिक भार युक्त वाहनों के मामले में भी अधिक शुल्क लेने का प्रावधान किया जा रहा है.

**तीन गुना जुर्माना लगाने का भी प्रावधान:** विशिष्ट श्रेणियों के लिए छूट का भी प्रावधान किया जाएगा. साथ ही रियायती पास और कई अन्य तरह की व्यवस्था भी होगी. टोल टैक्स के लिए एजेंसी का चयन होगा. जो वाहन मालिक निर्धारित शुल्क का भुगतान नहीं करेंगे, उन पर तीन गुना जुर्माना भी लगाने का प्रावधान किया जा रहा है.

**डबल बोझ पड़ेगा:** कैबिनेट में लिए गए फैसले के बाद अब सरकार की ओर से जो टोल टैक्स नीति लागू की गई है, उसके आधार पर ही टोल टैक्स वसूलने की कार्य योजना तैयार की जा रही है. यानी अब प्रदेश के लोगों को नेशनल हाईवे के साथ स्टेट हाईवे और पुल पर भी टोल टैक्स का बोझ सहना होगा. हालांकि पूरी प्रक्रिया में अभी कुछ समय लग सकता है क्योंकि पहले जिन रोड और पुल पर टैक्स लगेगा उसका चयन होगा फिर एजेंसी का चयन किया जाएगा.

# करने दो टारगेट..' बिना सिक्योरिटी के घूमने पर लालू यादव ने कहा- शेर हूं, डर नहीं लगता

एजेंसी

**पटना:** बिहार सरकार ने भले ही लालू यादव और राबड़ी देवी को फिर से पहले की तरह जेड कैटेगरी की सिक्योरिटी बहाल कर दी हो लेकिन उन्होंने अब तक सुरक्षा नहीं ली है. पटना में पत्रकारों ने जब आरजेडी अध्यक्ष से पूछा कि आप बिना सुरक्षा के घूम रहे हैं, डर नहीं लगता तो उन्होंने कहा कि शेर को डर नहीं लगता.

**'शेर को डर नहीं लगता':** लालू यादव ने अपनी सुरक्षा को लेकर चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि कोई दिक्कत नहीं है. उनको क्यों डर लगेगा. शेर को किस बात से डर लगेगा. हमारे साथ तो बिहार की जनता है.



**सम्राट-नीतीश पर भड़के:** लालू ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और पूर्व सीएम नीतीश कुमार उनको और उनके परिवार को जान-बूझकर टारगेट कर रहे हैं. हालांकि उन्होंने कहा कि करने दो टारगेट, इन सब बातों से उनको कोई फर्क नहीं पड़ता. आरजेडी चीफ ने नीतीश कुमार की चुप्पी पर भी सवाल उठाए.

**तेजस्वी ने संभाल ली है पार्टी ?:** वहीं, जब उनसे पूछा गया कि क्या तेजस्वी यादव ने अच्छे से राष्ट्रीय जनता दल की जिम्मेदारी संभाल ली है? तब लालू यादव ने कहा कि हां वह अच्छे से पार्टी चला रहे हैं.

**10 सर्कुलर रोड आवास छिना:** पिछले दिनों लालू यादव और राबड़ी देवी ने 10 सर्कुलर रोड स्थित आवास खाली कर दिया था. उस घर में 20 वर्षों से रह रहे थे. विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष की हैसियत से अब राबड़ी को 39 हार्डिंग रोड स्थित बंगला मिला है लेकिन लालू परिवार अपने कौटिल्य नगर वाले निजी घर में शिफ्ट हुआ है.

# आरओबी पर 42 दिनों तक नो एंट्री, रेलवे और बिहार सरकार के विवाद में 56 साल पुराना फ्लाईओवर जर्जर

एजेंसी

**समस्तीपुर:** बिहार के समस्तीपुर जिला मुख्यालय के मुख्य सड़क पर बना 56 वर्ष पुराना आरओबी को मेंटेनेंस के लिए पूरी तरह से बंद कर दिया गया है. अगले 15 अगस्त तक इसपर नो एंट्री रहेगी. इस फ्लाइओवर को समस्तीपुर का लाइफलाइन और मिथिला का द्वार माना जाता है. यह समस्तीपुर, दरभंगा और रोसड़ा को जोड़ता है. ऐसे में इसके बंद हो जाने से लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई है.

**आरओबी पर चल रहा मेंटेनेंस का काम**

हालांकि जिला प्रशासन ने आवाजाही को लेकर कुछ वैकल्पिक रास्ते बनाये हैं. वहीं इस फ्लाईओवर की बात करें तो, यह सिर्फ समस्तीपुर के लोगो के लिए ही नहीं बल्कि आसपास के कई जिलों के लोगो की जीवनरेखा की राह को आसान करता है.




**42 दिनों तक पुल बंद**

वहीं दो हिस्सों में बंटे समस्तीपुर शहर को भी यही पुल जोड़ता है. समस्तीपुर सदर एसडीओ दिलीप कुमार ने बताया कि मेंटेनेंस के कारण इसे आवागमन के लिए पूरी तरह बंद कर दिया गया है. अगले 15 अगस्त यानी 42 दिनों तक यह पुल बंद रहेगा. वैसे इस दौरान आवाजाही के लिए नया रुट प्लान जारी किया गया है. कई विकल्प चिन्हित है, जहां से छोटी व आवश्यक सेवाओं में लगी गाड़ियां चलेंगी.

**रेलवे और बिहार सरकार के बीच विवाद**

बता दें कि समस्तीपुर जिले के गठन से दो वर्ष पूर्व 1970 में इस फ्लाईओवर निर्माण हुआ था. जिसके बाद से एक बड़ी आबादी के लिए यह सिर्फ एक फ्लाईओवर नहीं बल्कि सही मायनों में लाइफ लाइन बन चुका है. लेकिन लोगों के सफर को आसान बनाने वाले इस फ्लाईओवर को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है. सूत्रों की मानें तो इसके मेंटेनेंस का मामला बिहार सरकार और रेलवे के बीच फंसा है.

**जर्जर हो चुका है फ्लाईओवर:** वैसे जब पुल जर्जर होने लगा तो, रेलवे ने अपने ट्रैक के ऊपर के हिस्सों को समय-समय पर जरूरी मेंटेनेंस कराया. इस पुल के अन्य भाग धीरे-धीरे जर्जर होते चले गए. बहरहाल अब पूरी तरह से बीमार हुए इस पुल के मेंटेनेंस का काम शुरू हुआ है और उम्मीद है कि तय वक्त पे इसे पूरा कर लिया जाएगा.

**समय पर काम पूरा करने की लोगों ने की मांग**

इस पुल के बंद हो जाने से एक बड़ी आबादी प्रभावित हुई है. लोगों का मानना है कि गंतव्य तक जाने में भले परेशानी हो रही हो, लेकिन हमारे लिए इसका दुरुस्त होना जरूरी है. वहीं कुछ लोगो का यह भी तर्क है कि , पहले ही शहर में बेतरतीब ट्रैफिक व्यवस्था से वे हलकान हैं. अगले 40-42 दिन उनकी परेशानी और बढ़ने वाली है. साथ ही लोगों ने इसे वक्त पर पूरा करने की अपील भी सम्बंधित विभाग से की है.

**क्या है वैकल्पिक व्यवस्था:** गौरतलब है कि वैकल्पिक यातायात व्यवस्था में किसी तरह की विघ्न बाधा न हो इसके लिए यातायात पुलिस की टीम ने विशेष तैयारी कर रखी है. ताजपुर रोड, धर्मपुर चौक, पंचवटी चौक, आदर्शनगर रोड, कन्हैया चौक समेत दो दर्जन से अधिक जगहों को चिन्हित किया गया है. इन जगहों पर आमजनों की सुविधा और यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए पुलिस जवानों की तैनाती होगी.

## संक्षिप्त खबर

### पटना के इस इलाके में फल व्यापारी को दिन-दहाड़े मारी गोली, जांच में जुटी पुलिस



**पटना:** राजधानी पटना के बहादुरपुर थाना क्षेत्र स्थित बाजार समिति फल मंडी में मंगलवार को एक फल व्यापारी को गोली मार दी गई. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, हमलावर ने साइलेंसर लगे हथियार से फायरिंग की. घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई.गोली लगने के बाद घायल फल व्यापारी को आनन-फानन में इलाज के लिए PMCH में भर्ती कराया गया. चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है. फिलहाल उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है.घटना की सूचना मिलते ही बहादुरपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी. साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और वैज्ञानिक तरीके से जांच की जा रही है.पुलिस घटना के कारणों और हमलावरों की पहचान करने में जुटी है. आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है. अधिकारियों का कहना है कि सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा करने का प्रयास किया जाएगा.

### 21000 करोड़ से बिहार में बिछेगा सड़कों-पुलों का जाल, सरकार लेगी लोन, इस जिले में बनेगा महासेतु




**बिहार:** बिहार में शानदार सड़कें और पुल बनाने के लिए राज्य सरकार ने बड़ा फैसला लिया है. पथ निर्माण विभाग ने बैंकों से 21 हजार करोड़ रुपये का लोन लेने की मंजूरी दे दी है. इस बड़े फंड से मुजफ्फरपुर सहित पूरे उत्तर बिहार में रुके हुए और चल रहे प्रोजेक्ट्स का काम बहुत तेजी से पूरा होगा. इस 21000 करोड़ में से 15 हजार करोड़ रुपये बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड (BSRDCL) को दिए जाएंगे. 6 हजार करोड़ रुपये बिहार राज्य पुल निर्माण निगम को मिलेंगे. विभाग ने इसकी सारी नियम और शर्तें अधिकारियों को बता दी हैं.सरकार यह लोन 25 सालों में किस्तों में चुकाएगी. कर्ज चुकाने के लिए बिहार पथ उपयोगकर्ता शुल्क नियमावली 2026 के तहत सड़कों और पुलों से जो टोल टैक्स वसूला जाएगा, उसका इस्तेमाल किया जाएगा. अब पैसों की कमी से कोई काम नहीं रुकेगा.इस नए फंड से मुजफ्फरपुर के लोगों को जाम से बड़ी राहत मिलेगी. शहर की लाइफलाइन माने जाने वाले अखाड़ाघाट पुल और दादर पुल के नए निर्माण में अब काफी तेजी आएगी. इसके साथ ही पुराने दादर पुल और शहर के सबसे व्यस्त माड़ीपुर आरओबी (ROB) की मरम्मत का काम भी जल्द पूरा हो जाएगा.मुजफ्फरपुर के पारू प्रखंड के फतेहाबाद में बूढ़ी गंडक नदी पर एक बहुत बड़ा पुल बनने जा रहा है. लगभग 5 अरब रुपये के खर्च से यहां 3 किलोमीटर लंबा पुल बनेगा. इस मेगा प्रोजेक्ट का काम जल्द शुरू होगा, जिससे पारू और आसपास के इलाकों में आना-जाना बहुत आसान हो जाएगा.मुजफ्फरपुर में BSRDCL द्वारा करीब 8 अरब रुपये की लागत से हथौड़ी-अतरार-बभनगामा-औराई सड़क बनाई जा रही है. इसके लिए जमीन लेने की प्रक्रिया शुरू हो गई है. अब बैंकों से पैसा आते ही जिन किसानों या लोगों की जमीन ली गई है, उन्हें तेजी से मुआवजे का पैसा दिया जाएगा ताकि सड़क बनाने का काम बिना किसी रुकावट के चलता रहे.

# बिहार के इस जिले में रनवे के लिए 10 दिनों में टेंडर की संभावना, जल्द ही उड़ान भरेंगे छोटे विमान

एजेंसी

**बिहार:** बिहार में रोड और रेल के बाद अब हवाई कनेक्टिविटी को मजबूत किया जा रहा है. इसी क्रम में मुजफ्फरपुर जिले के पताही एयरपोर्ट को शुरू करने पर पूरा जोर दिया जा रहा है. जल्द ही पताही एयरपोर्ट से छोटे विमानों की उड़ान शुरू होने वाली है. इस एयरपोर्ट को कोड-बी एयरपोर्ट के रूप में डेवलप किया जाएगा.

**एयरपोर्ट को लेकर पहले फेज का काम शुरू**

जानकारी के मुताबिक, अगले साल यानी कि 2027 के जून तक पताही एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा. जबकि रनवे के लिए 10 दिनों में टेंडर की प्रक्रिया भी पूरी कर ली जाएगी. एयरपोर्ट के आधुनिकीकरण और विकास के पहले फेज का काम जुलाई में शुरू हो गया है. लगभग 43 करोड़ 13



लाख रुपये की लागत से पहले फेज की शुरूआत की गई है.

**इन सुविधाओं को किया जाएगा डेवलप**

इसमें से लगभग 23 करोड़ 47 लाख रुपये से एयर ट्रैफिक कंट्रोल भवन, टर्मिनल भवन, फायर स्टेशन के अलावा अन्य सुविधाओं को लेकर व्यवस्था की जाएगी. बताया जा रहा है कि निर्माण एजेंसी को 11 महीने में काम पूरा कर लेने का टारगेट दिया गया है. पताही एयरपोर्ट के निर्माण से उत्तर बिहार में हवाई कनेक्टिविटी मजबूत हो सकेगा. लोगों के लिए नया ऑप्शन मिल सकेगा.

**पहले फेज में उड़ान भरेंगे छोटे विमान**

पताही एयरपोर्ट के रनवे को लेकर बताया गया है कि इसके लिए 10 दिनों के अंदर टेंडर की प्रक्रिया पूरी की जा सकेगी. पहले फेज में यहां से छोटे विमान उड़ान भर सकेंगे. इसे ही ध्यान में रखते हुए टर्मिनल भवन की क्षमता यह होगी कि यहां से एक समय में लगभग 150 यात्रियों का आना-जाना हो सकेगा. पताही एयरपोर्ट मुजफ्फरपुर और इसके आस-पास के जिलों के लिए बेहद खास साबित हो सकेगा.

**जिले के विकास को मिलेगी गति**

मुजफ्फरपुर में पताही एयरपोर्ट के निर्माण से जिले को विकास को गति मिल सकेगी. साथ ही जिले का आर्थिक विकास भी हो सकेगा. बताया जा रहा है कि लोगों की मांग लगभग 10 साल पुरानी है. कई बार काम शुरू हुआ लेकिन किसी ना किसी कारण से मामला ठंडे बस्ते में चला गया. ऐसे में अब जाकर लोगों की उम्मीदें बढ़ गई हैं.

# बुधवार को होगी सम्राट कैबिनेट की बैठक, युवा, शिक्षा, स्वास्थ्य समेत इन एजेंडों पर लग सकती है मुहर

एजेंसी

**बिहार:** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक बुधवार को होगी. यह बैठक मुख्य सचिवालय के मंत्रिमंडल कक्ष में शाम 5 बजे होगी. इसमें दोनों डिप्टी सीएम बिजेंद्र यादव और विजय चौधरी मौजूद रहेंगे. इनके अलावा अन्य विभागों के मंत्री और अधिकारी भी मौजूद रहेंगे. इस दौरान कई अहम एजेंडों पर मुहर लगाई जा सकती है.

**युवाओं के लिए निकाली जा सकती है बहाली**

जानकारी के मुताबिक, बिहार के युवाओं के लिए नई नौकरी को लेकर फैसला लिया जा सकता है. कई विभागों में उनके लिए नई बहाली निकाली जा सकती है. सरकार की तरफ से साल 2030 तक 1 करोड़ युवाओं को नौकरी देने का लक्ष्य तय किया गया है. ऐसे में कल होने वाली कैबिनेट की बैठक में उनसे जुड़ा फैसला लिया जा सकता है.



**नई योजनाओं को मिल सकती है मंजूरी**

इसके अलावा नई योजनाओं को मंजूरी मिल सकती है. कई विभागों से जुड़ी महिलाओं, विधवा, बुजुर्गों और बिहार के लोगों के हित में नई योजनाओं पर मुहर लग सकती है. इसके अलावा सामान्य प्रशासन विभाग से जुड़ा फैसला भी लिया जा सकता है. ऐसे में कल होने वाली बैठक बेहद खास मानी जा रही है.

**नए निर्माणों को लेकर हो सकता है फैसला**

इस बैठक में राज्य में सड़क, फोरलेन, पुल समेत नए निर्माणों को भी मंजूरी मिल सकती है. बिहार में रोड के साथ-साथ रेल और हवाई कनेक्टिविटी पर भी पूरा जोर दिया जा रहा है. ऐसे में कुछ जिलों को नया तोहफा कैबिनेट की बैठक में सरकार की ओर से मिल सकता है.

**इससे पहले 1 जुलाई को हुई थी बैठक**

इससे पहले 1 जुलाई को कैबिनेट की बैठक हुई थी. इसमें 29 एजेंडों पर मुहर लगी थी. सरकार ने पांच नए केंद्रीय विद्यालयों के लिए जमीन उपलब्ध कराने, 31 बस स्टैंडों के आधुनिकीकरण, 1100 श्रद्धालुओं के लिए विशेष सोमनाथ यात्रा और बक्सर के भगवान वामन मंदिर के विकास सहित कई महत्वपूर्ण फैसले लिए थे.

# बिहार टोल टैक्स नियम 2026 लागू, जानिए किस सड़क पर कितना शुल्क लगेगा

एजेंसी

**बिहार:** बिहार में गाड़ी चलाने वालों के लिए एक बड़ी खबर है. अब राज्य के स्टेट हाईवे, बड़े पुलों, बाईपास और सुरंगों से गुजरने पर टोल टैक्स देना होगा. बिहार सरकार के पथ निर्माण विभाग ने 'बिहार पथ उपयोगकर्ता शुल्क नियमावली 2026' की अधिसूचना सोमवार को जारी कर दी है. इसके साथ ही प्रदेश में नई टोल टैक्स नीति लागू हो गई है. अब सड़कों की चौड़ाई के हिसाब से टैक्स वसूला जाएगा.

**सड़क की चौड़ाई के हिसाब से लगेगा टैक्स**

सरकार ने सड़कों की कैटेगरी के हिसाब से टैक्स का प्रतिशत तय किया है. फोर लेन या उससे चौड़ी सड़कों पर तय की गई राशि का पूरा 100 प्रतिशत टोल टैक्स लगेगा. दो लेन से ज्यादा और फोर लेन से कम चौड़े स्टेट हाईवे पर तय राशि का 60 प्रतिशत टैक्स देना होगा. इसके अलावा 5.5



मीटर चौड़ी सड़कों पर 50 प्रतिशत टोल टैक्स लगेगा. विभाग अब उन रास्तों और पुलों की लिस्ट तैयार कर रहा है जहां टोल वसूला जाएगा. गाड़ियों की गिनती का आकलन करने के बाद टोल टैक्स वसूलने का जिम्मा प्राइवेट एजेंसियों को दिया जाएगा, जिसके लिए जल्द ही टेंडर जारी होगा.

**पुलों के लिए अलग नियम और तिगुना जुर्माना**

पुलों पर टोल टैक्स तय करने का नियम थोड़ा अलग है. पुल की लंबाई में 10 गुना दूरी जोड़कर टैक्स तय किया जाएगा. उदाहरण के लिए, अगर 50 किलोमीटर के रास्ते में 45 किलोमीटर सड़क और 5 किलोमीटर लंबा पुल है, तो टोल टैक्स पूरे 95 किलोमीटर के हिसाब से जोड़ा जाएगा. अगर कोई वाहन मालिक टोल टैक्स नहीं देता है, तो उससे तिगुना यानी 3 गुना जुर्माना वसूला जाएगा.

**इन्हें मिली छूट, फास्टैग से कटेंगे पैसे**

राहत की बात यह है कि दोपहिया, तिपहिया, ट्रैक्टर, कंबाइन हार्वेस्टर और बैलगाड़ी जैसे पशु-चलित वाहनों को इस टैक्स से छूट दी गई है. अगर ये वाहन सर्विस रोड का इस्तेमाल करेंगे तो यह छूट नहीं मिलेगी. टोल टैक्स की रकम गाड़ी में लगे फास्टैग या अन्य इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम से ही कटेगी. बिना फास्टैग वाली गाड़ियों और ओवरलोड वाहनों से ज्यादा चार्ज लिया जाएगा. खास लोगों के लिए पास और कई बार यात्रा करने वालों के लिए डिस्काउंट की सुविधा भी होगी.

**गाड़ियों के हिसाब से टोल टैक्स की दरें**

टोल टैक्स की दरें प्रति किलोमीटर के हिसाब से तय की गई हैं. कार, वैन, जीप और हल्के वाहनों के लिए 1.25 रुपये प्रति किलोमीटर की दर तय हुई है. छोटे कमर्शियल वाहनों जैसे मिनी बस या छोटा मालवाहक गाड़ी पर 2 रुपये प्रति किलोमीटर लगेंगे. दो धुरी वाले बस और ट्रक के लिए 4.25 रुपये प्रति किलोमीटर का शुल्क देना होगा. तीन धुरी वाले कमर्शियल वाहनों पर 4.60 रुपये प्रति किलोमीटर तय किया गया है. छह धुरी वाली भारी निर्माण मशीनों के लिए 6.65 रुपये और 7 या उससे ज्यादा धुरी वाले विशाल आकार के गाड़ियों के लिए 8.10 रुपये प्रति किलोमीटर की दर लागू होगी.

# बिहार में राजनीतिक धमाका', प्रशांत किशोर के चुनाव लड़ने पर शत्रुघ्न सिन्हा बोले- जबरदस्त हलचल मचा दी

एजेंसी

**बिहार:** बांकीपुर सीट पर उपचुनाव को लेकर बिहार का सियासी पारा चढ़ा हुआ है. जन सुराज की ओर से प्रशांत किशोर खुद चुनावी मैदान में उतर आए हैं. ऐसे में उन्हें सांसद शत्रुघ्न सिन्हा का समर्थन मिल गया है. एक्स के जरिए पोस्ट शेयर कर सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने प्रशांत किशोर की जमकर तारीफ की. साथ ही जनता से वोट की अपील भी की.

**एक्स पोस्ट में शत्रुघ्न सिन्हा ने क्या-क्या लिखा?**

सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने एक्स पर लिखा, 'बिहार में राजनीतिक धमाका. सबसे काबिल, दूरदर्शी, बेहतरीन बुद्धिजीवी, जन-जन के नेता और हर तरफ पसंद किए जाने वाले और चर्चा में रहने वाले प्रशांत किशोर आखिरकार चुनावी मैदान में उतर आए हैं. पटना, बिहार में उपचुनाव में उतरकर उन्होंने राजनीतिक हलकों और पूरे देश की जनता के बीच जबरदस्त हलचल मचा दी है'.आगे उन्होंने यह भी लिखा, 'एक 'बिहारी बाबू' होने के



नाते, मुझे यह खबर राजनीतिक रूप से बेहद दिलचस्प और जबरदस्त लगती है. आज 'सबकी एकता' की जरूरत है; उम्मीद, इच्छा और प्रार्थना है कि आम लोग, और खासकर युवा पीढ़ी, जाति, धर्म और पार्टी की सीमाओं से ऊपर उठकर उनका समर्थन करेंगे. जय बिहार. जय हिंद'.

**शत्रुघ्न सिन्हा के बेटे भी लड़ चुके हैं चुनाव**

जानकारी के मुताबिक, बांकीपुर की सीट से सांसद और अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा के बेटे लव सिन्हा भी चुनाव लड़ चुके हैं. वह 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में बांकीपुर की सीट से किस्मत आजमा चुके हैं. उन्होंने कांग्रेस पार्टी की तरफ से चुनाव लड़ा था और बीजेपी के उम्मीदवार नितिन नवीन ने उन्हें हराया था. अब नितिन नवीन के बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर सीट खाली हो गई है.,

### बिहार में एक घर से निकले 40 से ज्यादा जहरीले सांप ! हैरान कर देगा ये डरावना दृश्य



**पटना:** राजधानी पटना से सटे पुनपुन थाना क्षेत्र के समकुड़ा गांव में सोमवार को सनसनीखेज घटना सामने आई है. मिट्टी के फूस वाले मकान की खुदाई के दौरान एक के बाद एक 40 सांप निकल आए. विशाल गेहुमन (कोबरा) और दर्जनों सपोलों के निकलने से पूरे गांव में हड़कंप मच गया. ग्रामीण भयभीत हो गए और मौके पर भीड़ जुट गई.

**डर के साए में रहता था परिवार:** घर के मालिक शंभू प्रसाद के पुत्र संतोष कुमार ने बताया कि उनके परिवार के पांच सदस्य इसी मकान में रहते हैं. करीब एक साल पहले उनके 6 वर्षीय बेटे तरुण कुमार को घर में ही विषैले सांप ने डस लिया था. उसे पीएमसीएच पटना में भर्ती कराया गया जहां इलाज के बाद उसकी जान बच सकी. उस समय भी परिवार को मकान के नीचे बड़े सर्प मांद होने की जानकारी नहीं थी.

**23 सपोले मारे गए, फिर निकला विशाल कोबरा:** रविवार को घर के अंदर एक-एक कर 23 सपोले निकले, जिन्हें डर के मारे लोगों ने मार दिया. सोमवार को सांप पकड़ने वाले को बुलाया गया. एक कमरे में करीब 3 फीट मिट्टी खोदने पर एक विशाल गेहुमन और 17 सपोले बरामद हुए. सांपों की भारी संख्या देखकर ग्रामीणों में दहशत फैल गई.

**सपेरा ने पकड़े सांप, कुछ मारे भी गए:** कुछ सांपों को डर के कारण मारा गया तो कुछ को सपेरे नगीना ने पकड़ लिया. फिलहाल आसपास के इलाकों में भी सांपों की तलाश की जा रही है. मकान के नीचे बड़े मांद होने की आशंका से पूरे गांव में तनाव का माहौल है.

**थानाध्यक्ष का लोगों को सुझाव:** पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि ऐसे मामलों में सांपों को मारने के बजाय वन विभाग या प्रशिक्षित रेस्क्यू टीम को सूचना देनी चाहिए. इससे दोनों पक्षों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है. ऐसी कोई जानकारी मिलती है तो वन विभाग को सूचना दें.

**ग्रामीणों में बनी आशंका का माहौल:** शंभू प्रसाद के परिवार समेत पूरे गांव के लोग अब डर के साए में जी रहे हैं. घटना के बाद स्थानीय प्रशासन और वन विभाग की नजर गांव पर है. लोग तरह-तरह की चर्चा कर रहे हैं.

# मिड या स्मॉल-कैप फंड: 10 साल में किसने दिखाया दम

दोनों श्रेणियों ने दिया शानदार रिटर्न, लेकिन जोखिम और उतार-चढ़ाव में मिड-कैप



## दोनों का निफ्टी-50 से बेहतर रहा प्रदर्शन

- सिर्फ ज्यादा रिटर्न पर न करें फैसला, पहले जोखिम व वोलैटिलिटी भी समझें
- स्मॉल-कैप ने बेंचमार्क को पीछे छोड़ा, मिड-कैप कम जोखिम संग बेहतर
- विशेषज्ञ बोले, गिरावट से घबराने के बजाय विविधीकृत पोर्टफोलियो अपनाएं
- दोनों फंडों में संपत्ति बनाने की क्षमता, लेकिन क्षमता के अनुसार करें फैसला
- विविधीकरण और लंबी अवधि बेहतर रिटर्न दिलाने की सबसे कारगर रणनीति

**निवेश मंत्रा**

म्यूचुअल फंड में निवेश करने वाले अधिकांश निवेशकों के सामने सबसे बड़ा सवाल होता है कि लंबी अवधि के लिए मिड-कैप फंड चुनें या स्मॉल-कैप फंड। दोनों श्रेणियों ने पिछले एक दशक में शानदार रिटर्न दिए हैं और निवेशकों की संपत्ति में उल्लेखनीय वृद्धि की है। हालांकि, सिर्फ रिटर्न देखकर निवेश का फैसला करना सही नहीं होता। किसी भी निवेश विकल्प का चयन करते समय उसके जोखिम, उतार-चढ़ाव, निवेश अवधि और वित्तीय लक्ष्य को भी ध्यान में रखना जरूरी है। एक रिपोर्ट के अनुसार पिछले 10 वर्षों में मिड-कैप और स्मॉल-कैप दोनों श्रेणियों ने लंबी अवधि के निवेशकों को आकर्षक रिटर्न दिया है। जहां स्मॉल-कैप फंड का औसत 10 वर्षीय वार्षिक रिटर्न (सीएजीआर) 16.69 प्रतिशत रहा, वहीं मिड-कैप फंड ने 16 प्रतिशत का औसत रिटर्न दिया। यानी दोनों के बीच रिटर्न का अंतर बहुत अधिक नहीं है, लेकिन जोखिम और प्रदर्शन के तरीके में स्पष्ट अंतर दिखाई देता है।

### स्मॉल-कैप ने बेंचमार्क को पछाड़ा

आंकड़ों के अनुसार, स्मॉल-कैप फंड अपने बेंचमार्क बीएसई 250 स्मॉलकैप टोटल रिटर्न इनडेक्स से बेहतर प्रदर्शन करने में सफल रहे। दूसरी ओर, मिड-कैप फंड अपने बेंचमार्क बीएसई 150 मिडकैप टोटल रिटर्न इनडेक्स से थोड़ा पीछे रहे। इससे यह संकेत मिलता है कि स्मॉल-कैप फंड मैनेजरों ने बेहतर स्टॉक चयन के जरिए अतिरिक्त रिटर्न (अल्फा) बनाने में सफलता हासिल की। 10 वर्षों के प्रदर्शन में निप्पॉन इंडिया स्मॉल कैप डायरेक्ट, क्वांट स्मॉल कैप, एक्सिस स्मॉल कैप और एसबीआई स्मॉल कैप जैसे फंड शीर्ष प्रदर्शनकर्ताओं में शामिल रहे। वहीं मिड-कैप श्रेणी में इनवेस्को इंडिया मिड कैप, एडलवाइस मिड कैप, निप्पॉन इंडिया ग्रोथ और कोटक मिडकैप फंड ने बेहतरीन प्रदर्शन किया।



### रिटर्न के साथ जोखिम भी समझें

अक्सर निवेशक केवल अधिक रिटर्न देखकर निवेश कर देते हैं, जबकि वास्तविक तस्वीर जोखिम के आंकड़ों से सामने आती है। पिछले तीन वर्षों के आंकड़ों के अनुसार, स्मॉल-कैप फंड का स्टैंडर्ड डिविएशन 20.33 प्रतिशत रहा, जबकि मिड-कैप फंड का यह आंकड़ा 17.88 प्रतिशत था। इसका मतलब है कि स्मॉल-कैप फंड में कीमतों का उतार-चढ़ाव ज्यादा रहा और इनमें निवेश करने वालों को अधिक अस्थिरता का सामना करना पड़ा। इसी तरह जोखिम के मुकाबले मिलने वाले रिटर्न को मापने वाले शार्प रेशियो में भी मिड-कैप फंड आगे रहे। मिड-कैप फंड का शार्प रेशियो 0.79 रहा, जबकि स्मॉल-कैप फंड का 0.69। इसका अर्थ है कि मिड-कैप फंड ने अपेक्षाकृत कम जोखिम लेकर बेहतर जोखिम-समायोजित रिटर्न दिया। हालांकि दोनों श्रेणियों का सॉर्टिनो रेशियो समान रहा, जिससे स्पष्ट होता है कि डाउनसाइड जोखिम को ध्यान में रखने पर दोनों का प्रदर्शन लगभग बराबर रहा।

**लंबी अवधि के निवेशकों को मिला फायदा :** विशेषज्ञों का मानना है कि पिछले 10 वर्षों की सबसे बड़ी सीख यही है कि जिन्होंने बाजार की गिरावट के दौरान घबराकर निवेश नहीं निकाला और लंबे समय तक निवेश बनाए रखा, उन्हें दोनों श्रेणियों में शानदार रिटर्न मिला। बाजार में गिरावट हर चक्र का सामान्य हिस्सा है और इसे निवेश यात्रा का स्वाभाविक चरण माना जाना चाहिए। मिड-कैप और स्मॉल-कैप फंड को केवल अधिक उतार-चढ़ाव के कारण नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। लंबी अवधि में दोनों श्रेणियों ने निफ्टी 50 से बेहतर प्रदर्शन किया है और निवेशकों के लिए अच्छी संपत्ति बनाने की क्षमता दिखाई है।

### विविधीकरण सबसे बेहतर रणनीति

विशेषज्ञों का कहना है कि पूरे निवेश को केवल स्मॉल-कैप या केवल मिड-कैप में लगाना समझदारी नहीं है। बेहतर रणनीति यह है कि निवेशकों का पोर्टफोलियो सभी मार्केट कैप में संतुलित रूप से विभाजित हो। उदाहरण के तौर पर यदि किसी निवेशक के 10 लाख रुपये पूरी तरह स्मॉल-कैप फंड में लगे हों और बाजार में गिरावट आए, तो पूरे पोर्टफोलियो पर उसका असर पड़ेगा। जबकि यदि पोर्टफोलियो में लगभग 55 प्रतिशत लार्ज-कैप, 23 प्रतिशत मिड-कैप और 22 प्रतिशत स्मॉल-कैप का संतुलित निवेश हो, तो बाजार की गिरावट का प्रभाव काफी कम हो सकता है। यही कारण है कि वित्तीय योजनाकार हमेशा विविधीकरण को सफल निवेश की सबसे महत्वपूर्ण रणनीति मानते हैं।

### किस निवेशक के लिए कौन सा फंड?

यदि आपकी निवेश अवधि 7 से 10 वर्ष या उससे अधिक है और आप बाजार के उतार-चढ़ाव को सहन कर सकते हैं, तो स्मॉल-कैप फंड आपके पोर्टफोलियो में बेहतर वृद्धि की संभावना जोड़ सकते हैं। वहीं यदि आप अच्छा रिटर्न चाहते हैं लेकिन अपेक्षाकृत कम जोखिम लेना पसंद करते हैं, तो मिड-कैप फंड अधिक उपयुक्त विकल्प हो सकते हैं। पहली बार निवेश करने वालों के लिए भी सलाह दी जाती है कि वे सीधे स्मॉल-कैप में बड़ी राशि लगाने के बजाय लार्ज-कैप और मिड-कैप के साथ सीमित हिस्सेदारी स्मॉल-कैप में रखें।



### एसआईपी धन सृजन का सबसे प्रभावी तरीका

पिछले 10 वर्षों का रिकॉर्ड बताता है कि मिड-कैप और स्मॉल-कैप दोनों श्रेणियों ने निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया है। जहां स्मॉल-कैप फंड ने थोड़ा अधिक रिटर्न और बेहतर अल्फा दिया, वहीं मिड-कैप फंड ने कम उतार-चढ़ाव और बेहतर जोखिम-समायोजित प्रदर्शन के दम पर अपनी अलग पहचान बनाई। निवेशकों को केवल अधिक रिटर्न के आकर्षण में निर्णय लेने के बजाय अपने वित्तीय लक्ष्य, निवेश अवधि और जोखिम उठाने की क्षमता के आधार पर पोर्टफोलियो तैयार करना चाहिए। नियमित एसआईपी, लंबी अवधि का नजरिया और विविधीकृत निवेश रणनीति ही धन सृजन का सबसे प्रभावी तरीका साबित हो सकती है।

---

# बहुत ज्यादा एसआईपी से नहीं, सही रणनीति से बनेगी दौलत

## नया म्यूचुअल फंड जोड़ने से पहले जांचें कि वास्तव में जरूरत है या नहीं

शेयर बाजार में बढ़ती जागरूकता के साथ म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बड़ी संख्या में निवेशक हर महीने सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के जरिए निवेश कर रहे हैं। अक्सर यह धारणा बन जाती है कि जितने अधिक म्यूचुअल फंड होंगे, उतना ही बेहतर रिटर्न मिलेगा और जोखिम कम होगा। लेकिन निवेश विशेषज्ञों का कहना है कि यह सोच हमेशा सही नहीं होती। कई बार जरूरत से ज्यादा फंड रखने से पोर्टफोलियो में एक जैसी कंपनियों का दोहराव बढ़ जाता है, जिससे वास्तविक विविधीकरण नहीं हो पाता और निवेश का उद्देश्य भी प्रभावित हो सकता है।

### फंडों की संख्या नहीं, गुणवत्ता और उद्देश्य है महत्वपूर्ण

विशेषज्ञों के अनुसार, किसी निवेशक के लिए कितनी एसआईपी या कितने म्यूचुअल फंड होने चाहिए, इसका कोई तय नियम नहीं है। यह पूरी तरह निवेश राशि, वित्तीय लक्ष्य, निवेश अवधि और जोखिम उठाने की क्षमता पर निर्भर करता है। यदि कोई निवेशक हर महीने 10 से 15 हजार रुपये की एसआईपी करता है, तो उसके लिए चार से छह अच्छे म्यूचुअल फंड पर्याप्त हो सकते हैं। वहीं, 40 से 50 हजार रुपये या उससे अधिक की मासिक एसआईपी करने वाले निवेशक आठ से दस फंड तक रख सकते हैं। हालांकि, इन फंडों का चयन अलग-अलग श्रेणियों और अलग-अलग एसेट मैनेजमेंट कंपनियों (एएमसी) से होना चाहिए, ताकि पोर्टफोलियो में वास्तविक विविधीकरण बना रहे।




### ओवर-डाइवर्सिफिकेशन से भी हो सकता है नुकसान

निवेश में विविधीकरण जरूरी है, लेकिन जरूरत से ज्यादा विविधीकरण नुकसानदेह भी हो सकता है। यदि किसी निवेशक के कई फंड एक ही तरह की कंपनियों में निवेश करते हैं, तो फंडों की संख्या बढ़ने के बावजूद जोखिम कम नहीं होता। उदाहरण के लिए यदि किसी निवेशक के पास 10 इक्विटी फंड हैं और अधिकांश फंड एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक जैसी बड़ी कंपनियों में ही निवेश करते हैं, तो अलग-अलग स्कीम होने के बावजूद वास्तविक निवेश लगभग समान रहेगा। ऐसे में पोर्टफोलियो केवल दिखने में बड़ा होगा, लेकिन उसमें नई विविधता नहीं जुड़ेगी।

### पोर्टफोलियो ओवरलैप पर रखें नजर

म्यूचुअल फंड चुनते समय सबसे महत्वपूर्ण बात पोर्टफोलियो ओवरलैप होती है। इसका अर्थ है कि दो अलग-अलग फंडों में कितनी समान कंपनियां शामिल हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि दो फंडों के बीच 20 से 30 प्रतिशत तक ओवरलैप है, तो इसे सामान्य माना जा सकता है। लेकिन यदि यह 40 से 50 प्रतिशत या उससे अधिक हो जाए, तो निवेशकों को अपने पोर्टफोलियो की समीक्षा करनी चाहिए। अधिक ओवरलैप का मतलब है कि अलग-अलग फंड रखने के बावजूद निवेश लगभग एक जैसी कंपनियों में ही हो रहा है।

### हर नया एनएफओ खरीदना जरूरी नहीं

कई निवेशक बाजार में आने वाले हर नए म्यूचुअल फंड ऑफर (एनएफओ) में निवेश कर देते हैं। उन्हें लगता है कि नया फंड भविष्य में बेहतर रिटर्न देगा। जबकि वास्तविकता यह है कि किसी भी एनएफओ में निवेश करने से पहले उसकी निवेश रणनीति, उद्देश्य और मौजूदा पोर्टफोलियो से उसका अंतर समझना जरूरी है। यदि नया फंड वही काम कर रहा है जो पहले से मौजूद फंड कर रहे हैं, तो उसमें निवेश करना केवल दोहराव बढ़ाएगा।

### संतुलित एसेट एलोकेशन है सफलता की कुंजी

विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि निवेशकों को बाजार की तेजी या गिरावट देखकर फैसले लेने से बचना चाहिए। इसके बजाय लक्ष्य आधारित निवेश रणनीति अपनानी चाहिए। इक्विटी पोर्टफोलियो में लगभग 55 प्रतिशत निवेश लार्ज कैप, 25 प्रतिशत मिड कैप और 20 प्रतिशत स्मॉल कैप फंड में रखने से संतुलन बनाया जा सकता है। इसके साथ ही जरूरत के अनुसार डेट फंड या अन्य परिसंपत्तियों में भी निवेश रखना चाहिए, ताकि बाजार में उतार-चढ़ाव का प्रभाव कम हो।

---

## निवेशकों को मिला बड़ा फायदा

# 5 वर्ष में 101 इक्विटी फंड्स ने दोगुना किया निवेश

- 310 में से हर तीसरे फंड ने दिया 100% से अधिक रिटर्न
- चार स्कीमों ने सिर्फ तीन साल में किया कमाल
- पुराने रिटर्न देखकर निवेश न करें, सेक्टोरल फंड्स में लें एंट्री

शेयर बाजार में पिछले दो वर्षों के उतार-चढ़ाव के बावजूद लंबी अवधि में इक्विटी म्यूचुअल फंड्स ने निवेशकों को शानदार रिटर्न दिया है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले पांच वर्षों में 310 इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में से 101 फंड्स ने निवेशकों का पैसा दोगुना या उससे अधिक कर दिया। यानी हर तीन में से लगभग एक इक्विटी फंड ने 100 फीसदी से ज्यादा एब्सोल्यूट रिटर्न दिया। इतना ही नहीं, चार म्यूचुअल फंड ऐसे भी रहे जिन्होंने केवल तीन वर्षों में ही निवेशकों का पैसा दोगुना कर दिया। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि निवेश का फैसला केवल पुराने रिटर्न के आधार पर नहीं करना चाहिए, क्योंकि बाजार और सेक्टर का प्रदर्शन समय के साथ बदलता रहता है।

### इंफ्रास्ट्रक्चर और पीएसयू फंड्स रहे सबसे आगे

पांच साल के प्रदर्शन पर नजर डालें तो सबसे अधिक फायदा सेक्टोरल और थीमैटिक फंड्स में निवेश करने वालों को मिला। खासतौर पर इंफ्रास्ट्रक्चर, पीएसयू, पावर और मिडकैप से जुड़े फंड्स ने जबरदस्त रिटर्न दिए।

सबसे आगे आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल इंफ्रास्ट्रक्चर फंड रहा, जिसने पांच साल में करीब 188 प्रतिशत का एब्सोल्यूट रिटर्न दिया। यानी एक लाख रुपये का निवेश लगभग 2.88 लाख रुपये हो गया। इसके बाद एसबीआई पीएसयू फंड और एलआईसी एमएफ इंफ्रास्ट्रक्चर फंड ने करीब 183 प्रतिशत का रिटर्न दिया। वहीं आदित्य बिड़ला सन लाइफ पीएसयू इक्विटी फंड ने 179 प्रतिशत, डीएसपी इंडिया टाइगर फंड ने 176.51 प्रतिशत और निप्पॉन इंडिया पावर एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड ने लगभग 174 प्रतिशत का रिटर्न दिया। डायवर्सिफाइड मिडकैप श्रेणी में मोतीलाल ओसवाल मिडकैप फंड ने पांच वर्षों में करीब 172 प्रतिशत का रिटर्न देकर निवेशकों को शानदार कमाई कराई।

### तीन साल में पैसा दोगुना करने वाले फंड

अगर केवल तीन वर्षों के प्रदर्शन को देखें तो एचडीएफसी डिफेंस फंड सबसे आगे रहा। इस फंड ने करीब 174 प्रतिशत का एब्सोल्यूट रिटर्न दिया। यानी तीन साल पहले लगाए गए एक लाख रुपये बढ़कर लगभग 2.74 लाख रुपये हो गए। इसके अलावा बंधन स्मॉल कैप फंड ने 106 प्रतिशत, क्वांट बीएफएसआई फंड ने 101.73 प्रतिशत और एलआईसी एमएफ इंफ्रास्ट्रक्चर फंड ने 100.24 प्रतिशत का रिटर्न देकर निवेशकों का पैसा दोगुना कर दिया। हालांकि एसबीआई पीएसयू फंड 99.12 प्रतिशत रिटर्न के साथ इस सूची में शामिल होने से मामूली अंतर से चूक गया।

### किन सेक्टरों ने दिलाया सबसे ज्यादा फायदा

पिछले कुछ वर्षों में जिन सेक्टरों ने निवेशकों को सबसे अधिक लाभ पहुंचाया, उनमें डिफेंस, इंफ्रास्ट्रक्चर, पीएसयू, पावर, स्मॉलकैप, हेल्थकेयर और बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाएं (बीएफएसआई) प्रमुख रहे। इन क्षेत्रों में सरकार के पूंजीगत खर्च, रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता, सार्वजनिक उपक्रमों के बेहतर प्रदर्शन और आर्थिक गतिविधियों में तेजी का सकारात्मक असर देखने को मिला। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि सेक्टोरल फंड हमेशा एक जैसी तेजी नहीं दिखाते। इनमें तेजी और मंदी आर्थिक चक्र के अनुसार आती-जाती रहती है।

### क्या अब भी इनमें निवेश करना सही रहेगा?

आनंद राठी वेल्थ के संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी फिरोज अजीज का कहना है कि निवेशकों को केवल पिछले शानदार रिटर्न देखकर किसी सेक्टोरल या थीमैटिक फंड में निवेश नहीं करना चाहिए। किसी भी फंड का पिछला प्रदर्शन भविष्य में उसी तरह के रिटर्न की गारंटी नहीं देता। उनके अनुसार, सेक्टोरल फंड्स में सही समय पर निवेश करना और सही समय पर बाहर निकलना काफी महत्वपूर्ण होता है।

### दो साल में कई स्टार फंड्स की रफ्तार हुई धीमी

- पांच वर्षों में शानदार प्रदर्शन करने वाले कई फंड्स का पिछले दो वर्षों का प्रदर्शन अपेक्षाकृत कमजोर रहा है।
- उदाहरण के लिए, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल इंफ्रास्ट्रक्चर फंड ने पिछले दो वर्षों में केवल 5.28 प्रतिशत रिटर्न दिया। एसबीआई पीएसयू फंड का रिटर्न 0.75 प्रतिशत रहा, जबकि आदित्य बिड़ला सन लाइफ पीएसयू इक्विटी फंड और इनवेस्को इंडिया पीएसयू इक्विटी फंड ने इस अवधि में नकारात्मक रिटर्न दर्ज किया।
- इसी तरह एचडीएफसी इंफ्रास्ट्रक्चर फंड और डीएसपी इंडिया टाइगर फंड का प्रदर्शन भी पिछले दो वर्षों में काफी धीमा रहा। इससे साफ है कि किसी सेक्टर में तेज रैली के बाद कुछ समय तक ठहराव या गिरावट आना सामान्य बात है।

---

# छोटी-छोटी बचत से बनाएं बड़ा फंड, भविष्य होगा सुरक्षित

- लाइफस्टाइल से समझौता किए बिना हर माह कुछ न कुछ बचत करें
- अच्छी बचत का मतलब कंजूसी नहीं, बल्कि समझदारी से खर्च करना
- आय, खर्च और निवेश के बीच संतुलन बनाया जाना जरूरी
- स्मार्ट मनी मैनेजमेंट से वर्तमान और भविष्य दोनों होंगे खुशहाल
- हर खरीदारी से पहले खुद से सवाल पूछें क्या यह वास्तव में जरूरी है

**मनी मंत्रा**

बढ़ती महंगाई, बदलती जीवनशैली और बढ़ते खर्चों के बीच हर व्यक्ति की सबसे बड़ी चिंता होती है कि आखिर बचत कैसे बढ़ाई जाए। आम धारणा यह है कि पैसे बचाने के लिए अपनी पसंद, शौक और मनोरंजन पर रोक लगानी पड़ती है, लेकिन वित्तीय विशेषज्ञों का कहना है कि अच्छी बचत का मतलब कंजूसी करना नहीं, बल्कि समझदारी से खर्च करना है। यदि आय, खर्च और निवेश के बीच संतुलन बनाया जाए तो बिना लाइफस्टाइल से समझौता किए हर महीने अच्छी-खासी बचत की जा सकती है। दरअसल, आज के समय में वित्तीय सुरक्षा केवल अधिक कमाई पर निर्भर नहीं करती, बल्कि इस बात पर भी निर्भर करती है कि कमाई का कितना हिस्सा सही तरीके से उपयोग और निवेश किया जा रहा है। यदि व्यक्ति छोटी-छोटी वित्तीय आदतों में बदलाव कर ले तो वह न केवल अपने मासिक खर्चों को नियंत्रित कर सकता है, बल्कि भविष्य के बड़े वित्तीय लक्ष्यों जैसे घर खरीदना, बच्चों की शिक्षा, रिटायरमेंट और इमरजेंसी फंड को भी आसानी से पूरा कर सकता है।



### खर्चों का रिकॉर्ड रखना बचत की पहली सीढ़ी

वित्तीय योजना की शुरुआत हमेशा इस सवाल से होती है कि आपका पैसा आखिर खर्च कहां हो रहा है। अधिकांश लोग यह मानते हैं कि वे बहुत अधिक खर्च नहीं करते, लेकिन जब महीनेभर के बैंक स्टेटमेंट या डिजिटल भुगतान का रिकॉर्ड देखा जाता है तो कई ऐसे खर्च सामने आते हैं, जिनकी वास्तव में कोई जरूरत नहीं होती। बिना इस्तेमाल वाले ओटीटी सब्सक्रिप्शन, बार-बार ऑनलाइन खाना मंगाना, छोटी-छोटी ऑनलाइन शॉपिंग, महंगी कॉफी या बार-बार कैब का उपयोग जैसी आदतें महीने के अंत तक हजारों रुपये का अतिरिक्त खर्च करा देती हैं। यदि व्यक्ति अपने सभी खर्चों को मोबाइल ऐप, एक्सेल शीट या डायरी में दर्ज करना शुरू कर दे तो उसे तुरंत समझ आ जाएगा कि बचत की सबसे अधिक संभावना कहां है।

### जरूरत और वैल्यू में फर्क समझना जरूरी

अक्सर लोग आकर्षक ऑफर या फैशन के प्रभाव में ऐसी चीजें खरीद लेते हैं, जिनकी उन्हें वास्तव में आवश्यकता नहीं होती। वित्तीय विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि हर खरीदारी से पहले खुद से तीन सवाल पूछें क्या यह वास्तव में जरूरी है? क्या इसका उपयोग लंबे समय तक होगा? और क्या इसे अभी खरीदना आवश्यक है? ऐसी वस्तुओं या अनुभवों पर खर्च करना बेहतर माना जाता है जो लंबे समय तक लाभ दें। उदाहरण के लिए, कोई नई स्किल सीखना, स्वास्थ्य पर खर्च करना, परिवार के साथ यात्रा करना या अच्छी किताबें खरीदना ऐसे निवेश हैं जो लंबे समय तक मूल्य देते हैं। इसके विपरीत केवल दिखावे के लिए की गई खरीदारी कुछ समय बाद महत्व खो देती है।

### 'फन बजट' बनाएं, बचत भी होगी व खुशी भी

कई लोग बचत करने के उत्साह में अपने सभी मनोरंजन संबंधी खर्च बंद कर देते हैं। शुरुआत में यह आसान लगता है, लेकिन कुछ समय बाद व्यक्ति मानसिक रूप से थक जाता है और फिर अचानक जरूरत से ज्यादा खर्च करने लगता है। इस स्थिति से बचने के लिए विशेषज्ञ हर महीने एक निश्चित राशि केवल मनोरंजन, घूमने-फिरने, फिल्म देखने या दोस्तों के साथ समय बिताने के लिए अलग रखने की सलाह देते हैं। इसे 'फन बजट' कहा जाता है। इससे व्यक्ति बिना किसी अपराधबोध के अपनी पसंद की गतिविधियों का आनंद ले सकता है और उसका कुल बजट भी नहीं बिगड़ता।

### लाइफस्टाइल इन्फ्लेशन बड़ा वित्तीय जाल

वित्तीय दुनिया में एक शब्द काफी लोकप्रिय है। 'लाइफस्टाइल इन्फ्लेशन'। इसका मतलब है कि जैसे-जैसे आय बढ़ती है, वैसे-वैसे व्यक्ति अपने खर्च भी बढ़ा देता है। नई नौकरी मिलने पर महंगा मोबाइल खरीद लेना, वेतन बढ़ते ही लग्जरी कार की ईएमआई शुरू कर देना या हर सप्ताह महंगे रेस्टोरेंट जाना इसी प्रवृत्ति के उदाहरण हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि वेतन बढ़ने पर सबसे पहले बचत और निवेश की राशि बढ़ानी चाहिए। यदि हर वेतन वृद्धि का कम से कम 40 से 50 प्रतिशत हिस्सा सीधे एसआईपी, पीपीएफ, एनपीएस या अन्य निवेश विकल्पों में लगाया जाए तो कुछ वर्षों में बड़ा निवेश कोष तैयार किया जा सकता है।

### रोजमर्रा की छोटी आदतों में करें बड़ा बदलाव

बचत के लिए हमेशा बड़े बदलाव की जरूरत नहीं होती। छोटी-छोटी आदतें भी लंबी अवधि में बड़ा असर डालती हैं। उदाहरण के लिए, किसी भी सामान को खरीदने से पहले ऑनलाइन कीमतों की तुलना करना, कैशबैक और डिस्काउंट ऑफर का लाभ उठाना, अनावश्यक गैजेट अपग्रेड से बचना, बिजली और पानी की बचत करना तथा सप्ताह में कुछ दिन बाहर खाने की बजाय घर का भोजन करना जैसी आदतें हर महीने अच्छी रकम बचा सकती हैं। इसी तरह क्रेडिट कार्ड का उपयोग केवल उतना ही करें, जितना समय पर चुका सकें। अनावश्यक ईएमआई से बचना और हर महीने आय का कम से कम 20 से 30 प्रतिशत बचत या निवेश के लिए अलग रखना वित्तीय अनुशासन का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है।

दोपहर 3.30 बजे से आमने-सामने होगी गिल और ब्रुक की टीमें

# लॉर्डस में महामुकाबला आज, रोहित की लय और गिल की साख दांव पर

लंदन

भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ निर्णायक तीसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच के लिए जब रविवार को लॉर्डस पर उतरेगी तो समूचे क्रिकेट जगत की नजरें 'हिटमैन' रोहित शर्मा पर लगी होंगी।

तमाम अटकलों के बीच बीसीसीआई ने साफ तौर पर कहा है कि यह रोहित के कैरियर का आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं होगा लेकिन पहले दो मैचों में नाकाम रहे भारत के पूर्व कप्तान खुद को साबित जरूर करना चाहेंगे। फ्रंटफुट पर बेहतरीन पूल शॉट खेलने और स्पिनरों को मैदान के चारों ओर खेलने वाले रोहित इस श्रृंखला में उस लय में नहीं दिखे, जिससे इन अटकलों को बल मिला कि 39 वर्ष का यह दिग्गज अगले साल दक्षिण अफ्रीका में होने वाला वनडे विश्व कप नहीं खेल सकेगा।

## आर्चर और रोहित होंगे आमने-सामने

'क्रिकेट का घर' कहे जाने वाले लॉर्डस पर बल्लेबाजों की मददगार पिच पर शायद उन्हें लय हासिल करने में मदद मिले। बतौर कप्तान रोहित ने मोर्चे से अगुवाई करते हुए हमेशा पावरप्ले में जोखिमभरे शॉट्स खेले हैं। उनके प्रशंसक रविवार को उसी रोहित को देखना चाहते हैं। पहले दस ओवर में उन्हें जोफ्रा आर्चर की तूफानी गेंदों का सामना करना होगा। कप्तान शुभमन गिल भी बड़ी पारी खेलना चाहेंगे, जो सोफिया गार्डंस पर आसानी से आउट हो गए थे।



### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उप-कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, गुरनूर बराड़, प्रिंस यादव।

**इंग्लैंड :** हैरी ब्रूक (कप्तान), बेन डकेट, जोस बटलर (विकेटकीपर), टॉम बैंटन, जो रूट, जैकब बेथेल, विल जैक्स, रेहान अहमद, लियाम डॉसन, जेम्स कोल्स, सैम कुरेन, गस एटकिंसन, जोफ्रा आर्चर, जोस टंग, साकिब महमूद, आदिल राशिद।

## कोहली का शानदार फॉर्म बरकरार

दूसरी ओर विराट कोहली का शानदार फॉर्म बरकरार है । वह बृहस्पतिवार को दूसरे शतक की ओर बढ रहे थे लेकिन आर्चर की गेंद पर आउट हो गए, जिसके बाद भारत का मध्यक्रम ढह गया और टीम को पराजय का सामना करना पड़ा । अब भारतीय टीम उससे सबक लेकर उतरेगी। केएल राहुल की जगह उतरे ईशान किशन शॉर्ट गेंद पर विकेट गंवा बैठे। उछलती गेंदों के सामने भारतीय बल्लेबाजों की कमजोरी जाहिर हो गई। श्रेयस अय्यर ने मध्यक्रम में अच्छा खेला और आदिल रशीद के साथ स्पिनरों का बखूबी सामना किया।

## कुलदीप यादव को मिल सकता है मौका

गेंदबाजी में कुलदीप यादव को उतारा जा सकता है क्योंकि वॉशिंगटन सुंदर चोटिल हैं। रविंद्र जडेजा की गैर मौजूदगी में अक्षर पटेल ने स्पिन हरफनमौला का काम अच्छे से किया है। भारतीय गेंदबाजों को रूट के बल्ले पर अंकुश लगाना होगा, जो कोहली की तरह रन बनाए जा रहे हैं। रूट के अलावा इंग्लैंड के बाकी बल्लेबाजों ने कुछ खास नहीं किया है।

# खिताबी महासंग्राम आज

## अर्जेंटीना के सामने स्पेन का स्टील डिफेंस





न्यूयॉर्क

एक ओर लियोनेल मेस्सी का करिश्मा है तो दूसरी तरफ टूर्नामेंट में सिर्फ एक गोल गंवाने वाली स्पेन का अभेद डिफेंस। विश्व फुटबॉल की बादशाहत के लिए मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना का सामना रविवार को स्पेन से होगा तो 'आक्रमण और बचाव' की रोचक जंग देखने को मिलेगी। 2010 की चैंपियन स्पेन ने टूर्नामेंट में फाइनल तक के सफर में सिर्फ एक गोल क्वार्टर फाइनल में बेल्जियम के खिलाफ गंवाया है जबकि अर्जेंटीना ने अब तक इस टूर्नामेंट में सात मैचों में सबसे ज्यादा 19 गोल दागे हैं। यह मुकाबला केवल दो टीमों के बीच नहीं, बल्कि दो अलग-अलग फुटबॉल शैलियों का भी है।

### मेस्सी-यमाल में होगी भिड़ंत

खिताबी मुकाबले को बार्सीलोना के पूर्व नंबर 10 मेस्सी और वर्तमान में 10 नंबर जर्सी पहनने वाले स्पेन के लामिन यमाल के बीच मुकाबले के तौर पर भी देखा जा रहा है। फाइनल से पहले मेस्सी और यमाल की वायरल हुई दो दशक पुरानी तस्वीर ने इसे और रोचक मोड़ दे दिया है, जिसमें मेस्सी बाथटब में 'बेबी यमाल' को नहलाते दिख रहे हैं। अब देखना यह है कि अर्जेंटीना 1958 और 1962 में ब्राजील के बाद लगातार दूसरी बार विश्व कप जीतने वाली टीम बनती है या स्पेन एक बार फिर 'जाइंटकिलर' साबित होता है।

### यूरोप और दक्षिण अमेरिका में जंग

कागजों पर बराबरी के दिख रहे इस मुकाबले में यदि अर्जेंटीना का अनुभव और मेस्सी का जादू चलता है तो ट्रॉफी दक्षिण अमेरिका जा सकती है, लेकिन यदि स्पेन ने अपनी लय और अनुशासित खेल बरकरार रखा तो यूरोप की नई बादशाहत स्थापित हो सकती है। यही अनिश्चितता इस फाइनल को यादगार बनाने के लिए काफी है।

### अर्जेंटीना को झेलनी पड़ी पक्षपात की तोहमतें

छह बार की चैंपियन अर्जेंटीना और मेस्सी को इस सफर में पक्षपात की भी तोहमतें झेलनी पड़ी लेकिन मेस्सी ने अब तक 8 और विश्व कप कैरियर में 21 गोल दागकर आलोचकों का मुंह बंद कर दिया। इस टूर्नामेंट में उनके और एमबाप्पे के आठ गोल हैं लेकिन चार में सहायता करके मेस्सी 'गोल्डन बूट' की दौड़ में फिलहाल आगे हैं। इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में दूसरे गोल में जिस तरह से उन्होंने सूत्रधार की भूमिका निभाई, उससे विरोधी भी दंग रह गए।

## खबर संक्षेप



### प.बंगाल में विश्व कप की लाइव स्क्रीनिंग

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल सरकार फीफा विश्व कप फाइनल की लाइव स्क्रीनिंग यहां नंदन पर विशाल स्क्रीन पर करेगी, जिससे फुटबॉलप्रेमियों को अर्जेंटीना और स्पेन के बीच यह मुकाबला देखने का मौका मिलेगा। अधिकारियों ने बताया कि अन्य जिलों में भी इस तरह विशाल स्क्रीन पर लाइव स्क्रीनिंग के इंतजाम किए जा रहे हैं। युवा सेवा और खेल विभाग दूसरे विभागों से बातचीत करके यह इंतजाम कर रहा है। इसके लिए हर जिला प्रशासन को एक लाख रुपए दिए गए हैं। मुख्य स्थल कोलकाता में नंदन, रबींद्र सदन और अकादमी परिसर होंगे, जहां दर्शकों के लिए स्टेडियम जैसा माहौल बनाया जा रहा है। पूर्व खिलाड़ियों और जानी मानी हस्तियों को भी आमंत्रित किया जा रहा है।

### मुंबई सिटी एफसी के कोच बने मार्केज



**मुंबई।** मुंबई सिटी एफसी ने मनोलो मार्केज को 2026-27 सत्र के लिए एक वर्ष के अनुबंध पर टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया। मनोलो इससे पहले भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच रह चुके हैं। उन्होंने हैदराबाद एफसी के मुख्य कोच के रूप में भी काम किया और क्लब को 2021-22 सत्र में पहली बार इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) कप का खिताब दिलाया। मुंबई सिटी एफसी ने कहा, 'मुंबई सिटी क्लब अपने नए मुख्य कोच के रूप में मनोलो मार्केज का स्वागत करता है। स्पेन के इस कोच ने एक वर्ष के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं और वह आगामी 2026-27 सत्र में मुंबई सिटी की टीम की कमान संभालेंगे।

# भारतीय ध्वजवाहक होंगी मीराबाई और लवलीना

ग्लासगो में 23 जुलाई को राष्ट्रमंडल खेलों का उद्घाटन समारोह



नई दिल्ली

ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू और लवलीना बोरगोहेन ग्लासगो में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों के उद्घाटन समारोह में भारत की ध्वज और बैटन वाहक होंगी। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने शनिवार को यह घोषणा की। कम खिलाड़ियों वाले इस बहु-खेल आयोजन का उद्घाटन समारोह 23 जुलाई को आयोजित किया जाएगा।

आईओए अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा, 'यह गर्व का विषय है कि मीराबाई और लवलीना 'ओवीओ हाइड्रो' में यह जिम्मेदारी निभाएंगी। मैं दोनों खिलाड़ियों और पूरे भारतीय दल को शुभकामनाएं देती हूं।' उन्होंने कहा, ' भारतीय टीम के उद्घाटन समारोह में दो महिला खिलाड़ियों को यह सम्मान मिलना गर्व की बात है। इससे खेलों के माहौल और दिशा की शुरुआत होगी। दोनों खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई बार भारत का मान बढ़ाया है। वे इस समय ब्रिटेन में खेलों की तैयारी में पूरी मेहनत कर रही हैं।'

### चानू एक दशक से प्रमुख भारोत्तोलक

बत्तीस साल की होने जा रहीं मीराबाई चानू पिछले करीब एक दशक से भारत की प्रमुख भारोत्तोलक रही हैं। उन्होंने 2021 तोक्यो ओलंपिक में महिलाओं की 49 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीता था। इसके बाद 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक हासिल किया। पेरिस ओलंपिक (2024) में वह अपने पिछले प्रदर्शन को दोहरा नहीं सकीं, लेकिन ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में वह अब भी भारत के लिए पदक की सबसे बड़ी दावेदारी में शामिल हैं।

### प्रमुख पदक दावेदार लवलीना

मुक्केबाज लवलीना ने तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। इसके बाद उन्होंने 2023 विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल किया। उन्होंने 2023 एशियाई खेलों में हांगझोउ में रजत पदक भी जीता था। ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में लवलीना को भी भारत की प्रमुख पदक दावेदार खिलाड़ियों में माना जा रहा है।

# बांग्लादेश की शानदार वापसी, जिम्बाब्वे को हराया

बुलावायो

बांग्लादेश की टीम इन दिनों जिम्बाब्वे दौरे पर है, जहां पर आठ बैटर्स वाले प्लान से जिम्बाब्वे ने बांग्लादेश को पहले टी20 मैच में आसानी से हराया। लेकिन दूसरे मैच में वह बांग्लादेश के लेग ब्रेक स्पिन गेंदबाज रिशाद हुसैन की फिरकी को नहीं झेल सके। बांग्लादेश की टीम ने पहले खेलते हुए 186 रन का टोटल बनाया।

इसके जवाब में जिम्बाब्वे की टीम 152 रन पर ही ढेर हो गई, तो उसे 34 रन से हार का सामना करना पड़ा। इस तरह तीन मैचों की टी20 सीरीज 1-1 की बराबरी पर आ गई और सीरीज का आखिरी मैच 19 जुलाई, रविवार को खेला जाएगा।



### बांग्लादेश ने बनाए 186 रन

बांग्लादेश की टीम बुलावायो के मैदान पर पहले बल्लेबाजी करने उतरी तो उसके दोनों ओपनर्स ने जिम्बाब्वे के गेंदबाजों को धो डाला। सैफ हसन और तंजिद हसन ने मिलकर टीम को 14.4 ओवर में 120 रन की शुरुआत दिलाई। तभी सैफ 45 गेंद में आठ चौके और एक छक्के की मदद से 55 रन बनाकर चलते बने। जबकि तंजिद हसन ने भी 44 गेंद में छह चौके और दो छक्कों की मदद से 58 रन की पारी खेली। इन दोनों के अलावा अंत में सैफुद्दीन ने 10 गेंद में चार छक्के लगाकर 31 रन की नाबाद और तूफानी पारी खेली, तो टीम ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 186 रन का टोटल बनाया।

### हुसैन और मेहदी ने मिलकर दिलाई जीत

187 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे के बल्लेबाज अपने ही घरेलू मैदान पर टिक नहीं सके। उनके लिए सबसे अधिक 29 रन सिर्फ रयान बर्ल ही बना सके, तो 28 रन कप्तान सिकंदर रजा ने बनाए। लेकिन ये पारियां जीत के लिए काफी नहीं थीं। बांग्लादेश के रिशाद हुसैन ने अपनी फिरकी से चार विकेट चटकाए, तो अन्य स्पिनर मेहदी हसन ने भी तीन विकेट लेकर जिम्बाब्वे को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। इससे जिम्बाब्वे की टीम 19.4 ओवर में 152 रन पर ही ढेर हो गई और उसे 34 रन से हार का सामना करना पड़ा।

भाकर ने परीक्षा पेपर कथित तौर पर लीक होने के विरोध प्रदर्शन पर चिंता जताई

# हर बच्चे को निष्पक्ष अवसर मिलने का अधिकार : मनु

नई दिल्ली



ओलंपिक पदक विजेता निशानेबाज मनु भाकर ने परीक्षा पेपर कथित तौर पर लीक होने का विरोध प्रदर्शन कर रहे छात्रों की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हर बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा और जीवन में निष्पक्ष अवसर मिलने का अधिकार है।

इस स्टार निशानेबाज ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि यह मुद्दा राजनीति से कहीं बड़ा है और छात्रों के भविष्य की रक्षा के लिए अधिक जवाबदेही की आवश्यकता है। मनु ने लिखा, 'इस समय बात हमारे देश के भविष्य से जुड़ी जिंदगियों की है। बात हम सबकी है।' मनु ने कहा, 'मैं एक छात्रा हूं और एक समय हम सभी छात्र रहे हैं। हर बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा और जीवन में निष्पक्ष अवसर मिलना चाहिए। ये कोई विशेषाधिकार नहीं, बल्कि उनके मौलिक अधिकार हैं। ' जिन छात्रों और बच्चों ने अपनी जान गंवाई है, उनकी बात करते हुए उन्होंने कहा, 'वे हमारे देश का भविष्य बनने वाले थे। उनके सपनों, उनकी काबिलियत और उनके भविष्य की रक्षा की जानी चाहिए थी। '

महिला क्रिकेट

# शतक बनाने के लिए नहीं बदलूंगी अपने खेलने का अंदाज : यास्तिका

नई दिल्ली



भारतीय महिला क्रिकेट टीम की विकेटकीपर-बल्लेबाज यास्तिका भाटिया का कहना है कि उन्होंने लॉर्ड्स में अपनी ऐतिहासिक शतकीय पारी के दौरान अपने बल्लेबाजी के अंदाज में कभी बदलाव लाने की कोशिश नहीं की। भाटिया ने कहा कि भारत के आक्रामक क्रिकेट ब्रांड पर टिके रहना उनके लिए निजी उपलब्धियों से ज्यादा अहम है।

भाटिया ने कहा, मैंने शतक के बारे में ज्यादा नहीं सोचा था। मेरा मकसद था कि मैं अपने हिसाब से खेलूंगी और आक्रामक क्रिकेट खेलूंगी। बेशक में 80 या 90 रन के आस-पास रहूं, लेकिन गेंद को उसकी मेरिट के हिसाब से खेलूंगी। मैं सिर्फ शतक बनाने के लिए अपने खेलने का अंदाज नहीं बदलूंगी।

यास्तिका ने अपने शतक को व्यक्तिगत से ज्यादा टीम की उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि पिछले तीन सालों से हम सकारात्मक क्रिकेट खेल रहे हैं। उन्होंने कहा, अमोल सर मुझे टी20 के दौरान भी यही बता रहे थे कि हम सब एक तरह का क्रिकेट खेल रहे हैं, जहां हम आक्रामक रहना चाहते हैं और समय सकारात्मक रहना चाहते हैं।

### सभी फॉर्मेट में भारत की बनी पहचान

यास्तिका ने कहा कि उस अप्रोच को अपनाने से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी आसान हो गई और इसने उनकी ऐतिहासिक पारी को पूरा करने के तरीके पर असर डाला। उनके शतक ने न केवल उन्हें लॉर्ड्स ऑनर्स बोर्ड में जगह दिलाई, बल्कि उस निडर अप्रोच को भी दिखाया, जिसने सभी फॉर्मेट में भारत की बल्लेबाजी की पहचान बनाई है।

जापान ओपनः फाइनल में आज सामना जापान की यामागुची से

# सिंधु खिताब के करीब, युफेई ने बीच में छोड़ा कोर्ट

टोकियो

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू दो साल से अधिक समय में पहली बार फाइनल में पहुंच गई जब जापान की चेन युफेइ ने जापान ओपन महिला एकल सेमीफाइनल में शनिवार को बीच में ही कोर्ट छोड़ दिया।

सिंधू उस समय 21-19, 15-10 से आगे थी जब चेन को मांसपेशी की चोट के कारण पीछे हटना पड़ा। यह लखनऊ में सैयद मोदी इंटरनेशनल के बाद सिंधू का पहला फाइनल होगा। वह 2024 मलेशिया ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट में भी उपविजेता रही थी। आखिरी बार उन्होंने 2022 में सिंगापुर ओपन सुपर 500 खिताब जीता था।



### यामागुची का सिंधू के खिलाफ रिकॉर्ड 14-10 का

फाइनल में रविवार को सिंधू का सामना जापान की अकाने यामागुची से होगा, जिन्होंने इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वरदानी को दूसरे सेमीफाइनल में हराया। यामागुची का सिंधू के खिलाफ रिकॉर्ड 14-10 का है, जिनमें पिछले छह में से पांच मैच उन्होंने जीते हैं।

### मेरे लिए हर मैच पहले मैच की तरह : सिंधू

मैच के बाद सिंधू ने कहा,'मुझे खुशी है कि फाइनल में पहुंच सकी।' उन्होंने कहा,' मेरे लिए हर मैच पहले मैच की तरह है , खासकर आज का मैच। शुरू से ही फोकस बनाए रखना जरूरी था क्योंकि शीर्ष रैंकिंग के खिलाड़ियों के खिलाफ हर अंक मायने रखता है।' सिंधू ने कहा,' मैंने अपना फोकस बनाए रखा था और मेरे कोच भी बार बार यही कह रहे थे। पहले गेम में मैने बढत बना ली थी लेकिन वह काफी करीब आ गई, जिसके बाद फोकस बनाए रखना जरूरी था। कई बार आगे चलने के बाद अंक गंवाने से निराशा आ जाती है। दिमाग में काफी कुछ चल रहा होता है।'

# सेंटकॉम ने ईरान पर बरसाए बम, ट्रंप बोले- आईआरजीसी को सबक सिखाना जरूरी

एजेंसी



**वाशिंगटन।** जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर हुए जानलेवा हमले के बाद तनाव चरम पर पहुंच गया है। अमेरिका ने ईरान पर नए हवाई हमले शुरू कर दिए हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने रविवार को इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि यह कार्रवाई ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स को 'तेजी से दंडित' करने के लिए की गई है। सेंटकॉम के अनुसार, ये हवाई हमले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निर्देश पर किए गए हैं। इन हमलों का मुख्य उद्देश्य न केवल ईरान को सजा देना है, बल्कि होर्मुज जलडमरूमध्य में तेल टैंकरों की आवाजाही को सुरक्षित बनाना भी है। गौरतलब है कि युद्ध से पहले वैश्विक तेल आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा इसी समुद्री मार्ग से गुजरता था। शुक्रवार को जॉर्डन स्थित अमेरिकी सैन्य बेस पर हुए ड्रोन और मिसाइल हमलों में अमेरिका को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है। अमेरिकी सेना ने आधिकारिक पुष्टि करते हुए बताया कि हमले में दो अमेरिकी सैनिकों की जान चली गई, एक अभी भी लापता है और चार अन्य घायल हुए थे। हालांकि, जो चार सैनिक घायल हुए थे, उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था और अब उन्हें छुट्टी दे दी गई है। बाकी अन्य सैनिकों को मामूली चोटें आई थीं, जो अपनी ड्यूटी पर वापस लौट चुके हैं। अमेरिका-ईरान संघर्ष के दौरान अब तक 16 अमेरिकी सैनिकों की जान जा चुकी है और 430 से ज्यादा जवान घायल हुए हैं। CENTCOM ने मारे गए जवानों के नाम या हमले से जुड़ी अन्य गोपनीय जानकारी सार्वजनिक नहीं की है। शुक्रवार, 17 जुलाई को जब अमेरिकी और सहयोगी सेनाएं हमले को नाकाम करने की कोशिश कर रही थीं, तभी यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई थी।

### ईरान ने दी चेतावनी

हमले के बीच ईरान के सर्वोच्च नेता के हवाले से कड़ी प्रतिक्रिया सामने आई है। ईरान ने चेतावनी दी है कि यदि अमेरिका ने इस्लामिक रिपब्लिक पर हमले जारी रखे, तो उसे 'अविस्मरणीय सबक' सिखाया जाएगा। इसके साथ ही, एक ईरानी वातार्कार ने यह घोषणा की कि तेहरान अब एक महीने पहले हुए उस अंतरिम समझौते से अपनी प्रतिबद्धताओं को निलंबित कर रहा है, जिसका लक्ष्य युद्ध को स्थायी रूप से समाप्त करना था। ईरान की ओर से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्ताक्षर को भी 'बेकार और अमान्य' बताया गया है।

### तेहरान में लगा 'खून का बदला खून' का सरकारी होर्डिंग

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य व कूटनीतिक तनाव के बीच ईरान की राजधानी तेहरान में एक बेहद आक्रामक सरकारी समर्थित होर्डिंग लगाया गया है। तेहरान के ऐतिहासिक फिलिस्तीन स्क्वायर पर लगाए गए इस विशालकाय होर्डिंग ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नई और गंभीर बहस छेड़ दी है। इस विवादित पोस्टर में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप और उनके पांचों बच्चों को अमेरिकी झंडे से ढके हुए ताबूतों के ऊपर लेटा हुआ दिखाया गया है।

# अमेरिका से समझौते के बाद ईरान में आंतरिक कलह, कट्टरपंथियों ने 'देशद्रोही' और 'बिकाऊ' के लगाए नारे

एजेंसी



**तेहरान।** अमेरिका के साथ हुए सीजफायर और शांति समझौते के बाद ईरान के भीतर आंतरिक सत्ता संघर्ष चरम पर पहुंच गया है। देश के चरम-कट्टरपंथी धड़े 'जेभ-ए-पायदारी' ने राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान और विदेश मंत्री अब्बास अराघची के खिलाफ हिंसक अभियान शुरू कर दिया है। कट्टरपंथियों का आरोप है कि सरकार ने अमेरिका से गुप्त समझौता कर इस्लामिक क्रांति के मूल सिद्धांतों से विश्वासघात किया है। इस बीच, एक सरकारी धार्मिक गायक मोहम्मद अली बख्शी ने जनसभा में राष्ट्रपति को सीधे तौर पर गला काटने की धमकी देते हुए कहा कि अगर सर्वोच्च नेता की शर्तें पूरी नहीं हुईं, तो हमारे हाथ में ब्लेड होगा और सामने आपका गला होगा।

### विदेश मंत्री पर शव यात्रा में पथराव

सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, दिवंगत सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के अंतिम संस्कार के दौरान यह आंतरिक कलह सार्वजनिक हो गई। शव यात्रा में शामिल उग्र भीड़ ने राष्ट्रपति पेजेशकियान के सामने समझौतावादी मुदार्बाद के नारे लगाए। वहीं, अमेरिकी वार्ता का नेतृत्व करने वाले विदेश मंत्री अब्बास अराघची को 'देशद्रोही' और 'बिकाऊ' कहते हुए उन पर पत्थरों से निशाना साधा गया, जिसके बाद उन्हें जान बचाकर भागना पड़ा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह ईरान की ओर से अब तक का सबसे गंभीर आंतरिक टकराव है, जहां निर्वाचित सरकार प्रतिबंधों से राहत चाहती है और कट्टरपंथी पूर्ण युद्ध पर आमादा हैं। इस पूरे सियासी घमासान के बीच नए सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई की रहस्यमयी गैर-मौजूदगी से संशय गहरा गया है। पिता की मृत्यु के बाद से वे जनता के सामने नहीं आए हैं, जिससे उनके छिपने या अस्वस्थ होने की आशंका है।

# स्पीकर के फैसले पर बवाल : टीएमसी और शिव सेना के बागी सांसदों को मान्यता, विपक्ष ने सर्वदलीय बैठक से किया वॉकआउट

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** संसद के मॉनसून सेशन से एक दिन पहले रविवार को कई विपक्षी नेताओं ने सर्वदलीय बैठक से वॉकआउट किया, लेकिन बाद में वे फिर से मीटिंग में शामिल हो गए. उन्होंने अपने वॉकआउट को टीएमसी के बागी गुट के खिलाफ एक सांकेतिक विरोध बताया. संसद के मानसून सत्र से पहले रविवार को सरकार द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में सरकार ने अपने विधायी एजेंडे की रूपरेखा तैयार की. संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, 'संसद का मॉनसून सेशन कल से शुरू हो रहा है. सरकार ने आज सभी पार्टियों के फ्लोर लीडर्स की मीटिंग बुलाई है. हम सभी पॉलिटिकल पार्टियों से अपील करते हैं कि वे इस मॉनसून सेशन को ठीक से चलाने में मदद करें और सहयोग करें. पार्लियामेंट सबकी है. सरकार जो लेजिस्लेटिव काम और बिल पेश करना चाहती है, उसके बारे में मुझे उम्मीद है कि रूलिंग पार्टी और सभी अपोजिशन पार्टियों के मेंबर अच्छे से हिस्सा लेंगे. पार्लियामेंट जितना बेहतर काम करेगी, देश को उतना ही ज्यादा फायदा होगा. मैं एक बार फिर सभी पार्टियों के लीडर्स से अपील करता हूं कि वे सदन को ठीक से चलाएं और इस प्रोसेस में मदद करें. हम अपोजिशन की बात सुनेंगे, और हम उम्मीद करते हैं कि वे भी हमारी बात सुनेंगे.'

मीडिया से बात करते हुए, तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, डीएमके, जेएमएम, आम आदमी पार्टी, नेशनल कॉन्फ्रेंस, लेफ्ट पार्टियां और शिवसेना यूबीटी समेत पूरा विपक्ष, एनसीपीआई को केंद्र के न्योते के खिलाफ ऑल-पार्टी मीटिंग से बाहर चला गया, जिसे उन्होंने 'अनरिकॉग्नाइज्ड पार्टी' बताया. मोइत्रा ने कहा, 'ये तथाकथित बागी सांसद उनके मर्जर को स्पीकर ने मंजूरी नहीं दी है. 20 डिसक्वालिफिकेशन पिटीशन अभी भी पेंडिंग हैं. 91वें अमेंडमेंट के बाद अलग ब्लॉक के लिए कोई जगह नहीं है तो, पार्लियामेंट्री अफेयर्स मिनिस्टर ने इन 20 बागी सांसदों को किस आधार पर इनविटेशन दिया. वे इस मीटिंग में कैसे आ रहे हैं? हमने अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया है और अपने विरोध के सिंबल के तौर पर वॉकआउट किया है. और हम अपनी सभी विपक्षी पार्टियों को धन्यवाद देते हैं.'

कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने आरोप लगाया कि बीजेपी ने 'भगवान राम के साथ धोखा किया है' और सरकार पर लोगों का भरोसा बचाने में नाकाम रहने का आरोप लगाया. तिवारी ने कहा, 'बीजेपी और उसकी सरकार ने भगवान राम के साथ धोखा किया है. उन्होंने सिर्फ डोनेशन ही नहीं चुराया, उन्होंने लोगों की आस्था के साथ डकैती भी की. इसीलिए यह मुख्य मुद्दा है जिसे हम उठा रहे हैं. हमने नीट स्कैंडल और इस बात को हाईलाइट किया है कि 70 से ज्यादा एग्जाम के क्वेश्चन पेपर लीक हुए हैं. ये हालात जानबूझकर बनाए जा रहे हैं. वे पेट्रोल में इथेनॉल मिला रहे हैं, और यह इथेनॉल इंजन को नुकसान पहुंचा रहा है. यह कुछ खास लोगों को पैसा कमाने देने के लिए बनाई गई एक बड़ी साजिश है. इसी तरह, जमीन के घोटाले भी हैं. बीजेपी ने भगवान राम के साथ धोखा किया है. हम सबसे पहले इस मुद्दे को उठाएंगे.'

उन्होंने यह भी कहा, 'बीजेपी या एनडीए सरकार के पास कभी दो-तिहाई बहुमत नहीं था, न है और न होगा.' तृणमूल कांग्रेस के बागी सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय नेशनलिस्ट सिटिजन पार्टी ऑफ इंडिया के नेता के तौर पर मीटिंग में शामिल हुए. मैं आज एनसीपीआई-नेशनलिस्ट सिटिजन पार्टी ऑफ इंडिया के नेता के तौर पर शामिल हो रहा हूँ. क्योंकि पिछले 15 सालों में, सिर्फ मैं ही तृणमूल कांग्रेस पार्लियामेंट्री पार्टी का नेता था. आज मैं एक नई पार्टी को रिप्रेजेंट करूँगा लेकिन नई पार्टी की पॉलिसी भी यही है कि सदन विपक्ष का है.

## संक्षिप्त खबर

### सरगुजा में आकाशीय बिजली का कहर : पेड़ के नीचे मोबाइल देख रहे 4 बच्चों पर गिरी बिजली, 2 की मौत



**बतौली।** सरगुजा जिले में आकाशीय बिजली का कहर लगातार जारी है। शुक्रवार देर शाम लुंड्रा थाना क्षेत्र के ग्राम नागम में हल्की बारिश के दौरान पेड़ के नीचे बैठकर मोबाइल देख रहे चार बच्चे आकाशीय बिजली की चपेट में आ गए। इस दर्दनाक हादसे में दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो सगे भाई गंभीर रूप से झुलस गए। दोनों घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है और उनकी हालत फिलहाल खतरे से बाहर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, मृतकों की पहचान रंजीत नगेशिया (12 वर्ष) और रोशन नगेशिया (12 वर्ष) के रूप में हुई है। वहीं प्रभु राम (11 वर्ष) और उसका सगा भाई दिनेश (13 वर्ष) बिजली गिरने से गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के तुरंत बाद ग्रामीणों ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी। वहीं प्रशासन ने लोगों से बारिश और गरज-चमक के दौरान पेड़ों के नीचे शरण नहीं लेने तथा सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की है। गौरतलब है कि सरगुजा जिले में पिछले एक महीने के भीतर आकाशीय बिजली से अब तक 5 लोगों की मौत हो चुकी है। इससे पहले ग्राम डुमकी में बिजली गिरने से तीन लोगों की जान गई थी, जबकि अब नागम गांव में दो मासूम बच्चों की मौत ने पूरे इलाके को गमगीन कर दिया है।

### कांग्रेस परिसीमन बिल का समर्थन नहीं करने वाली, मीडिया में गलत खबरें फैलाई जा रही हैं : जयराम रमेश



**नयी दिल्ली।** संसद का मॉनसून सत्र 20 जुलाई से शुरू हो रहा है. इसे लेकर आज 19 जुलाई को केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई. बैठक के बाद कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने परिसीमन बिल को लेकर अपनी पार्टी की स्थिति साफ की. उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस प्रस्तावित विधेयक का समर्थन नहीं करने जा रही. कहा कि कुछ मीडिया में दिखाई जा रही खबरें सत्य से परे हैं. जयराम रमेश ने कुछ चैनलों पर प्रसारित खबरों को निराधार करार देते हुए उन मीडिया हाउसों पर हल्ला बोला, जो विपक्ष के रुख के संदर्भ में गलत दावे कर रहे हैं. जयराम रमेश ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, कुछ टीवी चैनल जान-बूझकर ऐसी खबर दिखा रहे हैं कि कांग्रेस ने सर्वदलीय बैठक में परिसीमन विधेयक का समर्थन किया गया है. श्री रमेश ने कहा, यह खबर पूरी तरह से झूठी और मनगढ़ंत है. दरअसल यह चर्चा राजनीतिक गलियारो में तैर रही हैं कि 20 जुलाई से शुरू होने वाले मानसून सत्र में मोदी सरकार एक बार फिर महिला आरक्षण और लोकसभा- विधानसभा की सीटों की संख्या 850 करन वाला परिसीमन बिल पेश कर सकती है. अहम बात यह है कि एस बिल को पास कराने के लिए मोदी सरकार को दो-तिहाई बहुमत चाहिए. याद करें कि अप्रैल में संसद के विशेष सत्र के दौरान नंबर पूरे नंबर न होने की वजह से सरकार बिल पास नहीं करा पायी थी. कहा जा रहा है कि सरकार परिसीमन बिल फिर से पेश कर पास कराने की कवायद में लग गयी है. सूत्रों की मानें तो इस बार सरकार परिसीमन बिल में सभी राज्यों में 50 प्रतिशत सीटों की बढ़ोतरी करने जा रही है. हालांकि, सरकार द्वारा मॉनसून सत्र में परिसीमन बिल पेश किए जाने के बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है.

### मौसम विभाग का नया अपडेट, देश के कई हिस्सों में अगले 6 -7 दिनों तक अच्छी बारिश होगी



**नयी दिल्ली।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने अपने नये अपडेट में जम्मू-कश्मीर सहित लेकर यूपी, बिहार, झारखंड, बंगाल सहित कई राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है. मौसम विज्ञानियों के अनुसार भारत के कई हिस्सों में अगले एक सप्ताह तक मानसून पूरी तरह सक्रिय रहेगा. उत्तर-पश्चिम, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत में अगले 6 -7 दिनों तक अच्छी बारिश का दौर चलेगा. कई क्रम में कई राज्यों में भारी से बहुत भारी बारिश होगी. कुछ स्थानों पर अत्यंत भारी बारिश होने का अनुमान है. हालांकि पश्चिम-मध्य और दक्षिण भारत के अधिकतर इलाकों में बारिश की स्थिति कमजोर बनी रहेंगी. क्टऊ की मानें तो पश्चिम बंगाल और सिक्किम में आज 19 जुलाई को अत्यधिक बारिश हो सकती है. अरुणाचल प्रदेश सहित असम-मेघालय में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होगी. उत्तराखंड में 19-20 जुलाई, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में 20 -21 जुलाई को भारी से बहुत भारी बारिश का अनुमान है. जम्मू-कश्मीर में भारी बारिश शुरू हो गयी है. राजौरी में मूसलाधार बारिश के के कारण निचले इलाकों में पानी भर गया है. बाढ़ जैसे हालात हैं. हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा राजस्थान में व्यापक वर्षा होगी. पूर्वी उत्तर प्रदेश में 24 जुलाई तक कई स्थानों पर भारी बारिश देखने को मिल सकती है. पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 22 से 24 जुलाई के बीच भारी वर्षा होने की संभावना है. मौसम विभाग के अनुसार जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में वज्रपात होने की संभावना है.

### बुलडोजर एक्शन से भड़के अभिषेक बनर्जी, कहा- 2031 में हमारी सरकार बनी तो बीजेपी के दफ्तर ऐसे ही तोड़ेंगे

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के आमतला में तृणमूल कांग्रेस के कार्यालय पर बुलडोजर एक्शन से डायमंड हार्बर के सांसद अभिषेक बनर्जी बौखला गये हैं. शनिवार को हुए इस एक्शन पर रविवार को टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव ने प्रतिक्रिया दी. कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के अधीन काम कर रही बंगाल पुलिस अब कानून तोड़ने वाली एजेंसी बन गयी है. उन्होंने इस पूरी ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पर कहा कि यह प्रशासनिक कार्रवाई नहीं, वर्दी में चोरी है. शनिवार को जिला प्रशासन ने आमतला स्थित अभिषेक बनर्जी के कार्यालय के सामने वाले हिस्से को बुलडोजर से तोड़ दिया था. अधिकारियों का दावा है कि इस भवन के हिस्से का निर्माण बिना किसी स्वीकृत भवन योजना के और नियमों का पूरी तरह से उल्लंघन करके किया गया था. राज्य सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह कार्रवाई पूरी तरह कानून के तहत और निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए की गयी है. इसके पीछे कोई भी राजनीतिक प्रतिशोध या मंशा नहीं थी. पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे और डायमंड हार्बर से 3 बार के सांसद अभिषेक बनर्जी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके अपनी नाराजगी जाहिर की.

# बनारस में दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता, जन्मदिन पर लिया बाबा विश्वनाथ का आशीर्वाद

एजेंसी



**वाराणसी।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अपने जन्मदिन पर दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी में हैं. यह उनका धार्मिक दौरा है, जहां उन्होंने वाराणसी पहुंचकर सबसे पहले मां विंध्यवासिनी के दरबार में हाजिरी लगाई और उसके बाद गंगा आरती में शामिल हुईं. आज दूसरे दिन उन्होंने बाबा काल भैरव का आशीर्वाद लेने के साथ बाबा विश्वनाथ के दरबार में मत्था टेका. इस मौके पर वे बनारसी रंग में रंगी नजर आईं, उन्होंने काशी की प्रसिद्ध चाय के साथ मक्खन टोस्ट का भी आनंद लिया. बता दें कि, अपने जन्मदिन के मौके पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सपरिवार वाराणसी आईं हैं, जहां आज वह सबसे पहले बाबा काल भैरव के दरबार पहुंचीं. रास्ते में पार्टी कार्यकताओं के जरिए उनका स्वागत किया गया. उसके बाद काल भैरव में उन्होंने विशेष दर्शन पूजन किया. बाबा कोतवाल का आशीर्वाद लेकर वह बाबा विश्वनाथ के दरबार की ओर रवाना हुईं, जहां उन्होंने हाजिरी लगाई. इस मौके पर उन्होंने विशेष पूजा अर्चना की और कॉरिडोर का भ्रमण किया.

### बोलीं-बाबा विश्वनाथ के लिए आए हैं काशी

मीडिया से बातचीत में सीएम ने कहा कि, अपने जन्मदिन के मौके पर वह प्रभु का आशीर्वाद लेने यहां आई हैं. उनका यह दौरा पूरी तरह से धार्मिक है. यहां आकर उन्हें बेहद सुकून मिल रहा है. उन्होंने कहा कि बाबा विश्वनाथ से हमने समस्त दिल्लीवासियों और देशवासियों के लिए आशीर्वाद की कामना की हैं. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व की सराहना करते हुए कामना की कि उनके मार्गदर्शन में देश आगे बढ़ता रहे. दिल्ली विकास के नए आयाम छुए. रेखा गुप्ता ने अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान वाराणसी के नागरिकों से मिले अपार स्नेह, प्यार और आत्मीय स्वागत के लिए दिल से धन्यवाद दिया. बताते चलें कि बाबा विश्वनाथ में दर्शन-पूजन के बाद उन्होंने वाराणसी के अत्यंत प्रसिद्ध 'लक्ष्मी चाय भंडार' पर रुककर वहां की स्पेशल चाय का आनंद लिया और दुकान के संचालक के प्रति विशेष रूप से आभार ज्ञापित किया.

# सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल पर अन्ना हजारे ने कहा- केंद्र को करनी चाहिए बातचीत

एजेंसी



**अहिल्यानगर।** वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार को एजुकेशनिस्ट सोनम वांगचुक से बातचीत करनी चाहिए. हजारे ने एक वीडियो मैसेज में कहा, 'सरकार को उनकी लिमिट नहीं टेस्ट करनी चाहिए. (उनकी मांगों पर) हां या ना कहो, लेकिन बातचीत करने में क्या गलत है.' वांगचुक नीट पेपर लीक स्कैंडल को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं. जंतर-मंतर पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल के 21वें दिन उनकी तबीयत बिगड़ने के बाद शनिवार को दिल्ली पुलिस ने उन्हें एक सरकारी अस्पताल में शिफ्ट किया था. गौरतलब है कि लोकपाल एक्ट के लिए दिल्ली में अन्ना हजारे की भूख हड़ताल ने 2011 में यूपीए सरकार को हिलाकर रख दिया था. दरअसल नीट एग्जाम पेपर लीक को लेकर मामला तूल पकड़ा और बाद में कॉकरोज जनता पार्टी ने यह आंदोलन शुरू किया. इसके बाद सोनम वांगचुक इस आंदोलन में शामिल हो गए.

### सरकार से ध्यान देने की अपील

सोनम वांगचुक जंतर-मंतर पर भूख हड़ताल पर थे. हालांकि, शनिवार को कॉकरोज जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके ने आरोप लगाया कि दिल्ली पुलिस ने अचानक उन्हें जबरदस्ती अस्पताल में भर्ती करा दिया. इस घटना के बाद अभिजीत दीपके ने खुद घोषणा की कि उन्होंने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी है. वरिष्ठ समाजसेवी अन्ना हजारे ने इन सभी मुद्दों पर प्रतिक्रिया दी है और सरकार से ध्यान देने की अपील की है.

### बातचीत से मसले सुलझाने की कोशिश

अन्ना हजारे ने राय दी कि किसी भी मसले को झगड़े के बजाय बातचीत और सुलह से सुलझाना बेहतर है. अहिल्यानगर में मीडिया से बातचीत करते हुए अन्ना हजारे ने कहा, 'यह दुख की बात है कि पुलिस ने सोनम वांगचुक को उठा लिया. असल में कोई भी मसला बातचीत और चर्चा से सुलझाया जा सकता है. मैंने अपनी जिंदगी में कई प्रोटेस्ट और अनशन किए हैं, लेकिन ऐसा समय मेरे सामने कभी नहीं आया.' उन्होंने आगे कहा, 'डेमोक्रेसी में बातचीत जरूरी है. अगर आप समाज को साथ लेकर चलना चाहते हैं, अगर आप लोगों का भरोसा जीतना चाहते हैं, तो आपको झगड़े के बजाय बातचीत से मसले सुलझाने की कोशिश करनी चाहिए.'

# सोनम वांगचुक को निजी अस्पताल भेजने से हाईकोर्ट का इनकार, सफदरजंग में ही जारी रहेगा इलाज

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने रविवार को सामाजिक और जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को सफदरजंग अस्पताल से निजी अस्पताल में ट्रांसफर करने की मांग पर तत्काल राहत देने से इनकार कर दिया है. जस्टिस मिनी पुष्करणा ने कहा कि फिलहाल इस मामले में किसी अंतरिम आदेश की जरूरत नहीं है. कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 24 जुलाई तय की है. वांगचुक की पत्नी डॉ. गीतांजलि जे. आंगमो की याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार, सफदरजंग अस्पताल और दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है. याचिका में वांगचुक को उनकी पसंद के निजी अस्पताल में ट्रांसफर करने की अनुमति देने की मांग की गई है.

### डॉक्टर लगातार कर रहे हैं निगरानी- कोर्ट

सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कहा कि सफदरजंग अस्पताल के डॉक्टर लगातार सोनम वांगचुक की स्वास्थ्य निगरानी कर रहे हैं. ऐसे में यह नहीं कहा जा सकता कि उनके साथ किसी तरह की जबरदस्ती की जा रही है. अदालत ने यह भी माना कि जंतर-मंतर से उन्हें अस्पताल ले जाने की सरकारी कार्रवाई को प्रथम दृष्टया मनमाना नहीं कहा जा सकता. जस्टिस पुष्करणा ने कहा कि वांगचुक की पत्नी, उनके भाई और अन्य परिजनों को उनसे 24 घंटे मिलने की अनुमति दी गई है. अदालत ने यह भी साफ किया कि यदि जरूरत हुई और वांगचुक खुद तैयार होंगे, तो वे डॉक्टरों के इलाज में सहयोग करेंगे. केंद्र सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा ने अदालत में कहा कि सफदरजंग अस्पताल के डॉक्टर वांगचुक का उचित इलाज कर रहे हैं और इस पर संदेह की कोई वजह नहीं है.

### सोनम वांगचुक की पत्नी ने कहा- 'सफदरजंग अस्पताल पर भरोसा नहीं, कहीं और करें शिफ्ट'

जंतर-मंतर पर करीब बीस दिनों तक अनशन पर बैठने वाले सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि आंग्मो ने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर कर सफदरजंग अस्पताल से उन्हें तुरंत रिहा करने या किसी दूसरे अस्पताल में शिफ्ट करने की मांग की है. गीतांजलि ने आरोप लगाया है कि वांगचुक को उनके परिवार, वकीलों और उनके निजी डॉक्टरों से अलग रखकर अवैध रूप से हिरासत में रखा गया है. याचिका पर आज यानि 19 जुलाई रविवर को ही तुरंत सुनवाई करने की मांग की गई है. याचिका में कहा गया है कि सोनम वांगचुक को 18 जुलाई की सुबह जंतर-मंतर से दिल्ली पुलिस ने उठा लिया और बिना उनकी सहमति के उन्हें सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया. याचिका में कहा गया है कि सोनम वांगचुक के खिलाफ बिना किसी आपराधिक केस दर्ज किए या किसी कोर्ट से गिरफ्तारी या निरोधात्मक कार्रवाई करने के आदेश के अस्पताल में लगातार रखना गैरकानूनी है. उन्हें चिकित्सकीय हस्तक्षेप की आड़ में हिरासत में रखा गया है. ऐसा केवल शांतिपूर्ण प्रदर्शन से हटाने के लिए किया गया है.

### कर्नाटक में हादसा : 'जिपलाइन' राइड के दौरान टूटा लॉक, 40 फीट की ऊंचाई से गिरा युवक

**कारवार (कर्नाटक)।** जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल दांदेली के एक 'रिसॉर्ट' में जिपलाइन राइड के समय एक भयानक हादसा हो गया. विजयपुरा का रहने वाला एक युवक 30-40 फीट की ऊंचाई से नीचे गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल युवक की पहचान विजयपुरा शहर के निवासी कुबेर सुरपुरा के रूप में हुई है. यह घटना 3 जुलाई की है. कुबेर अपने भाई प्रशांत के साथ दांदेली के रिसॉर्ट में आया था. यह खौफनाक मंजर उसके भाई के मोबाइल फोन में कैद हो गया. कुबेर जब ज़िपलाइन पर जा रहा था, तभी उसका लॉक अचानक टूट गया. इसके चलते वह सीधे करीब 30 से 40 फीट की ऊंचाई से नीचे गिर गया. इस भयानक दुर्घटना का लाइव वीडियो नीचे खड़े उसके भाई प्रशांत ने अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया. ईटीवी भारत वीडियो के सही होने की पुष्टि नहीं करता है. हादसे के तुरंत बाद घायल युवक को दांदेली के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया. इसके बाद, उसे आगे के इलाज के लिए विजयपुरा के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया. इतनी ऊंचाई से गिरने के कारण कुबेर के दोनों हाथों और पैरों की हड्डियां टूट गईं. उसकी नसें भी गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गई हैं. फिलहाल उसकी हालत गंभीर बनी हुई है. फिलहाल, महाराष्ट्र के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है. एक सर्जरी हो चुकी है. डॉक्टरों ने कुछ और सर्जरी करने की सलाह दी है.

# राम मंदिर चंदे की चोरी पर राहुल-खड़गे ने पीएम मोदी को लिखा पत्र, कहा- आपकी चुप्पी मंजूर नहीं

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** अयोध्या राम मंदिर में दान की कथित चोरी को लेकर मचे विवाद के बीच, कांग्रेस नेता राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर 'श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट' के वित्तीय मामलों की जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि अपनी मेहनत की कमाई आस्था के साथ दान करने वाले लाखों श्रद्धालु चोरी से ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। संसद के दोनों सदनों में विपक्ष के नेताओं ने अपने पत्र में कहा कि आप श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट में हजारों करोड़ रुपये की चोरी के बारे में जानते हैं। जिन लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था, भक्ति और भरोसे के साथ अपनी मेहनत की कमाई दान की थी, वे इस चोरी से खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री से कहा कि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शों पर संसद में ट्रस्ट बनाने की घोषणा की थी, लेकिन इसके सदस्य पूरी तरह से उनकी सरकार ने ही नियुक्त किए थे। उन्होंने कहा कि आपने भारत के सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शों पर संसद में ट्रस्ट बनाने की घोषणा की थी, लेकिन इसके सदस्य पूरी तरह से आपकी सरकार ने ही नियुक्त किए हैं। यह बात सबको पता है कि ट्रस्ट के सदस्य आरएसएस, वीएचपी और उनसे जुड़े संगठनों से जुड़े हुए हैं। इसके बदनाम पूर्व जनरल सेक्रेटरी भी आपके करीबी सहयोगी थे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री की चुप्पी स्वीकार्य नहीं है और उनसे जवाबदेही तय करने और भरपाई सुनिश्चित करने की मांग की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि ऐसे अपराध के मामले में आपकी चुप्पी मंजूर नहीं है। जवाबदेही तय करना और नुकसान की भरपाई सुनिश्चित करना आपकी ज़िम्मेदारी है। हम आपसे आग्रह करते हैं कि आप ट्रस्ट के वित्तीय मामलों की तुरंत एक स्वतंत्र और व्यापक जांच का आदेश दें।



# 'द इंडिया स्टोरी' 24 को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

**मुंबई।** काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े की फिल्म 'द इंडिया स्टोरी' काफी समय से चर्चा में हैं। पिछले महीने निर्माताओं ने इसका टीजर और पोस्टर जारी किए थे, जिसने रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित करने वाले विषय को जनता के सामने लाने का संकेत दिया था। जी स्टूडियोज और एमआईजी प्रोडक्शन एंड स्टूडियोज द्वारा निर्मित फिल्म का निर्देशन चेट्टन डीके ने किया है। फिल्म में काजल वकील के किरदार में हैं, जबकि श्रेयस एक लाचार पिता के रूप में बेटी के लिए न्याय की लड़ाई लड़ रहा है। फिल्म 24 जुलाई को हिंदी, तेलुगु और तमिल में दुनियाभर के सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

लाइफ Style

# प्रकृति

## दो साल में ही टूटा रिश्ता

अगस्त 2024 में प्रकृति घर छोड़कर चली गईं, जिसके बाद दोनों ने अपने रिश्ते को सौहार्दपूर्ण तरीके से खत्म किया। काम के मोर्चे पर उन्हें कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ा। मार्च में उनका शो 'शहजादी है तू दिल की' कम टीआरपी के कारण बंद हो गया था।

'सैयाराब' सीरियल से मशहूर हुईं अभिनेत्री प्रकृति नौटियाल अपनी 2 साल पुरानी शादी को खत्म करने जा रही हैं। यह जोड़ा, जिसने 6 महीने के छोटे से रोमांस के बाद साल 2024 के वेलेंटाइन डे पर शादी की थी, अब अलग होने का फैसला कर चुका है। उनके बीच कुछ भी ठीक नहीं चल रहा था। उन्होंने आपसी सहमति से तलाक के लिए अर्जी दाखिल कर दी है और अब उनकी अगली कोर्ट की तारीख नवंबर में तय है।

***प्रकृति ने अगस्त 2024 में छोड़ा था घर :*** अगस्त 2024 में प्रकृति घर छोड़कर चली गईं, जिसके बाद दोनों ने अपने रिश्ते को सौहार्दपूर्ण तरीके से खत्म किया। काम के मोर्चे पर उन्हें कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ा। मार्च में उनका शो 'शहजादी है तू दिल की' कम टीआरपी के कारण बंद हो गया था।

उन्होंने बताया था कि उन्हें महसूस हुआ कि मूल कहानी से बंधे रहना उन्हें सीमित कर रहा था। शो का अचानक बंद होना उन्हें बहुत दुखी कर गया था।' उन्होंने कहा था, 'यह वाकई निराशाजनक और दिल तोड़ने वाला था।'



हॉलीवुड मसाला



# द ओडिसी... का रिकॉर्ड तोड़ने को तैयार

**लॉस एंजिल्स।** क्रिस्टोफर नोलेन की नई फिल्म 'द ओडिसी' 17 जुलाई को भारत के सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है और इसकी एडवांस बुकिंग में भी जबरदस्त हलचल देखी जा रही है। फिल्म के टिकट 150 रुपये से शुरू होकर प्रीमियम सीटों के लिए 3,400 रुपये तक जा रहे हैं। दर्शकों में फिल्म को लेकर कितनी दीवानगी है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है। होमर की क्लासिक कहानी से प्रेरित इस महाकाव्य एडवेंचर में मैट डैमन मुख्य भूमिका में हैं। जानकारों का मानना है कि यह फिल्म क्रिस्टोफर की पिछली ब्लॉकबस्टर 'ओपेनहाइमर' से भी बड़ी ब्लाकबस्टर फिल्म साबित होगी।



# गोलम की कास्टिंग पर एंडी सरकिज का दो टूक जवाब

**लॉस एंजिल्स।** 'द हंट फॉर गोलम' में मुख्य भूमिका निभा रहे एंडी सरकिज ने फिल्म की पूरी तरह से श्वेत कास्ट को लेकर हो रहे विरोध पर अपनी बात रखी है। उन्होंने बताया कि कास्टिंग टॉल्किन के मूल विजन के मुताबिक की गई है, जो नॉर्डिक पौराणिक कथाओं से प्रेरित है। एंडी ने कहा, 'द शायर एक ऐसा इलाका है, जो पूरी तरह से श्वेत दिखता है। उन्हें शायर की सीमाओं से बाहर क्या हो रहा है, इसकी खास परवाह नहीं होती, लेकिन वे किसी भी बाहरी व्यक्ति को अंदर नहीं आने देना चाहते।' हालांकि, उन्होंने यह भी साफ किया कि जहां जरूरी होगा, वहां इस मुद्दे पर जरूर ध्यान दिया जाएगा। 'द हंट फॉर गोलम' बिल्बो के जन्मदिन और फ्रोडो के शायर छोड़ने के बीच के 17 साल के अंतराल को दिखाती है।



# इस फिल्म से कहलाई थी एक्शन की रानी

**मुंबई।** अभिनेत्री कैटरीना कैफ 16 जुलाई, 2026 को 43 साल की हो गई हैं। फिलहाल वह बीते कुछ साल से सिनेमा से दूर चल रही हैं और अपना पूरा समय पति विक्की कौशल व बेटे विहान कौशल को दे रही हैं, लेकिन फैंस उनकी वापसी की राह तक रहे हैं। इस बीच, हम आपको कैटरीना की उस फिल्म के बारे में बताएंगे जिसने बॉक्स ऑफिस पर तबाही लाकर रख दी। लोगों ने अभिनेत्री को 'एक्शन की रानी' कहना शुरू कर दिया। यहां जिस फिल्म की बात हो रही है, उसका नाम 'टाइगर जिंदा है' (2017) है। यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स के बैनर तले बनी इस फिल्म में सलमान खान मुख्य किरदार में नजर आए थे। यह 'टाइगर' फ्रैंचाइजी की दूसरी कड़ी है, जिसमें कैटरीना ने अपने किरदार 'जोया' (पाकिस्तानी आईएसआई एजेंट) के रूप में दमदार वापसी की थी।



# सनी अपने बेटे राजवीर को बनाएंगे एक्शन हीरो

**मुंबई।** सनी देओल आगामी फिल्म 'बटवारा 1947' को लेकर चर्चा में हैं, जो अगले महीने 28 अगस्त को सिनेमाघरों में आएगी। इसमें उनके बेटे करण देओल भी अहम किरदार में नजर आने वाले हैं। इस बीच, खबर है कि सनी अपने दूसरे बेटे राजवीर देओल को दोबारा सिनेमा की दुनिया में उतारने की तैयारी में हैं। इसके लिए वह 1985 में रिलीज हुई अपनी सुपरहिट फिल्म 'अर्जुन' का सहारा लेंगे, जिसमें राजवीर बतौर हीरो नजर आ सकते हैं। सनी अपनी फिल्म 'अर्जुन' का रीमेक बनाने जा रहे हैं, जिसमें उनके दूसरे बेटे राजवीर मुख्य भूमिका में होंगे। राहुल रवैल द्वारा निर्देशित ये एक सामाजिक-राजनीतिक एक्शन ड्रामा थी। उन्होंने बताया कि फिल्म के अधिकार करीम मोरानी और उनके साथी सुनील (बंटी) सूरमा के पास थे।

टीवी मसाला




# 'कौन बनेगा करोड़पति 18' की डेट का ऐलान, अमिताभ ही संभालेंगे कमान

**मुंबई।** मेगास्टार अमिताभ बच्चन कौन बनेगा करोड़पति सीजन 18 के साथ छोटे पर्दे पर वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह इस पॉपुलर क्विज शो के 18वें सीजन को होस्ट करते नजर आएंगे। नए सीजन में देश के अलग-अलग हिस्सों से आए कंटेस्टेंट्स का मशहूर 'हॉट सीट' पर स्वागत किया जाएगा। यह शो ग्रैंड प्राइज जीतने के मौके के लिए उनकी जानकारी और स्किल्स को परखेगा। सोनी टीवी ने सोशल मीडिया पर कई प्रोमो शेयर कर इसके नए फॉर्मेट के बारे में भी बताया है, जो बहुत ही खास होने वाला है। इस बार कंटेस्टेंट्स को सोचना पड़ेगा। 'कौन बनेगा करोड़पति 18' का प्रीमियर 10 अगस्त को होगा।

# जिस्सू 'बहुरूपी' में इंस्पेक्टर अयान बनकर मचाएंगे धमाल

*जिस्सू सेनगुप्ता एक बार फिर पर्दे पर लौटे हैं। इस बार वह 'बहुरूपी' के सीक्वल 'बहुरूपी: द गोल्डन डाकू' में इंस्पेक्टर अयान बनर्जी का किरदार निभा रहे हैं। निर्देशक नंदिता रॉय और शिबोप्रसाद मुखर्जी ('पोस्टो' और 'बाबा बेबी ओ' जैसी फिल्में बनाने वाले) के साथ जिस्सू दोबारा जुड़े हैं।*

**मुंबई।** रथ यात्रा के खास मौके पर फिल्म से जिस्सू का पहला लुक सामने आया। इस लुक में वह पुलिस की वर्दी, एविएटर चश्मा और मोटरसाइकिल पर सवार, एक सख्त और दमदार अवतार में दिखे। फैंस को उनके इस नए अंदाज की झलक मिल गई।

***शिबोप्रसाद ने फिल्म को रथ यात्रा से जोड़ा :*** इस लुक ने यकीनन फिल्म के एक दमदार और रोमांचक नए अध्याय की नींव रख दी है। निर्देशक शिबोप्रसाद ने बताया कि 'रथ यात्रा के इस शुभ दिन पर भगवान जगन्नाथ को याद करते हुए, हमने अपने इस सफर की शुरुआत कर दी है।' यह फिल्म इंस्पेक्टर बनर्जी के इर्द-गिर्द ढेर सारे एक्शन और ड्रामा से भरपूर होने का वादा करती है। इसकी रिलीज को लेकर दर्शकों में अभी से जबरदस्त उत्साह है।




# रणवीर ने छुपाया 'प्रलय' का लुक

## 300 करोड़ की फिल्म में मचाएंगे तहलका

**मुंबई।** रणवीर सिंह हंसल मेहता के ऑफिस के बाहर काले कपड़ों में ढके दिखाई दिए। उन्होंने अपने सिर पर कैप, मास्क और चश्मा लगा रखा था, ताकि कोई उनकी आने वाली फिल्म 'प्रलय' के नए लुक को देख न सके। पैपराजी के लिए रुककर पोज देने के बजाय, उन्होंने सवालों पर ध्यान नहीं दिया। जब किसी ने मजाक में पूछा, 'बाबा नाराज हो क्या?', तो बस मुस्कुराते हुए तेजी से वहां से निकल गए।

### रणवीर बनेंगे 'प्रलय' के सह-निर्माता

कहानी पर बनी एक पोस्ट-एपोकलिप्टिक थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन जय मेहता कर रहे हैं। इस फिल्म में रणवीर कल्याणी प्रियदर्शन के साथ मुख्य भूमिका में दिखेंगे। साथ ही, वे अपनी कंपनी 'मां कसम फिल्म्स' के बैनर तले फिल्म के सह-निर्माता भी हैं। 300 करोड़ रुपये के बड़े बजट वाली यह फिल्म रणवीर के करियर की अब तक की सबसे महंगी सोलो फिल्म होगी। फिल्म की शूटिंग अगस्त में शुरू होगी और सितंबर में ऑस्ट्रेलिया में इसके कई अहम हिस्सों की शूटिंग की जाएगी।






हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रत्नेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.